*     ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

12 अक्टूबर, 2023
अश्विन, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 352

भारत-पाक वर्ल्ड कप मैच 14 अक्टूबर को अहमदाबाद में है। मैच देखने अमिताभ, रजनीकांत, सचिन तेंदुलकर आयेंगे।






# गार्ड ऑफ ऑनर के साथ कार्डिनल टोप्पो की अंतिम विदाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**



- लोयला मैदान में मिस्सा आयोजन के बाद विधि संस्कार हुआ
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई गणमान्य लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**रांची।** कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के पार्थिव शरीर का राजकीय सम्मान के साथ दफन संस्कार किया गया। इससे पहले उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। दिवंगत कार्डिनल की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। विधि विधान की प्रक्रिया अपनायी गयी। मौके पर सीएम हेमंत सोरेन, सांसद महुआ माजी, नेहा शिल्पी तिर्की, धर्म गुरु बंधन तिग्गा मौजूद थे। इससे पहले कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का पार्थिव शरीर बुधवार को लोगों के अंतिम दर्शन के लिए संत मरिया महागिरजा चर्च से लोयला मैदान लाया गया।

शव यात्रा के साथ हजारों अनुआई थे। यहां धर्माध्यक्ष विशप फेलेक्स टोप्पो, संत मरिया महागिरजा चर्च के पुरोहित आनंद डेविड खलखो, फादर जार्ज, बिशप आनंद जोजो अगुवाई कर रहे थे। दोपहर 2 बजे लोयला मैदान में मिस्सा का आयोजन किया गया। यहां दिन के 3 बजे तक विधि संस्कार आयोजित किया गया। इससे पहले सुबह 6 से 12 बजे तक कार्डिनल टोप्पो का पार्थिव शरीर लोगों के अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। मालूम हो कि कार्डिनल टोप्पो का देहांत 4 अक्टूबर को मांडर के लिवंस हॉस्पिटल में 84 साल की उम्र में हो गया था. 10 अक्टूबर को पार्थिव शरीर संत मरिया महागिरजा चर्च लाया गया। यहां लगभग तीन घंटे उनकी आत्मा की शांति के लिए विशेष विनती की गयी।

## झारखंड हाइकोर्ट में मुख्यमंत्री की याचिका पर हुई सुनवाई

# हेमंत सोरेन गवाह या आरोपी समन से साफ नहीं : चिदंबरम

- इडी के समन के खिलाफ हेमंत सोरेन गये हैं कोर्ट
- अगली सुवाई 13 अक्टूबर को होगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तरफ से बुधवार को झारखंड हाइकोर्ट को बताया गया कि प्रवर्तन निदेशालय (इडी) द्वारा जमीन घोटाला मामले में उन्हें भेजा गया समन अनुचित है। हेमंत सोरेन के वकील पी चिदंबरम ने हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की पीठ को बताया कि यह साफ नहीं है कि हेमंत सोरेन को भेजा गया समन बतौर गवाह भेजा गया है या फिर आरोपी। पी चिदंबरम ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये सुनवाई में शिरकत की। अब हाइकोर्ट 13 अक्तूबर को इस मामले में सुनवाई करेगा।




### सीएम के वकील ने क्या कहा

बहस के दौरान सीएम की ओर से कहा गया कि मेरे खिलाफ कोई आपराधिक मामला नहीं बनता है। ना ही इडी ने कोई प्राथमिकी इस मामले में दर्ज की है। ऐसे में एजेंसी के समन से यह साफ नहीं हो पा रहा है कि यह समन एक मुख्यमंत्री के तौर पर किया जा रहा है या फिर एक आरोपी के तौर पर। इडी का यह समन इस आधार पर ही सही नहीं है।

### इडी के वकील ने क्या कहा

इस मामले में इडी की तरफ से असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया (एएसजी) एसवी राजू पक्ष ने पक्ष रखते हुए कहा कि प्रिडिकेट ओफेंस का मामला है। इडी की धारा 50 और 63 को चुनौती दी गयी, जिसे विजय मदनलाल चौधरी के केस में सुप्रीम कोर्ट तय कर चुका है। उन्होंने मामले पर विस्तार से बहस करने के लिए कुछ समय मांगा, जिसे अदालत ने अस्वीकार कर दिया। इडी की ओर से वकील अमित कुमार दास भी पेश हुए।

### 13 को होगी अगली सुनवाई

गौरतलब है कि इडी जमीन घोटाले मामले में मुख्यमंत्री को अब तक पांच बार समन भेज चुकी है। हेमंत सोरेन समन के खिलाफ पहले सुप्रीम कोर्ट गये। वहां से उन्हें हाइकोर्ट में जाने के लिए कहा गया। इसके बाद हेमंत ने झारखंड हाइकोर्ट में याचिका दायर की। इस पर बुधवार को सुनवाई हुई। अब इस मामले में कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख 13 अक्टूबर को दी है। इडी की ओर 13 अक्टूबर को बहस की जायेगी।

### लीज आवंटन मामले पर 29 नवंबर को होगी सुनवाई

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लीज आवंटित करने की जांच की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ ने सुनवाई के बाद प्रार्थी की ओर से लगाये गये आरोपों के संबंध में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले में अगली सुनवाई 29 नवंबर को होगी।

# झारखंड में मॉब लिंचिंग प्रभावितों के लिए है मुआवजे का प्रावधान

## 2018 में अधिसूचित प्रावधान की जानकारी अफसरों को भी नहीं

**अजय शर्मा**

**रांची।** झारखंड सरकार ने भीड़ हिंसा और मॉब लिंचिंग के प्रभावितों के लिए मुआवजे का प्रावधान कर रखा है, लेकिन आश्चर्य की बात है कि इसकी जानकारी आम लोगों और निचले स्तर के सरकारी कर्मियों को तो छोड़िये, अधिकांश अधिकारियों को भी नहीं है। इसलिए इस प्रावधान का लाभ दिलाने की न तो पहल की जाती है और न ही प्रभावित लोग इसके लिए दावा ही कर पाते हैं।

**क्या है मामला :** सुप्रीम कोर्ट ने तहसीन एस पूनावाला बनाम भारत सरकार व अन्य के मामले में 17 जुलाई 2018 को निर्देश दिया था कि देश के सभी राज्यों को मॉब लिंचिंग और भीड़ हिंसा के पीड़ितों के लिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 357 (ए) के तहत प्रतिकर स्कीम बना कर लागू की जाये।

सुप्रीम कोर्ट के इस निर्देश के अनुरूप झारखंड सरकार के गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 23 जुलाई, 2018 को एक अधिसूचना जारी की। इसमें कहा गया था कि झारखंड पीड़ित प्रतिकर (संशोधन) स्कीम, 2016 में आवश्यक सुधार कर इसके प्रावधानों को मॉब लिंचिंग और भीड़ हिंसा के प्रभावितों के लिए भी लागू किया जा रहा है।

### किस अपराध के लिए कितना मुआवजा

| | |
|---|---|
| मौत | 02 लाख |
| स्थायी विकलांगता (80 फीसदी या अधिक) | 02 लाख |
| आंशिक विकलांगता (40 फीसदी से 80 फीसदी) | 01 लाख |
| शरीर 25 फीसदी से अधिक जलना | 02 लाख |
| अंग हानि के कारण 40 फीसदी से कम विकलांगता | 10 हजार |
| पुनर्वास के लायक प्रत्येक पीड़ित | 50 हजार |
| बाल पीड़ित की साधारण हानि | 10 हजार |

### बहुत कम लोगों को है इसकी जानकारी

आश्चर्य की बात है कि इस प्रावधान की जानकारी झारखंड सरकार के बहुत कम अफसरों को है। निचले स्तर के कर्मी तो इससे पूरी तरह अंजान हैं। इतना ही नहीं, मुआवजे की प्रक्रिया शुरू करने और फिर अनुशंसा करने के लिए जिम्मेवार कर्मियों को भी इसकी जानकारी नहीं है। इस कारण इस प्रावधान का लाभ किसी को नहीं मिल सका है।

### जटिल है मुआवजा पाने की प्रक्रिया

इस अधिसूचना में मुआवजा पाने की जो प्रक्रिया तय की गयी है, वह बेहद जटिल है। पहली शर्त यह है कि घटना के 48 घंटे के भीतर इसकी सूचना पीड़ित या उसके आश्रित द्वारा संबंधित थाने या मजिस्ट्रेट को दी जानी चाहिए। वहां से दो महीने के भीतर जांच पूरी तक उसे संबंधित जिला विधिक सहायता प्राधिकार को भेजा जाना चाहिए, जिसकी रिपोर्ट मिलने पर ही पीड़ित को मुआवजा राशि का भुगतान किया जायेगा। इतना ही नहीं, एक शर्त यह भी है कि मामले का अंतिम निष्पादन होने तक पीड़ित या प्रभावित परिवार हमेशा पुलिस और सरकार का सहयोग करेगा।







# मुख्यमंत्री हेमंत खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को आज करेंगे सम्मानित

राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और ओलंपिक खेलों में राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को मिलेगी सम्मान राशि

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य में खेलों के लिए उत्साहजनक वातावरण तैयार करने में लगे हैं। मुख्यमंत्री अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य को गौरवान्वित करनेवाले खिलाड़ियों और उनके प्रशिक्षकों को प्रोत्साहित करने के लिए गुरुवार को खेलगांव में सम्मान राशि देकर सम्मानित करेंगे। सम्मान राशि पानेवालों में ओलंपिक खेलों सहित विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेलों में राज्य का प्रतिनिधित्व करनेवाले और प्रतियोगिता में स्वर्ण, रजत तथा कांस्य पदक प्राप्त करनेवाले खिलाड़ी तथा इनके प्रशिक्षक शामिल हैं। मुख्यमंत्री द्वारा इस समारोह में 19 खेलों के लिए 222 खिलाड़ियों और 15 खेलों के 52 प्रशिक्षकों को सम्मान राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जायेगी। पुरस्कार पानेवालों में सबसे अधिक फुटबॉल के 55 खिलाड़ी, हॉकी के 39, वूशु के 24, आर्चरी के 23, तायकांडो के 17, रेसलिंग के 13, लॉन बॉल के 11, एथलीट के 11 अन्य अन्य खेलों के कुल 222 खिलाड़ी शामिल हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर झारखंड खेल नीति-2022 के तहत पुरस्कार प्राप्त करने वाले राज्य के खिलाड़ियों को मिलने वाली सम्मान राशि (नकद पुरस्कार राशि) को बढ़ाने का प्रावधान किया गया है।

### विश्व कपः भारत की लगातार दूसरी जीत

## अफगानिस्तान को आठ विकेट से हराया

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** भारत ने विश्व कप-2023 में लगातार दूसरी जीत दर्ज कर ली है। टीम ने अफगानिस्तान को 8 विकेट से हराया। भारत ने पहला मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 6 विकेट से जीता था। इस जीत के साथ टीम इंडिया के चार अंक हो गये। भारतीय टीम अंक श्रेणी में दूसरे नंबर पर पहुंच गयी। बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में अफगानिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए 8 विकेट पर 273 रन बनाये। टीम इंडिया ने 35 ओवर में ही टारगेट हासिल कर लिया। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने 63 गेंद पर शतक लगाया। उन्होंने 131 रन की पारी खेली। पहली पारी में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 4 विकेट लिये।

## न्यूज रील्स

### 81 के अमिताभ बच्चन पर 1750 करोड़ का दांव

मुंबई। सदी के महानायक अमिताभ बच्चन बुधवार को 81 साल के हो गये। उम्र के इस पड़ाव पर भी अमिताभ के पास पांच बड़ी फिल्में हैं, जिनके जरिये उन पर करीब 1750 करोड़ का दांव लगा है। इतना दांव इस समय तक शाहरुख खान, सलमान खान, आमिर खान और रजनीकांत पर भी नहीं लगा है।

### इजराइल ने फास्फोरस बम से हमला किया

इजराइल। इजराइल-हमास जंग का बुधवार को पांचवां दिन था। इस बीच इजराइल ने फिलिस्तीन पर फास्फोरस बम दागे हैं। फिलिस्तीन की न्यूज एजेंसी 'वाफा' के मुताबिक इजराइली सेना ने गाजा से लगे हुए अल-करामा शहर पर प्रतिबंधित फास्फोरस बम का इस्तेमाल किया है। बम से ऑक्सीजन लेवल कम हो जाता है।

### न्यूजक्लिक मामले में सीबीआइ जांच शुरू


नयी दिल्ली। चीन से फंड लेने और चाइनीज प्रोपेगेंडा फैलाने के आरोप में न्यूजक्लिक के खिलाफ अब सीबीआइ ने जांच शुरू कर दी है। बुधवार को सीबीआइ की एक टीम दिल्ली में न्यूजक्लिक के फाउंडर और एडिटर प्रबीर पुरकायस्थ के घर गयी और तलाशी ली।

## अमेरिकी कंसल्टेंसी फर्म 'मॉर्निंग कंसल्ट' के सर्वे में खुलासा

# मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले सर्वे में आये अपने पहले स्थान को बरकरार रखा
- 78 प्रतिशत लोगों ने दिया वोट, मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को भी पछाड़ा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** अमेरिकी कंसल्टेंसी फर्म 'मॉर्निंग कंसल्ट' के एक सर्वे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 78 प्रतिशत की अनुमोदन रेटिंग के साथ दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। पिछली रेटिंग्स में भी प्रधानमंत्री मोदी शीर्ष पर थे। 'मॉर्निंग कंसल्ट' की वेबसाइट के अनुसार 'वैश्विक नेता अनुमोदन रेटिंग ट्रैकर' के लिए इस वर्ष 27 सितंबर से 3 अक्टूबर तक आंकड़े एकत्र किये गये। ट्रैकर पर 78 प्रतिशत लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को स्वीकार किया, जबकि 17 प्रतिशत ने नापसंद किया और पांच प्रतिशत ने कोई राय नहीं दी।

मेक्सिको के राष्ट्रपति आंद्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर (67 प्रतिशत) को दूसरी सबसे अच्छी अनुमोदन रेटिंग प्राप्त हुई है। इस सूची में तीसरे पायदान पर स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति एलेन बर्सेट (54 प्रतिशत) हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को 39 प्रतिशत, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को 34 प्रतिशत, यूके के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को 27 प्रतिशत और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को 22 प्रतिशत रेटिंग मिली है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

| सर्राफा | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 56,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 79,000 रु./प्रति किलो |



# कई दिग्गजों का भविष्य तय करेंगे पांच राज्यों के चुनाव

## ■ राज्यों के नेताओं का दिल्ली की सियासत में प्रवेश का दरवाजा भी खुल सकेगा

## ■ 2024 में 'मोदी बनाम कौन' के सवाल का जवाब भी मिलेगा 3 दिसंबर को

## ■ चुनाव मैदान में उतरनेवाले सांसदों-केंद्रीय मंत्रियों के दमखम की भी होगी परीक्षा

आजाद सिपाही विशेष

**हिंदी पट्टी के तीन समेत पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की बिसात बिछ गयी है, जिसके नतीजे 3 दिसंबर को आयेंगे। ये नतीजे निश्चित रूप से राष्ट्रीय राजनीति को प्रभावित करेंगे, लेकिन साथ ही इनके कई दूसरे सियासी पहलू भी हैं। इन चुनावों को लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल ही नहीं कहा जा सकता है, बल्कि यह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के राजनीतिक भविष्य की दिशा-दशा में बड़ा योगदान भी देगा। इसके अलावा इन चुनावों के नतीजे कई नेताओं के राजनीतिक भविष्य की पटकथा लिखेंगे। वास्तव में पांच राज्यों का विधानसभा चुनाव राजनीतिक दलों के अलावा कई दिग्गजों के लिए भी 'करो या मरो' का चुनाव होगा। भाजपा और कांग्रेस जैसे राजनीतिक दलों के बीच चल रही देश स्तरीय रस्साकशी के साथ 2024 में 'मोदी बनाम कौन' के सवाल का जवाब भी 3 दिसंबर को मिलेगा। भाजपा जहां इस चुनाव में सामूहिक नेतृत्व के साथ उतरने की घोषणा कर चुकी है, वहीं कांग्रेस के अलावा तेलंगाना की भारत राष्ट्र समिति और मिजोरम की मिजो नेशनल फ्रंट के राजनीतिक सफर की गति भी यह चुनाव तय करेगा। सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों के विधानसभा चुनाव में उतरने के बाद यह भी तय है कि इनके दम-खम की कड़ी परीक्षा होगी। क्या होगी इन पांच राज्यों के चुनावी मुकाबले के बाद की तस्वीर और कैसे तय होगा आगे का सफर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

चुनाव आयोग द्वारा पांच राज्यों- मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम के विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ ही इन राज्यों में चुनावी बिगुल बज गया है। इन चुनावों के बारे में जैसा कि अक्सर कहा जा रहा है कि यह अगले वर्ष होनेवाले लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल है, लेकिन इसके साथ ही यह चुनाव देश की राजनीतिक दिशा-दशा भी तय करेगा। इस लिहाज से इन चुनावों को सत्ता संग्राम का सेमीफाइनल कहा जा सकता है। इन चुनावों के जो भी नतीजे होंगे, उनका असर लोकसभा के चुनावों में न सिर्फ परिलक्षित होगा, बल्कि 2024 के नतीजों का धुंधला संकेत भी मिलेगा। हालांकि पिछली बार यानी 2018 में इन राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों का अनुभव बताता है कि राज्यों के चुनाव नतीजों का असर लोकसभा चुनावों पर नहीं पड़ता है। 2018 के चुनाव में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस को अच्छी सीटें मिलीं, लेकिन लोकसभा चुनाव में इन राज्यों में नतीजे ठीक इसके विपरीत रहे।

दूसरी बात, इन चुनावों के लिए भाजपा की रणनीति को लेकर है। भाजपा ने किसी भी राज्य में अपना मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित नहीं किया है और उसने सामूहिक नेतृत्व की बात की है, जबकि कांग्रेस के पास तीन राज्यों, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में क्रमशः कमलनाथ, भूपेश बघेल और अशोक गहलोत जैसे बहुत स्पष्ट और दमदार चेहरे हैं। तेलंगाना में भी केसीआर बहुत दमदार नेता हैं। यह चौंकानेवाला है कि जो भाजपा राष्ट्रीय चुनाव में विपक्षी दलों की इस बात के लिए आलोचना करती है कि उनके पास मोदी से मुकाबला करने के लिए चेहरा नहीं है, वही विधानसभा चुनाव में सामूहिक नेतृत्व की बात करती है और उसके पास राज्यों में मुकाबले के लिए कोई दमदार चेहरा नहीं है, लेकिन असली बात यह है कि इन चुनावों में लड़ाई मोदी बनाम कमलनाथ, मोदी बनाम बघेल, मोदी बनाम गहलोत, मोदी बनाम केसीआर ही होनेवाला है। इसलिए भाजपा की रणनीति किसी की समझ में नहीं आ रही।

तीसरी बात यह है कि इन विधानसभा चुनावों का परिणाम मिला-जुला हो सकता है। फिलहाल मध्यप्रदेश में कांग्रेस आगे नजर आ रही है, क्योंकि शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ मतदाताओं में भारी आक्रोश है और सबसे ज्यादा सत्ता विरोधी रुझान इस बार सभी क्षेत्रों में विधायकों के खिलाफ है। बावजूद इसके भाजपा वहां सीना ठोक कर कह रही है कि यहां उसकी सरकार बनेगी। छत्तीसगढ़ में कुछ हद तक भूपेश बघेल की स्थिति बेहतर कही जा सकती है। उन्होंने न केवल पार्टी के अंदरूनी असंतोष को खत्म किया, बल्कि टीएस सिंहदेव को उप मुख्यमंत्री बना कर सरगुजा संभाग की 14 सीटों पर भी अपनी स्थिति मजबूत बना ली। इसके अलावा ग्रामीण इलाकों में उन्होंने नरवा, गरुवा, घुरवा बाड़ी योजना के जरिये विकास का जो मॉडल पेश किया, उससे लोग खुश हैं। इसमें कई योजनाएं हैं, जो लोगों द्वारा पसंद की गयी हैं। सरकार द्वारा गोबर खरीदने की योजना से महिलाओं की जिंदगी पर असर पड़ा है और उनके हाथों में पैसा आया है। अपनी कद्दावर छवि, ग्रामीण जनता से संपर्क, महिलाओं का भरोसा और संस्कृति से जुड़ाव के साथ-साथ बघेल के पक्ष में एक यह बात भी जाती है कि उनके सामने भाजपा का कोई कद्दावर नेता नहीं है, जो उन्हें चुनौती दे सके। हालांकि इधर भाजपा ने उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगा कर आक्रामक रुख अपनाया है। वहीं क्षेत्रीय स्तर पर कुछ दल ऐसे हैं, जो बघेल के लिए परेशानी पैदा कर सकते हैं। राजस्थान में विधायकों के खिलाफ सत्ता विरोधी रुझान है। यहां माना जा रहा है कि तमाम कोशिशों के बावजूद अशोक गहलोत के लिए रास्ता आसान नहीं है। यहां कहने को तो सचिन पायलट शांत हो गये हैं, लेकिन अंदरखाने ऐसी स्थिति नहीं है। फिलहाल कांग्रेस के लिए यहां मुश्किल लग रहा है। भाजपा का चेहरा राजस्थान में कौन होगा, इसको लेकर चर्चा तो है, लेकिन वसुंधरा राजे सिंधिया भाजपा का चेहरा तो नहीं ही होंगी। उनकी जगह दीया कुमारी का चेहरा सामने आ सकता है। लेकिन यह अभी पर्दे के पीछे है। उसी तरह मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान भाजपा का चेहरा नहीं होंगे। इसका संकेत तो भाजपा हाइकमान ने दे ही दिया है। शिवराज चौहान मेहनत कर रहे हैं और उन्हें टिकट भी मिला है, लेकिन भाजपा नेतृत्व उन्हें वहां चेहरा नहीं बना रहा। उसी तरह छत्तीसगढ़ में रमन सिंह सामने नहीं आये, जिसकी अपेक्षा की जा रही थी। राज्यों में भाजपा के पास नेतृत्व की कमी है, लेकिन कहा जा रहा है कि अंतिम क्षण में ध्रुवीकरण का खेल खेला जायेगा। बता दें कि राजस्थान में कन्हैया लाल नामक एक दर्जी की हत्या हुई थी, जिसका हाल में प्रधानमंत्री ने भी अपनी एक सभा में जिक्र करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा। उसी दिन से ऐसा लग रहा है कि राजस्थान में अंदर ही अंदर ध्रुवीकरण चल रहा है। अब यह किस हद तक काम करेगा और कई चुनौतियों को पार करने वाले अशोक गहलोत इससे कैसे निपटेंगे, यह देखने वाली बात होगी। अब बात तेलंगाना की। पांच-छह महीने पहले तक वहां बीआरएस बनाम भाजपा की बात हो रही थी, लेकिन पिछले कुछ दिनों से वहां बीआरएस बनाम कांग्रेस की बातें होने लगी हैं, यानी कांग्रेस ने वहां अपनी जमीन मजबूत की है, तो भाजपा चर्चा से बाहर हो गयी है। केसीआर के खिलाफ भी सत्ता विरोधी रुझान है, पर क्या कांग्रेस खुद को इतना मजबूत कर पायेगी कि केसीआर को सत्ता से हटा दे, क्योंकि उन्होंने भी सामाजिक कल्याण योजनाएं खूब चलायी हैं, जिन्हें फ्रीबी कहा जाता है और जिसका जिक्र चुनाव आयोग ने भी किया है। केसीआर यहां क्षेत्रीयता का कार्ड भी खेलेंगे। इसके अलावा केसीआर के राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश की जद्दोजहद को भी इस चुनाव से साफ संकेत मिल जायेगा। मिजोरम में मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) की सरकार है, जो एनडीए में शामिल है। लेकिन वहां मुख्य लड़ाई एमएनएफ और कांग्रेस के बीच है, हालांकि एक नयी पार्टी जोरम पीपुल्स मूवमेंट का राज्य में प्रवेश हुआ, जो युवाओं को लुभा रहा है। इस कारण जोरमथंगा को कड़ी चुनौती मिल रही है। ऐसे में, देखनेवाली बात होगी कि कांग्रेस मिजोरम में अपनी खोई हुई जमीन वापस पाती है या नहीं। हालांकि मणिपुर की अशांति का मिजोरम के चुनाव पर असर पड़ना लाजिमी है, क्योंकि कुकी जनजाति के बहुत से लोग वहां से भागकर मिजोरम पहुंचे हैं। अब यह देखना भी दिलचस्प होगा कि मणिपुर की घटनाओं का असर इन चुनावों पर कितना पड़ता है।




एक और बात है, विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल आम आदमी पार्टी ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में पूरे दम-खम के साथ चुनाव लड़ने की बात की है, जो जाहिर है, कांग्रेस के लिए परेशानी पैदा करेगी। इससे इंडिया गठबंधन के भविष्य पर भी असर पड़ सकता है। इन राज्य स्तरीय नेताओं के अलावा जो सांसद और केंद्रीय मंत्री इन चुनावों में उतर रहे हैं, उनके दम-खम की भी परीक्षा होगी। भाजपा ने मध्यप्रदेश और राजस्थान में दर्जन भर सांसदों को उतार कर बता दिया है कि वह पूरी तरह 'मैन टू मैन मार्किंग' की तर्ज पर मुकाबला करेगी। इसकी काट कांग्रेस और दूसरे दल कैसे देंगे, यह देखना दिलचस्प होगा। बहरहाल, विधानसभा चुनावों की बिसात बिछ गयी है, जिसके नतीजे निश्चित रूप से राष्ट्रीय राजनीति को प्रभावित करेंगे, लेकिन इन चुनावों को लोकसभा चुनाव का सेमी फाइनल नहीं कहा जा सकता है। निश्चित रूप से, इन चुनावों के नतीजे कई राजनेताओं के राजनीतिक भविष्य की पटकथा लिखेंगे।

राजनीतिक हलचल


## राजस्थान में 25 नवंबर को मतदान पहले 23 को होनेवाला था

### 50 हजार से अधिक शादियां होने की संभावना है, तो बढ़ गयी तारीख

राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर चुनाव आयोग ने बड़ा फैसला लिया है। चुनाव आयोग ने राजस्थान में मतदान की तारीख में बदलाव किया है। राजस्थान में पहले 23 नवंबर को मतदान की तिथि तय की गयी थी। इसी दिन देवउठनी एकादशी भी है। देवउठनी एकादाशी को शादी के बड़े शुभ मुहूर्त के तौर पर देखा जाता है। इसके चलते राजस्थान में 50,000 से अधिक शादियां होने की संभावना जतायी जा रही हैं। इस कारण को ध्यान में रखते हुए अब चुनाव आयोग ने भी मतदान की तिथि को दो दिन आगे बढ़ाते हुए इसे 25 नवंबर कर दिया है। बताया जा रहा है कि लगातार चुनाव आयोग से लोग यह मांग कर रहे थे कि प्रदेश में वोट देने की तारीख बदली जाये। जानकारों का मानना था कि इससे प्रदेश के मतदान पर असर पड़ेगा। इससे राजस्थान में वोटिंग परसेंटेज घटने की भी संभावनाएं जतायी जा रही थीं। साथ ही राजनैतिक पार्टियों की भी इससे टेंशन बढ़ी हुई थी। इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए चुनाव आयोग ने यह फैसला लिया है। बुधवार को इलेक्शन कमीशन ने बड़ा फैसला करते हुए मतदान की तारीख में बदलाव किया और इसे 23 नंवबर से बदल कर 25 नवंबर कर दिया है।

## चर्चा : क्या राजकुमारी दीया कुमारी हो सकती हैं राजस्थान में सीएम फेस

राजस्थान में बीजेपी ने अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। इधर बीजेपी में मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर अभी भी सवाल बरकरार है। इस बीच बीजेपी की तरफ से सीएम चेहरे को लेकर सांसद दीया कुमारी के नाम से सियासत में राजनीतिक पारा चढ़ा हुआ है। जयपुर में पीएम मोदी की सभा के दौरान दीया कुमारी काफी हाइलाइट दिखीं, जिसको लेकर सियासत में दीया कुमारी को मुख्यमंत्री के चेहरे का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। इसको लेकर राजनीति के गलियारों में तरह-तरह के कयास लग रहे हैं। जैसे-जैसे चुनाव पास आते जा रहे हैं, वैसे-वैसे दीया कुमारी के मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर सियासी चर्चाएं तेज हो रही हैं। सियासत में दीया कुमारी को सीएम फेस का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। इसको लेकर पत्रकारों ने जब दीया कुमारी से सवाल किया कि क्या वे वसुंधरा राजे का विकल्प हो सकती हैं। इस सवाल का जवाब देते हुए दीया कुमारी मुस्कुरायीं और कहा ऐसा बिल्कुल नहीं है, यह सब अफवाहें हैं। मैं पार्टी की कार्यकर्ता हूं, मुझे पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी, चाहे चुनाव लड़ने या नहीं लड़ने की, मैं पार्टी के साथ रहूंगी। उन्होंने इस बात का खंडन करते हुए कहा कि यह सब बातें लोगों को अच्छी लगती हैं। लेकिन इनमें सच्चाई नहीं है। दीया कुमारी के इस बयान को लेकर राजनीतिक गलियारों में इसके मायने निकाले जा रहे हैं।



## एमपी में जिस दल के पास मालवा-निमाड़ की आदिवासी सीटें, उसकी बनी प्रदेश में सरकार

**मध्य प्रदेश में आदिवासी सीटों की स्थिति**
(कुल सीटें 47)

| वर्ष | भाजपा | कांग्रेस | निर्दलीय |
|---|---|---|---|
| 2008 | 29 | 17 | 01 |
| 2013 | 31 | 15 | 01 |
| 2018 | 16 | 01 | 01 |

मध्यप्रदेश की 230 सदस्यों वाली विधानसभा में 47 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। प्रदेश की कुल सीटों में इनकी हिस्सेदारी 20.5 प्रतिशत है। देश की जनजाति की आबादी का 21 प्रतिशत हिस्सा मध्यप्रदेश में निवास करता है। प्रदेश के अंचलों की बात करें तो जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित इन 47 सीटों में से सबसे अधिक 22 सीटें मालवा-निमाड़ में आती हैं। इसके बाद महाकौशल में 13, विंध्य में नौ और मध्य भारत में तीन सीटें आती हैं। इस हिसाब से मध्यप्रदेश में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटों में से 46.8 प्रतिशत मालवा-निमाड़ में पड़ती हैं। विधानसभा चुनावों के मद्देनजर मालवा-निमाड़ में आदिवासी वोटरों को प्रभावित करने के लिए हर पार्टी भरसक प्रयास कर रही है। पिछले तीन चुनावों की बात करें तो जिस दल ने मालवा-निमाड़ की आदिवासी सीटों पर कब्जा जमाया, उसकी ही सूबे में सरकार बनी है। 2008 में भाजपा ने प्रदेश में आरक्षित 47 में से 29 और 2013 में 31 सीटों पर जीत हासिल की थी। 2018 में भाजपा को इनमें से 16 स्थानों पर ही संतोष करना पड़ा। कांग्रेस ने 30 स्थानों पर सफलता प्राप्त की और इस तरह प्रदेश में सत्ता में लौटी। कमलनाथ प्रदेश के मुखिया बने थे। हालांकि, बाद में कुछ विधायकों ने ज्योतिरादित्य सिंधिया का समर्थन करते हुए पार्टी छोड़ी और कमलनाथ सरकार अल्पमत में आ गयी। कमलनाथ को इस्तीफा देना पड़ा था।

## पूर्वजों ने देश बांटा, ये हिंदू को जाति में बांट रहे : नरोत्तम मिश्रा

मध्यप्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर जम कर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो अपनी जाति नहीं बता पाते हैं, कांग्रेस के ऐसे नेता पिछड़ों की बात कर रहे हैं। इनके पूर्वजों ने देश बांटा था, अब ये हिंदुओं को जातियों में बांट रहे हैं। उन्होंने कहा कि कमलनाथ भी अपनी जाति नहीं बता पाते, लेकिन कांग्रेस के ऐसे नेता पिछड़ों की बात कर रहे हैं। वजह यह है कि कांग्रेस के पास जनता को बताने के लिए कुछ नहीं है। इसलिए वो हिंदुओं का जातिगत विभाजन करके चुनाव जीतना चाहते हैं। कांग्रेस लास्ट में फास्ट होने के चक्कर में कास्ट की बात कर रही है, लेकिन उनकी मानसिकता इस चुनाव में ब्लास्ट होगी।

### कसाई खाने की मानसिकता लिये हुए है मोहब्बत की दुकान



गृहमंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति किस तरह से करती है, यह इजराइल पर हमास के हमले वाले मामले से स्पष्ट हो जाता है। कांग्रेस की वर्किंग कमेटी की जो मीटिंग हुई, उसमें फलिस्तीन की बात की गयी, इस्राइल की निंदा की गयी, लेकिन हमास के बारे में एक शब्द भी नहीं बोला गया। इससे तो यही लगता है कि कांग्रेस की जो मोहब्बत की दुकान है, वह कसाईखाने की मानसिकता लिये हुए है। इजराइल में हमास द्वारा की गयी बेगुनाह लोगों की नृशंस हत्याओं पर एक शब्द भी नहीं बोलना, यही कांग्रेस का तुष्टिकरण है और मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं।

# मरांडी 2024 में निश्चित हार को देखकर बौखला गये हैं : सुप्रियो

## हेमंत सरकार कोई गाजर मूली नहीं है, जिसे आप और आपके चाचा इसे उखाड़ फेंकेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा राज्यपाल को पत्र लिख कर हेमंत सोरेन की सरकार को बर्खास्त करने और राष्ट्रपति शासन लगाये जाने की मांग पर प्रदेश की सियासत गरम हो गयी है।

झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बाबूलाल मरांडी 2024 और आगामी दिनों होने वाले पांच राज्यों के चुनाव में निश्चित हार को देख कर बौखला गये हैं। कारण केवल यही नहीं है, उनकी संकल्प यात्रा पूरी तरह विफल रही है, न जनता आ रही है, न उनके भाजपा नेता। पूरी तरह अकेले पड़ चुके हैं। ऊपर से देश की सारी केंद्रीय एजेंसियां हेमंत सरकार को अस्थिर करने, विकास को प्रभावित करने का प्रयास करने के बाद भी यह सरकार निरंतर काम कर रही है। यह सब देख कर वह अपना आपा खो चुके हं।

बाबूलाल मरांडी अपने पत्र में सूत्रों के हवाले से प्राप्त जानकारी का हवाला देते हैं, वो सूत्र कौन है। क्या क्या जानकारी उनको दिये हैं। किस आधार पर पत्र लिखे हैं, यह अपने आपमें सवाल खड़ा करता है। बाबूलाल जान लें, हेमंत सरकार कोई गाजर मूली नहीं है जिसे आप और आपके चाचा इसे उखाड़ फेंकेंगे, क्योंकि चचा तो इसलिए ही बैठे हैं। इसलिए ही उन्हें लाया गया है कि आप मांग करें।




### चार साल बाद कमलेश सिंह को याद आयी जिला बनाने की

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि ऐसी चर्चा है कि एनसीपी के विधायक एनडीए में शामिल हो गये हैं। चार साल बाद एनसीपी विधायक कमलेश सिंह को याद आयी कि उनके अनुमंडल को जिला बनाया जाये। चेतावनी भी दी है कि अगर जिला नहीं बनाया गया तो समर्थन वापस ले लेंगे। इसके बाद बाबूलाल मरांडी को शायद लगा कि हेमंत सरकार अल्पमत में आ गयी है। एक कहावत है बाढ़ के पानी में हाथी घोड़ा सब डूब गये तब मेड़ा कहता है कि कितना पानी। यही हाल बाबूलाल जी का हो गया है। बाबूलाल जी का अपना मूल संस्कार आ गया है। केवल 14 साल वनवास पर थे वनवास से लौटते ही अपनी मूल पार्टी और संगठन के संस्कार फिर से आ गये है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि अगर संवैधानिक संस्थाओं को डैमेज करने को लेकर कोई कार्रवाई होनी चाहिए, तो वह भाजपा पर, क्योंकि चार साल में भाजपा नेता प्रतिपक्ष नहीं दे पायी इसके कारण सरकार कई महत्वपूर्ण फैसले नहीं ले पा रही है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का कक्ष और कुर्सी खाली है। नेता प्रतिपक्ष कई अहम फैसले और निर्णयों पर अपनी सहमति देता है मगर इसके कारण कई जरूरी काम ठप से पड़े हैं।

उक्त बातें श्री भट्टाचार्य ने बुधवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहीं। श्री भट्टाचार्य ने कहा कि बाबूलाल मरांडी को यह नहीं भूलना चाहिए, अपने सूत्रों से जानकारी प्राप्त कर लेनी चाहिए कि इसी तरह से कर्नाटक के एसआर बोम्मई सरकार को अपदस्थ कर दिया गया था, जो मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया।

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा कि जो सरकार पूर्ण बहुमत में है, उसे अपदस्थ नहीं किया जा सकता है। बाबूलाल को यह भी नहीं भूलना चाहिए कि आपके पत्र लिखने के एक दिन पूर्व ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन देश के गृह मंत्री के साथ नक्सल और विधि व्यवस्था की बैठक में शामिल हुए जिसमें सरकार ने नक्सलवाद पर अपनी रिपोर्ट पेश की। आपके रघुवर सरकार जैसा यह सब काम नहीं हुआ है कि बकोरिया कांड करा कर नक्सलवाद खात्मे का दावा करते रहे। आज बूढ़ा पहाड़ जहां आजादी के बाद से लेकर आज तक कोई नहीं गया, वहां हमारी सरकार और हमारे मुख्यमंत्री गये। वहां लोग खुली हवा में सांस ले रहे हैं, विचरण कर रहे हैं।

## बाबूलाल ने सीएम हेमंत सोरेन को लिखा पत्र

# कहा-भ्रष्टाचार पर मुख्य सचिव की चुप्पी ठीक नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन को पत्र लिया है। बाबूलाल ने सीएम को लिखे पत्र में कहा है कि मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से केंद्रीय जांच एजेंसियों को कार्रवाई के मामले में गुमराह किया जा रहा है। बाबूलाल ने कहा कि झारखंड के शीर्ष अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं। मुख्य सचिव से कार्रवाई की मांग भी की गयी है, लेकिन उन्होंने उस पर कोई कार्रवाई नहीं की और ना ही स्वीकृति दी है।



यह चिंता का विषय है कि इतने गंभीर मुद्दे पर मुख्य सचिव चुप्पी साधे हुए हैं। बाबूलाल ने कहा कि इससे स्पष्ट होता है कि है कि ठोस सबूतों के बावजूद शीर्ष अधिकारियों को बचाने के लिए यह बड़े षड्यंत्र का हिस्सा हैं। ऐसी यह अकेली घटना नहीं ह।

# राज्य सूचना आयोग के पूर्व आयुक्तों के भत्ते में 4200 रुपये प्रतिमाह की बढ़ोत्तरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड सूचना आयोग से रिटायर मुख्य सूचना आयुक्त, सूचना आयुक्त को मिलनेवाले भत्ते एवं सेवा शर्त में संशोधन किया है। केंद्रीय सूचना आयोग की तर्ज पर राज्य के पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त को आवास के लिए 1500 रुपये का (टेलीफोन-मोबाइल) कॉल की सुविधा थी, उसे बढ़ा कर 4200 रुपये प्लस टैक्स प्रतिमाह किया गया है। इसमें अब ब्रॉडबैंड, इंटरनेट इत्यादि शब्द भी जोड़ दिये गये हैं। पहले ये शब्द नहीं थे। इसके अलावा घरेलू सहायता के लिए संविदा पर हेल्पर को नियुक्त करने की सुविधा भी बढ़ी है। इन हेल्पर को रखने के लिए न्यूनतम वेज 18,000 रुपये मासिक प्लस डीए के साथ भुगतान किया जायेगा। इस खर्च का भुगतान राज्य सरकार करेगी। इस संबंध में बुधवार को कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** अप्रिय प्रसंगों की प्राप्ति, नौकरी-व्यापार में अवरोध, परिश्रम से आवश्यक कार्य में सफलता।

**वृष** प्रॉपर्टी खरीदने के संयोग बनेगा, किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।

**मिथुन** कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण, बकाये रकम की प्राप्ति होगी।

**कर्क** महत्वकांक्षा पूरी होगी,नौकरी में बदलाव होने का संयोग बन सकता है।

**सिंह** रोजी-रोजगार में सफलता, रूका हुआ काम पूरा होगा,शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी।

**कन्या** बाधित उन्नति, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**तुला** परिवार में संतान के विवाहादि शुभ मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा।

**वृश्चिक** जमीन-जायदाद संबंधी काम बनेगा, संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**धनु** शिक्षा संबंधी कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय।

**मकर** आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगा, रोग-ऋण-शत्रुबाधा से छुटकारा का, परिवार में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।

**कुंभ** इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा,परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।

**मीन** सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

# शराब टेंडर की जांच के लिए दायर पीआइएल पर हाइकोर्ट में सुनवाई

**कपिल सिब्बल ने रखा सरकार का पक्ष**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में थोक शराब के लिए जारी टेंडर में गड़बड़ी की जांच को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अब इस मामले में 2 जनवरी को सुनवाई होगी। इसके साथ ही अदालत ने प्रार्थी को भी सरकार के जवाब पर प्रति उत्तर दाखिल करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से पक्ष रख रहे वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि इस मामले में सरकार ने जुलाई में जवाब दाखिल कर दिया है। इस पर अदालत ने कहा कि सरकार की ओर से कोई जवाब दाखिल नहीं किया गया है। सिर्फ प्रार्थी की ओर से 12 मई को एक शपथ पत्र दाखिल किया गया है। अदालत ने फिर से सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

### उमेश कुमार ने याचिका दाखिल की है

प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने अदालत को बताया कि इस मामले में उनके सहायक अधिवक्ता के चचेरे भाई को धनबाद पुलिस ने बिना कारण उठा लिया था और 45 घंटे थाने में रखा। ऐसा सत्ता पक्ष के एक विधायक के कहने पर किया गया।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# सज धज कर तैयार है एक्सपो उत्सव 2023, आज राज्यपाल करेंगे उद्घाटन

## 300 से अधिक स्टॉल लगेंगे, आयोजित होंगी विभिन्न प्रतियोगिताएं, शिव खेड़ा बतायेंगे सफलता के गुर

**रांची के सबसे बड़े ट्रेड फेयर एक्सपो उत्सव 2023 को लेकर तैयारियां पूरी**

**12 से 16 अक्टूबर तक रांची के मोरहाबादी मैदान में किया जा रहा है आयोजन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन आज एक्सपो उत्सव का उद्घाटन करेंगे। उसके बाद सभी के लिए यह एक्सपो खुल जायेगा। एक्सपो का प्रवेश शुल्क 20 रुपये है। इसे टिकट काउंटर या ऑनलाइन भी लिया जा सकता है। ऑनलाइन टिकट www.stall booking.expoutsav.com पर जाकर बुक कर सकते हैं। एक्सपो 2023 के मुख्य संयोजक संजय जैन ने बताया कि इस वर्ष एक्सपो हम सभी के लिए बेहद खास होनेवाला है। इस वर्ष एक्सपो के दौरान यंग एंटरप्रेन्योर्स एवं कॉलेज स्टूडेंट्स के लिए ट्रेनिंग का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश के जाने-माने लेखक शिव खेड़ा सफलता के गुर बतायेंगे। इस बार एक्सपो में 39 छोटे स्टार्टअप्स अपना स्टॉल लगा रहे हैं।

इस बार एक्सपो में शैलबाई डिवाइन के द्वारा मेडिकल कैंप एवं एंबुलेंस की व्यवस्था की गयी है। यहां फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी रहेगी। मेला की सुरक्षा के लिए प्रशासन ने चुस्त व्यवस्था की है। जेसीआइ रांची के अध्यक्ष अरविंद राजगढ़िया ने बताया कि 12 अक्टूबर से शुरू होनेवाले इस एक्सपो में रांचीवासी सुबह 11:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक खरीदारी का आनंद ले सकते हैं। इस बार एक्सपो में 300 से अधिक स्टॉल धारक अपना स्टॉल लगा रहे हैं। इस वर्ष एक्सपो में अलग-अलग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जैसे सचिव तरुण अग्रवाल ने बताया कि इस बार एक्सपो उत्सव 2023 के टाइटल स्पॉन्सर अदिति ओरो डेंटल केयर, शैलबाइ डिवाइन, अनअकैडमी और एसोसिएट पार्टनर तेजस्विनी कंस्ट्रक्शन, फोटोन गैलेक्सी, बागला सिक्योरिटीज एंड ऑटोमेशन, अल्पाइन मैंगो टैंगो, कैफिनेटर्स, बालाजी नमकीन, एआरबी फोटोग्राफी और स्वर्ण भूमि बैंक्वेट है। यह जानकारी एक्सपो मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ चौधरी और जेसीआई रांची के प्रवक्ता प्रवीण अग्रवाल ने दी।

**मिसेज एक्सपो रांची** 12 अक्टूबर 4:00 बजे, ट्रेजर हंट 13 अक्टूबर 3:00 बजे, डॉग शो 13 अक्टूबर 3:30 बजे, एक्सपो सुपर तंबोला 13 अक्टूबर 6:00 बजे, हेल्दी बेबी एंड मॉम शो 14 अक्टूबर 11:00 बजे, वॉइस ऑफ एक्सपो 14 अक्टूबर 3:00 बजे, फैशन शो 14 अक्टूबर 7:00 बजे, पेंटिंग कंपटीशन 15 अक्टूबर 11:00बजे, फैंसी ड्रेस कंपटीशन 15 अक्टूबर 3:30 बजे, डांस कंपटीशन 15 अक्टूबर 5:30 बजे होंगे।

# रांची में शहरी कार्य मंत्रालय से चल रहीं 2779 करोड़ रुपये की परियोजनाएं

**केंद्रीय शहरी कार्य मंत्री ने सांसद संजय सेठ को पत्र लिख कर दी योजनाओं की जानकारी**





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय शहरी कार्य और आवास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सांसद संजय सेठ को पत्र लिखकर रांची शहर में केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी है। बताया है कि आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा रांची लोकसभा क्षेत्र में 2779 करोड़ रुपये की परियोजनाएं संचालित हो रही हैं। इनमें कई और परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं और कई पर कार्य चल रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, स्मार्ट सिटी मिशन, अटल नवीकरण शहरी परिवर्तन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, एनयुएलएम जैसी योजनाओं के माध्यम से बड़ा परिवर्तन देखने को मिला है। शहरी क्षेत्र में शहरी क्षेत्र में जीवन की गुणवत्ता में व्यापक सुधार हुआ है।

केंद्रीय शहरी कार्य और आवास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को सांसद संजय सेठ को एक पत्र भेजा है। इस पत्र में केंद्रीय मंत्री ने रांची लोकसभा क्षेत्र में चल रही योजनाओं का ब्यौरा उपलब्ध कराया है। केंद्रीय मंत्री ने सांसद को बताया है कि इन सभी योजनाओं के माध्यम से 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की ओर अग्रसर करने की योजना है। यह सभी योजनाएं देश की युगांतरकारी यात्रा के एक अत्यंत महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंच चुके हैं। विगत 9 वर्षों में हमने शहरी क्षेत्र के विकास के लिए इतने कार्य किए हैं, भविष्य में और भी बेहतर कार्य करने की योजना है।

सांसद संजय सेठ ने इन योजनाओं के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा है कि भारत सरकार हर क्षेत्र में झारखंड को बिना किसी भेदभाव के साथ दोनों हाथ खोलकर पैसे दे रही है। ताकि झारखंड भी देश की गति के साथ कदम मिलाकर आगे बढ़ सके। राज्य सरकार को चाहिए कि योजनाओं को गंभीरता पूर्वक धरातल पर उतारने का काम करें।

# 'पौधरोपण और ग्राम सभा' कार्यक्रमों का सफल समापन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देने के प्रयास में, सरला बिरला विश्वविद्यालय (एसबीयू), रांची ने उन्नत भारत के तहत गोद लिए गए हरातु, बारम और आरा जैसे गांवों में 'वृक्षारोपण और ग्राम सभा' गतिविधियों के लिए तीन दिवसीय सहयोगात्मक पहल का सफलतापूर्वक आयोजन किया है। अभियान (यूबीए)। इस अभिनव दृष्टिकोण का उद्देश्य हरित और स्वस्थ भविष्य के लिए स्थानीय शासन और पर्यावरणीय प्रबंधन की शक्ति का उपयोग करना है। कार्यक्रम 9 से 11 अक्टूबर, 2023 तक आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के अंतिम दिन 11 अक्टूबर, 2023 को गोद लिए गए आरा गांव की पूर्व मुखिया सुश्री जाभा बिहा, सुश्री खुशबू देवी और स्कूल की प्रिंसिपल सुश्री कोशिल्या कच्छप की उपस्थिति में शुरूआत हुई।

इस अवसर पर ग्राम सभा की शुरूआत डीन कॉमर्स एंड बिजनेस मैनेजमेंट और उन्नत भारत अभियान (यूबीए) के समन्वयक डॉ संदीप कुमार के उद्घाटन भाषण से हुई। उन्होंने स्वच्छ पर्यावरण से होने वाले फायदों के बारे में चर्चा की। उन्होंने सतत विकास के लिए यूबीए परियोजना के योगदान पर भी जोर दिया। इस अवसर पर आशुतोष द्विवेदी ने सरला बिरला विश्वविद्यालय द्वारा शुरू की गयी ग्राम विकास गतिविधियों पर अपना अनुभव साझा किया। इसके बाद गांव की पूर्व मुखिया सुश्री जाभा बिहा ने सरला बिरला विवि के अधिकारियों और यूबीए कार्यक्रम के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए गांव के ग्रामीण विकास के बारे में बात की। बतायी गयी समस्याएं सूचीबद्ध हैं जो प्रमुख रूप से उचित सड़क, जल निकासी और साफ पानी से संबंधित हैं। फिर प्रिंसिपल सुश्री कोशिल्या कच्छप ने भी नोडल पहल के लिए एसबीयू को शुभकामनाएं दीं। पूरे कार्यक्रम का संचालन डॉ. आरोही आनंद, सहायक प्रोफेसर सी एंड एम द्वारा किया गया। जैसे ही सत्र समाप्त हुआ और यूबीए द्वारा उपलब्ध कराए गए फॉर्म का उपयोग करके घरेलू सर्वेक्षण से संबंधित डेटा एकत्र किया गया। विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि ग्राम विकास के द्वारा ही राष्ट्र का उन्नति संभव है। विवि के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने उन्नत भारत अभियान के योजनाओं को धरातल पर लागू करने के लिए अभियान के सदस्यों को प्रोत्साहित किया।इस अवसर पर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्रामीणों और एसबीयू के छात्रों के साथ-साथ निम्नलिखित यूबीए समिति के सदस्य भी उपस्थित थे।

# बालिका शिक्षा भवन हाई स्कूल में सांसद मद से शेड निर्माण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** बुधवार को स्थान बालिका शिक्षा भवन हाई स्कूल सर्कुलर रोड लालपुर रांची में राज्यसभा सांसद महुआ माजी के सांसद मद से स्कूल की छत पर शेड निर्माण किया गया। इसका बुधवार को विधिवत उद्घाटन राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन ने एनुअल फंक्शन का आयोजन रखा। साथ ही झारखंडी परंपरा से उनका स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद ने विशिष्ट अतिथि, अतिथियों, स्कूल के प्रधानाचार्य, शिक्षक, अभिभावक और बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जहां भी मेरी जरूरत महसूस होगी, मैं वहां खड़ी नजर आऊंगी और शहर का पूरा विकास करूंगी। इस अवसर पर सांसद डॉक्टर महुआ माजी, एचइसी के पूर्व सीएमडी अभिजीत घोष, प्रोफेसर कमल कुमार बोस, प्रदीप कुमार विश्वास, प्रधानाचार्य पापिया घोष, प्राइमरी प्रधानाचार्य सुधा मुखर्जी, कॉसमॉस क्लब के अध्यक्ष देबाशीष राय, श्वेतांक सेन, रजनी सेन, शुभ्रा चटर्जी, अल्पना बोस, शिप्रा भट्टाचार्य जैसे गणमान्य सहित सभी शिक्षक, अभिभावक और स्कूल के बच्चे उपस्थित थे।

# 'मेरा युवा भारत' नाम से स्वायत्तशासी निकाय की होगी स्थापना, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को 'मेरा युवा भारत' (एमवाई भारत) नाम के एक स्वायत्तशासी निकाय की स्थापना को मंजूरी दी। इसका उद्देश्य युवाओं के विकास और युवा नेतृत्व वाले विकास के लिए प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित एक व्यापक सक्षम तंत्र के रूप में कार्य करना और युवाओं को समान पहुंच प्रदान करते हुए उनकी आकांक्षाओं को साकार करना और सरकार के संपूर्ण दायरे में विकसित भारत का निर्माण करना है। मेरा युवा भारत (एमवाई भारत) का प्राथमिक उद्देश्य इसे युवा विकास के लिए एक संपूर्ण सरकारी मंच बनाना है। नयी व्यवस्था के तहत युवा, संसाधनों तक पहुंच और अवसरों से जुड़ाव के साथ, परिवर्तन के एजेंट और राष्ट्र निमार्ता बन जायेंगे और सरकार तथा नागरिकों के बीच युवा सेतु के रूप में कार्य कर सकेंगे। यह व्यवस्था राष्ट्र निर्माण के लिए अपार युवा ऊर्जा का उपयोग करेगी। यह एक स्वायत्तशासी निकाय होगा। राष्ट्रीय युवा नीति में दी गयी 'युवा' की परिभाषा के अनुरूप, 15-29 वर्ष के आयु वर्ग के युवा इससे लाभांवित होंगे।

# सीसीएल में साइबर स्वच्छता और सुरक्षा विषय पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय में बुधवार को साइबर स्वच्छता और सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सीवीओ पंकज कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन सीवीओ सीसीएल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी को सम्बोधित करते हुए श्री कुमार ने कहा कि वर्त्तमान डिजिटल समय में इंटरनेट हमारे सभी क्रिया कलापों का एक अहम हिस्सा है। ऐसे में सभी को इसके प्रयोग में जागरूकता आवश्यक है। इससे हम साइबर धोखाधड़ी से बच सकें। संजय विभागाध्यक्ष एचआरडी ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। उक्त कार्यक्रम में मुख्यालय सहित सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर सुरेश बहेरा मुख्य प्रबंधक सिस्टम/आईसीटी सीएमपीडीआई रांची ने प्रतिभागियों के साथ साइबर गतिविधियों और सुरक्षा मुद्दों में शामिल जोखिम के बारे में विचार-विमर्श किया। इस ज्ञानवर्धक कार्यक्रम को सभी प्रतिभागियों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मानव संसाधन और अन्य विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# 42 वर्षों बाद अखिल भारतीय महिला सम्मेलन का चुनाव आज

**महिलाओं के संबल, सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के लिये काम करता रहेगा अखिल भारतीय महिला सम्मेलन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** स्वर कोकिला और महिला नेत्री सरोजिनी नायडू के द्वारा 100 वर्ष पहले स्थापित अखिल भारतीय महिला सम्मेलन की बरियातू इकाई का चुनाव 42 साल बाद आयोजित किया गया है। यह चुनाव बृहस्पतिवार को है। यह प्रक्रिया सुबह 10 बजे से कमरा संख्या 38 आरोग्य भवन बरियातू रोड में शुरू होगी। चुनाव के लिए उम्मीदवारों से नामांकन प्रातः 10 से 11 बजे के बीच लिया जायेगा। 11 से 12 बजे के बीच नाम की स्क्रुटनी की जायेगी। 12 से 1 बजे के मध्य में नाम वापस लेने का समय दिया जायेगा। दोपहर 2 से 4 बजे तक मतदान होगा। 4 बजे से मतगणना और 5 बजे परिणाम की घोषणा की जायेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए सम्मेलन की चार राज्यों की जोनल प्रमुख सह चुनाव अधिकारी ज्योत्सना कुमार ने कहा कि अखिल भारतीय महिला सम्मेलन महिलाओं को संबल प्रदान करने, उनके सशक्तिकरण तथा उनकी आत्मनिर्भरता के लिये हर पल समर्पित है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय महिला सम्मेलन की पूरी कोशिश है कि वंचित तबके और आर्थिक दृष्टि से कमजोर महिलाओं को मुख्य धारा में लाया जाये। अखिल भारतीय महिला सम्मेलन का चुनाव 42 साल के बाद 12 अक्टूबर को बरियातू में आयोजित किया गया है। इसमें सभी सदस्य शामिल होंगी।

# हाइकोर्ट में लोकायुक्त नियुक्ति मामले की अगली सुनवाई 22 नवंबर को

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में विभिन्न संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति सहित नेता प्रतिपक्ष मामले को लेकर दाखिल विभिन्न याचिकाओं की सुनवाई बुधवार को हुई। मामले में महाधिवक्ता राजीव रंजन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए एक कमेटी गठित की गयी है। जल्द ही लोकायुक्त की नियुक्ति कर ली जायेगी। राज्य सरकार के आग्रह को देखते हुए कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 22 नवंबर निर्धारित की है। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने पूछा था कि संविधान के आर्टिकल 226 के तहत हाइकोर्ट के पास क्या पावर है कि वह झारखंड विधानसभा अध्यक्ष को विपक्ष का नेता बनाने का निर्देश दे सकता है। इसके जवाब में विधानसभा अध्यक्ष की ओर से कहा गया था कि संविधान के आर्टिकल 212 के तहत हाइकोर्ट को पावर नहीं है।

# क्या सोरेन परिवार ही संथाल और आदिवासी समाज है: बाबूलाल मरांडी

**जुगसलाई विधानसभा में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री और झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने का किया आह्वान**

**कांग्रेस ने गरीबों की कभी नहीं की चिंता, भाजपा ने किये गांव गरीब किसान के विकास**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**(जुगसलाई) रांची।** संकल्प यात्रा के सातवें चरण के दौरान जुगसलाई विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सोरेन परिवार पर जम कर हमला बोला औरभ्रष्टाचार मुक्त, अपराध मुक्त शासन के लिए भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया।

जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी जी गांव गरीबों की चिंता करते हैं। केंद्र सरकार गांव, गरीब, किसान, मजदूर और महिला के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने गरीबी को करीब से देखा है। मां बहनों की कठिनाइयों को देखा है, इसलिए प्रधानमंत्री बनते ही उन्होंने मां बहनों को ध्यान में रख कर सबसे पहले इज्जत घर शौचालय का निर्माण करवाया। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने गरीबों को पक्का आवास उपलब्ध करवाया, जबकि घोषणावीर हेमंत ने एक लाख अतिरिक्त तो क्या मोदी जी द्वारा भेजे जा रहे पैसों की भी बंदरबांट कर दी। प्रधानमंत्री गरीबों की चिंता करते हैं। उन्होंने गैस कनेक्शन के साथ साथ गैस पर सब्सिडी भी दी, जबकि 75 लाख बहनों को नया कनेक्शन देने की तैयारी चल रही है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण पैसे वालों के लिए किया, जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने जनधन खाता खुलवा कर एक-एक गरीब व्यक्ति को बैंकों से जोड़ दिया। कोविड काल में जब कल कारखाने बंद हुए, तो मोदी जी ने सीधे खाते में पैसे डालने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि मोदी जी गरीबों के लिए अनाज भेज रहे हैं, किंतु हेमंत सोरेन अनाजों की कालाबाजारी करवा रहे हैं। अनाजों की चोरी करवाने वाले मुख्यमंत्री को हटाना है। मोदी जी ने आयुष्मान योजना लाकर हर गरीब को पांच लाख तक आयुष्मान से इलाज की सुविधा दी, जबकि हेमंत सरकार की लापरवाही के करण कई गरीब इस योजना से वंचित हो गये हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 60 वर्षों तक शासन किया किंतु अलग राज्य के सपने को कभी पूरा नहीं किया। अलग राज्य के सपने को अटल बिहारी वाजपेयी ने पूरा किया। कांग्रेस शासन में किरोसिन के लिए लड़ाई होती थी, भाजपा ने गांव गांव तक बिजली पहुंचायी है। भाजपा के सरकार में बालू पर टैक्स नहीं लगता था। हेमंत सरकार ने बालू घाट दिल्ली मुंबई वालों को दे दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था चौपट हो गयी है। प्रत्येक दिन चोरी, डकैती, हत्या, अपहरण, दुष्कर्म हो रहा है। अपराधी बेखौफ हैं। अंचल, ब्लॉक और ज़िला के सरकारी कार्यालयों में बिना पैसे दिये कोई काम नहीं होता है। जन्म प्रमाण पत्र से लेकर मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में भी पैसा देना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जो परिवार और पैसे के लिए रणनीति करते हैं, उनसे झारखंड का कभी भला नहीं हो सकता है। सोरेन परिवार में शिबू सोरेन जी एमपी, हेमंत सोरेन, बसंत सोरेन और सीता सोरेन सभी एमएलए हैं। क्या सोरेन परिवार ही संथाल और आदिवासी समाज है, क्या और लोग आदिवासी नहीं हैं क्या? उन्होंने कहा कि सोरेन परिवार आदिवासी समाज का हक मार रहा है। सोरेन परिवार महाजनों से लड़ते लड़ते खुद महाजन हो गया है। हेमंत सोरेन द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार 108 प्लॉट आदिवासियों से ही लिये गये हैं। उन्होंने कहा कि इडी द्वारा भ्रष्ट अधिकारियों पर एफआइआर के लिए हेमंत सरकार को कई पत्र लिखे गये, बावजूद इसके कार्रवाई नहीं हो रही है। हेमंत सरकार भ्रष्ट अधिकारियों के साथ खड़ी है। ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकना है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने महिलाओं के लिए लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण बिल लाकर बड़ा तोहफा दिया है। इस बिल के तहत 33% बहनों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि जो गांव गरीब किसान, महिला की चिंता करते हैं, हमें उनकी चिंता करनी है। हम सबको संकल्प लेकर जाना है फिर से 2024 में केंद्र में मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री और झारखंड में भाजपा की सरकार बनानी है।

# यू-जीनियस क्विज प्रतियोगिता में डीपीएस रांची के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन, राष्ट्रीय स्तर के लिए क्वालीफाई




**रांची (आजाद सिपाही)।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 'यू जीनियस' क्विज प्रतियोगिता में डीपीएस रांची के आदित्य कुमार वर्मा (कक्षा क) और मृणमोय कित (कक्षा क ) राज्य स्तरीय विजेता बने। साथ ही, वे नवंबर माह में मुंबई में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता के राष्ट्रीय स्तर में भी अपनी प्रतिभागिता दर्ज कराने के लिए क्वालीफाई हुए। इस प्रतियोगिता में झारखंड राज्य के 57 स्कूलों की 156 टीमों ने भाग लिया, जिनमें से 4 टीमें डीपीएस रांची की थीं। इस अवसर पर डीपीएस रांची के विजयी प्रतिभागी आदित्य और मृणमोय को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और विद्यालय को ट्रॉफी से नवाजा गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन दो चरणों (लिखित और स्टेज राउंड) में किया गया था। सभी 156 टीमों के विद्यार्थी लिखित राउंड में उपस्थित हुए, जिनमें से 06 टीमों के विद्यार्थियों ने स्टेज राउंड के लिए क्वालीफाई किया। छात्रों की उपलब्धि से प्रसन्न होकर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा, यह विद्यार्थियों द्वारा किये गये कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प का परिणाम है जिसने उन्हें यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने में सक्षम बनाया। उन्होंने आदित्य और मृणमोय को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 12 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in



# डीजीपी ने राज्य के सभी एसपी और रेंज डीआईजी के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की समीक्षा बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बुधवार को सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों, रेंज डीआईजी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर राज्य में आगामी पर्व त्योहारों को लेकर विधि-व्यवस्था पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। बैठक के दौरान राज्य की विधि-व्यवस्था पर मंथन किया गया और सभी जिलों को अलर्ट रहने का आदेश दिया। सभी पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने जिलों में संवेदनशील क्षेत्रों पर नजर रखें और चौकसी बढ़ायें। बैठक के बाद राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बताया कि झारखण्ड के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक निर्देश जारी किया गया है। सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को यह निर्देश दिया गया है कि वह विधि व्यवस्था के दृष्टिकोण से विशेष रूप से अपने-अपने जिलों में निगरानी रखने का काम करेंगे ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना नहीं घटे। वहीं सोशल साइट्स पर विशेष निगरानी रखने की हिदायत सभी जिलों को दी गयी है। स्पेशल ब्रांच के द्वारा सुरक्षा के दृष्टिकोण से संवेदनशील स्थानों और व्यक्तियों के संबंध में सभी जिलों को सूचनाएं दी गयी हैं। सूचना के आलोक में सभी तत्वों पर ध्यान रखने और आवश्यक कार्रवाई की हिदायत दी गयी है। मीटिंग के दौरान डीजीपी ने सभी पुलिस अधिकारियों को कहा कि पर्व को देखते हुए राज्य की सुरक्षा कड़ी करनी है। कहां कितने बल की आवश्यकता है, कहां क्या आवश्यकता है, इसपर तुरंत निर्णय लें और उसकी भरपाई करें, ताकि राज्य में विधि-व्यवस्था का संकट न हो। राज्य में खुफिया सूचनाओं का संकलन कर, उसपर त्वरित कार्रवाई करें। धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ाएं और सभी जिलों में शांति समिति की बैठक बुलाकर सभी धर्मों के लोगों की समस्या जानें और उसके निदान की कोशिश करें। किसी की धार्मिक भावना आहत न हो, इसपर जोर दें।

## दुर्गा पूजा को लेकर दिये गये कई निर्देश

जेनरेटर की व्यवस्था रखें, मोबाइल एंबुलेंस की व्यवस्था रखें, सीसीटीवी लगाएं, वीडियो रिकार्डिंग करवाएं, ड्रोन से फुटेज लें। क्या करें, क्या न करें का बोर्ड लगायें। आकस्मिक जरूरतों के लिए वैकल्पिक मार्ग तैयार रखें. अग्निशमन उपकरण, पुलिस पेट्रोलिंग को चौकस रखें। सड़क दुरुस्त करवायें, अतिरिक्त जवान तैनात रखें, होमगार्ड के जवानों को भी लगायें। असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सुरक्षात्मक कार्रवाई करें। मॉक ड्रिल, फ्लैग मार्च आदि करवायें। अफवाह फैलाने वालों पर नजर रखें, वोलंटियर को पहचान पत्र दें।

## 13 अक्टूबर को सीएम करेंगे समीक्षा

गौरतलब है कि 13 अक्टूबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर्व त्योहार को लेकर सुरक्षा की समीक्षा करेंगे। सीएम के समीक्षा के एक दिन पहले डीजीपी ने पूरी तैयारी का जायजा लिया ताकि वह मुख्यमंत्री के सामने राज्य की सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों के बारे में उन्हें पूरी जानकारी दे सके। डीजीपी की बैठक में सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता, एडीजी मुख्यालय, अभियान, स्पेसल ब्रांच आईजी, आईजी अभियान समेत कई वरीय अफसर मौजूद रहे।

# डीएवी हेहल की प्रतिष्ठा कुमारी ने विद्यालय की प्रतिष्ठा में लगाया चार चांद



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, रांची की छात्रा प्रतिष्ठा कुमारी, कक्षा दसवीं को वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखंड सरकार द्वारा आयोजित 'वन्यप्राणी सप्ताह 2023' के अवसर पर 'पलास सभागार वन भवन, डोरंडा, रांची में आयोजित 'भाषण प्रतियोगिता' में प्रथम स्थान मिला है। 11 अक्तूबर को विद्यालय के प्राचार्य एस के मिश्रा ने प्रातः प्रार्थना सभा में प्रतिष्ठा कुमारी को ट्रॉफी और प्रणाम पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठा कुमारी ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर हम सभी को गौरवान्वित किया है। मैं विद्यालय परिवार की ओर से बधाई और शुभकामना देता हूं तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

## बहुजन समाज पार्टी ने कांशीराम की 17वीं जयंती मनायी



रांची (आजाद सिपाही)। बहुजन समाज पार्टी के समर्पित कार्यकताओं ने पार्टी के संस्थापक बहुजन नायक कांशीराम के 17 वीं जयंती मनायी। कांशीराम के जयंती पर राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अपने संबोधन मे मुख्य अतिथि बसपा झारखंड प्रदेश के सचिव शिव कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि बहुजन नायक कांशीराम ने संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर के मिशन को आगे बढ़ाते हुए यूपी जैसे विशाल राज्य में चार बार बहुजन समाज पार्टी को सत्ता दिलाकर कीर्तिमान स्थापित किया। कांशीराम के मिशन को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विशिष्ट अतिथि बसपा लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र प्रभारी भृगुनाथ राम ने भी कांशीराम की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। समाज में संगठित रह कर पार्टी को सत्ता में लाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता टिबरा राम एवं मंच संचालन रूपेश कुमार सनी ने किया। मौके पर राष्ट्रपति से पुरस्कृत शिक्षक तेजपाल राम, गणेश राम, रूपेश कुमार सनी, राम बृच्छ राम, कामिनी लाल राम सहित अन्य मौजूद थे।

## डीएसपीएमयू में प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन

# तकनीकी श्रेष्ठता को समर्पित यह कार्यशाला काफी अहम: शांडिल्य



**आजाद सिपाही सवांददाता**

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के भूगोल विभाग के अंतर्गत चार दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण शिविर का उदघाटन हुआ। थ्योरीज एंड एप्लीकेशन ऑफ स्टेट ऑफ द आर्ट जियोस्पेटिकल टेक्निक्स एंड टूल्स, विषय पर आधारित इसके उदघाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए मुख्य अतिथि के तौर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि तकनीकी श्रेष्ठता को समर्पित यह चार दिवसीय कार्यशाला काफी महत्वपूर्ण है। विशिष्ट अतिथि के तौर पर डॉ सहदेव राम, सेक्रेटरी जेनरल, इंडियन नेशनल कार्टोग्राफर्स एसोसिएशन, झारखंड चैप्टर ने अपने संबोधन में इस कार्यशाला के तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डाला। विषय प्रवेश और अतिथियों का स्वागत करते हुए डॉ अभय कृष्ण सिंह ने इस कार्यशाला सह प्रशिक्षण शिविर की महत्ता और तकनीकी बिंदुओं की चर्चा की। उद्घाटन सत्र में धन्यवाद ज्ञापन कन्वेनर नलिन कांत महतो ने किया। उल्लेखनीय है कि चार दिवसीय इस कार्यशाला सह प्रशिक्षण शिविर में कोलकाता तथा रांची के कई विषय विशेषज्ञों के अलावा कई प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। उदघाटन सत्र के बाद कई तकनीकी सत्र संचालित किये गये, जिनमें शामिल विशेषज्ञों और प्रतिभागियों ने अपनी रिपोर्ट और निष्कर्षों की विस्तार से चर्चा की। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## रांची डीसी ने की भू-राजस्व विभाग की समीक्षा

# लंबित मामलों के निष्पादन का निर्देश

**आजाद सिपाही सवांददाता**

**रांची।** नये पदभार ग्रहण किये अंचलाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें रांची के डीसी राहुल सिन्हा ने उनका स्वागत किया। साथ ही उन्हें ईमानदारीपूर्वक काम करने को कहा। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में राज्य सरकार और केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं में भूमि की आवश्यकता पड़ती है। सभी योजना और विभिन्न भवनों का निर्माण जल्दी हो सके, इसके लिए भूमि उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। डीसी ने सभी अंचल अधिकारी से विशेष रूप से कहा कि भूमि का सीमांकन, दाखिल खारिज, रैयती जमीन पर लगान लगा कर सरकारी खजाने में लगान जमा कराना, सरकारी जमीन पर अतिक्रमण ना हो इसके लिए इसे सहेज कर रखना, जितने भी भू-हस्तांतरण के मामले भारत सरकार या राज्य सरकार की योजनाओं में देना है, उसका भू-हस्तांतरण सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ अंचलों में चल रही महत्वपूर्ण योजनाओं को पूरा कराने की दिशा में अपनी भूमिका निभाने को कहा। डीसी ने झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय चेरी मनातू, बीआइटी मेसरा रांची, रांची हवाई अड्डा में आ रही भूमि की समस्या पर चर्चा करते हुए इसे दूर करने का भी निर्देश संबंधित अधिकारी को दी। **म्यूटेशन से संबंधित मामले:** डीसी ने म्यूटेशन से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए सभी अंचल अधिकारियों को निष्पादन योग्य मामलों का तय समय सीमा में निपटारा करने का निर्देश दिया। लैंड डिमार्केशन, सक्सेशन पार्टिशन/म्यूटेशन आदि की अंचलवार समीक्षा करते हुए भी उपायुक्त रांची ने लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने को कहा। **लंबित दाखिल-खारिज औरभूमि सीमांकन के मामलों की समीक्षा :** डीसी ने लंबित दाखिल -खारिज (लंबित 30 दिन बिना (आपत्ति एवं लंबित 90 दिन आपत्ति) एवं भूमि सीमांकन के मामलों की समीक्षा करते हुए सम्बंधित सभी अंचल अधिकारी को लंबित दाखिल-खारिज, भूमि सीमांकन के मामले का निष्पादन ससमय करने का निर्देश दिया गया। अंचल में लंबित प्रमाण पत्र (जाति/आय/आवसीय) ससमय बना कर देने का निर्देश दिया।

## कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो हमारी स्मृतियों और विचारों में सदैव जीवित रहेंगे: सुदेश महतो



रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने रांची स्थित संत मारिया गिरिजाघर जाकर कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो हमारी स्मृतियों और विचारों में सदैव जीवित रहेंगे।

## हमने झारखंड का एक महारत्न खो दिया : लोबिन



**रांची।** कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के निधन पर झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय मुख्य संयोजक सह विधायक लोबिन हेंब्रम और मोर्चा के केंद्रीय संयोजक विजय शंकर नायक ने संयुक्त रूप से शोक जताया। शोक संदेश में कहा कि कार्डिनल टोप्पो ने एक छोटे से गांव में जन्म लेकर अपने संघर्ष की बदौलत अपने मुकाम को पूरा किया और वह झारखंड के दायरे से बाहर निकल कर प्रेम, भाईचारा, सांप्रदायिक सद्भाव के विचारों को पूरी दुनिया में फैला कर अपनी एक विशिष्ट पहचान बनायी। कार्डिनल टोप्पो के असमय निधन होने से हमने झारखंड का एक महारत्न खो दिया है। इसकी पूर्ति होना संभव नहीं है। उन्होंने एक दूरदर्शी व्यक्तित्व के साथ साथ जाति धर्म से ऊपर उठ कर झारखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य और सांप्रदायिक सद्भाव के क्षेत्र में काफी काम किया। विशेष तौर पर झारखंड के आदिवासी मूलवासी समाज के लिए किये गये कार्यों को हमेशा याद रखा जायेगा।

## कार्डिनल का जाना एक युग का अंत है: आलोक दुबे



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस नेता आलोक कुमार दुबे कार्डिनल तेलेस्फोर टोप्पो के अंतिम यात्रा में शामिल हुए एवं पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। आलोक दुबे ने कहा कि कार्डिनल का जाना एक युग का अंत है। गरीब, बेसहारा, दीन-हीन लोगों ने अपना रहनुमा खो दिया तो दूसरी ओर झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर उनकी आत्मा को श्रीचरणों में स्थान दें और शुभचिंतकों को दुख सहने की शक्ति।

# मुख्य सचिव को हाइकोर्ट में सशरीर उपस्थित होने का निर्देश

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट ने स्टेट लिटिगेशन पॉलिसी से संबंधित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य के मुख्य सचिव को सशरीर तलब किया है। अदालत ने राज्य सरकार की ओर से स्पष्ट जवाब नहीं दिये जाने पर मुख्य सचिव को 9 नवंबर को उपस्थित होने का निर्देश दिया है। अदालत स्टेट लिटिगेशन पॉलिसी पर स्वत: संज्ञान लेकर सुनवाई कर रही है। इस मामले में न्याय मित्र राजीव रंजन मिश्रा ने अदालत को सुझाव दिया है कि राज्य सरकार वैसे ही मामलों में अपील या एसएलपी दाखिल करे, जो जीतने लायक है। इसके लिए संबंधित विड्ढाग के उच्च अधिकारी जिम्मेवार होने चाहिए। अगर एसएलपी और अपील में सरकार के खिलाफ कोई आदेश पारित होता है, तो संबंधित अधिकारियों से उक्त मामले में वसूली की जाये। चीफ जस्टिस संजय और जस्टिस आनंद सेन की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई।

## शहीद शेख भिखारी बीएड महाविद्यालय में सत्र 2021-23 के प्रशिक्षणार्थियों का विदाई समारोह आयोजित



रांची (आजाद सिपाही)। शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सत्र 2021-23 के प्रशिक्षणार्थियों के लिए विदायी समारोह का आयोजन किया गया है। इस समरोह में सत्र 2022-24 के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें मिस्टर फेयरबेल मिस्टर अनिल उरांव एवं मिस फेयरबेल सोनी उरांव को चुना गया। इस महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सपना त्रिपाठी ने छात्रों को भावी जीवन की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 96 नये सदस्यों ने युवा दस्ता की सदस्यता ग्रहण कर सेवा कार्य करने का संकल्प लिया

**आजाद सिपाही सवांददाता**



**रांची।** युवा दस्ता का प्रशिक्षण शिविर श्री दुर्गा मंदिर बड़ा तालाब रांची में युवा दस्ता के अध्यक्ष राजेश गुप्ता छोटू की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इसमे सैकड़ों पुराने और नये सदस्यों ने भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर में मुख्य रूप से युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा, उपेंद्र रजक, लंकेश सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मदन साहू और धन्यवाद ज्ञापन पीयूष आनंद ने किया। शिविर में रांची के 96 नये सदस्यों ने युवा दस्ता की सदस्यता ग्रहण कर सेवा कार्य करने का संकल्प लिया। प्रशिक्षण शिविर में श्री दुर्गा पूजा महोत्सव को सफल बनाने के लिए सभी क्षेत्रीय प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में होनेवाली कठिनाइयों की जानकारी दस्ता के समक्ष रखी, जिसमें मुख्य रूप से यातायात और बिजली व्यवस्था के कारण होनेवाली परेशानियों से अवगत करवाया। राजीव रंजन ने कहा कि युवा दस्ता के सदस्य पूरी इमानदारी से सभी पंडालों में तैनात रहेंगे और साथ ही श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। मिश्रा ने कहा कि युवा दस्ता के सदस्य पुलिस प्रशासन की आंख और कान का काम करेंगे। राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी युवा दस्ता के सदस्य आपकी सेवा के लिए सदैव तत्पर है और जिला प्रशासन के सहयोग के लिए भी तैनात हैं।

# बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक का झारखंड दौरा: वित्तीय समावेशन का हुआ प्रसार

**आजाद सिपाही सवांददाता**



**रांची।** बैंक ऑफ इंडिया द्वारा वित्तीय समावेशन विभाग, भारत सरकार के निर्देशानुसार बुधवार को रांची के नगड़ी प्रखंड कार्यालय परिसर में मेगा जन सुरक्षा वित्तीय समावेशन अभियान का आयोजन किया गया। इसमें प्रधान कार्यालय, मुंबई से कार्यपालक निदेशक एम कार्तिकेयन स्वयं उपस्थित थे। कार्तिकेयन ने कहा कि हम सशक्त और सुरक्षित वित्तीय सेवाओं के माध्यम से इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को समृद्ध करने के लिए कृत संकल्पित हैं। इस उपलक्ष्य में बैंक ऑफ इंडिया ने झारखंड राज्य की वित्तीय आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने के लिए राज्य के सभी 24 जिलों में वित्तीय समावेशन कैंपों का आयोजन करवाया। इसके तहत पूरे राज्य में इस एक दिवसीय कैंप के जरिये 941 लोगों को सुरक्षा बीमा योजना और 702 लोगों को जीवन ज्योति बीमा योजना से जोड़ा गया। लोगों की वृद्धावस्था को सुरक्षित करने के उद्देश्य से 854 लोगों को अटल पेंशन योजना से जोड़ा गया। इस दौरे के दौरान कार्तिकेयन ने सर्वप्रथम रांची में पदस्थापित बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों का मार्गदर्शन व उत्साहवर्धन किया। प्रेस वार्ता के दौरान कार्यपालक निदेशक एम कार्तिकेयन ने कहा कि झारखंड राज्य में सीडी अनुपात में उत्तरोत्तर वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है। चौधरी, वरिष्ठ प्रबंधक, एसएलबीसी द्वारा किया गया।

## नैना राय को मिला बेस्ट सिंगर ऑफ झारखंड अवार्ड



रांची (आजाद सिपाही)। रांची की नैना राय को हरियाणा में बेस्ट सिंगर ऑफ झारखंड अवार्ड मिला। इस कार्यक्रम को यूनिवर्सल फिल्म मेकर काउंसिल, भारतीय सिनेमा कला परिषद और कला संस्कृति विभाग हरियाणा ने आयोजित किया था। इस अवार्ड में नैना राय को बंगाली म्यूजिक एल्बम अमर मौन सॉन्ग के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में म्यूजिक डायरेक्टर एस एम शाह, म्यूजिक एल्बम प्रोड्यूसर रमेश जुगलाम, म्यूजिशियन अशोक मुखर्जी, मनिलामा, रोबिन थापा, संतोष गुरुंग, प्रकाश थापा उपस्थित थे।

## व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के बरियातू में बुधवार को जेपी विचार मंच ने जयप्रकाश नारायण की जयंती मनायी। मंच के अध्यक्ष सत्येंद्र मल्लिक की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक समरी लाल और विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के निदेशक प्रेम मित्तल, समाज कल्याण बोर्ड की पूर्व अध्यक्ष उषा पांडेय शरीक हुए। इस अवसर पर जेपी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर 74 आंदोलन के साथियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होनेवाले में सत्येंद्र मल्लिक, समरी लाल, प्रेम मित्तल, प्रमोद मिश्रा, उषा पांडेय, आरएके वर्मा, यतींद्र लाल दास, वागेश वर्मा, शशांक शेखर सहाय, सुनील कु दास, महेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, डा बैजनाथ लाल, लक्ष्मी शंकर प्रसाद, नंद किशोर राम, अजीत, शैलेश शामिल थे। वहीं समरी लाल, प्रेम मित्तल, आरएके. वर्मा ने जेपी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

## पद्मश्री मधु मंसूरी हसमुख की 15 लाख रुपये से अधिक की राशि राज्य सरकार के पास लंबित

# भुगतान जल्द नहीं किया तो कानूनी रास्ता अख्तियार करेंगे: पद्मश्री मधु मंसूरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** पद्मश्री मधु मंसूरी हसमुख राज्य सरकार से निराश हैं। खासकर निचले स्तर के उन पदाधिकारियों से, जो कलाकारों को समय पर पारिश्रमिक का भुगतान नहीं करते हैं। मधु मंसूरी हसमुख के मुताबिक 2014-15 से लेकर अब तक उनका 15 लाख 37 हजार 874 रुपया सरकार के पास बाकी है। बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस कर उन्होंने अपना दर्द साझा करते बताया कि 2014 से लेकर 2018 की अवधि के दौरान उन्होंने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम किये, पर इसके एवज में उन्हें आठ लाख रुपये का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। इसके अलावा 11-12 अक्टूबर 2022 को उन्होंने मुड़मा जतरा मेला में भी अपने सहयोगी 150 कलाकारों संग प्रदर्शन किया। इसका 7 लाख 37 हजार 874 रुपया अब तक बकाया ही है। विभागीय मंत्री हफीजुल हसन (पर्यटन, कला संस्कृति) के निर्देश पर ही उन्होंने इस कार्यक्रम के लिए सहमति दी थी। पर अब कुल जमा 15 लाख रुपये से अधिक की राशि सरकार के पास लंबित है। अगर सरकार ने इसका भुगतान जल्द नहीं किया, तो वह कानूनी रास्ता अख्तियार करेंगे। पद्मश्री मधु मंसूरी ने कहा कि 2013 तक वह अपने स्तर से अपना पैसा लगाकर ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करते रहे। इसके बाद 2014 से लेकर 2018 तक वह जब कार्यक्रम करते थे, तो उसके एवज में सांस्कृतिक निदेशालय के स्तर पर औसतन 2 लाख रुपये मिलते थे, हालांकि यह राशि महंगाई और आयोजन के खर्च के हिसाब से पर्याप्त नहीं होती थी, फिर कोरोना संकट आया। 2022 में जब विभागीय मंत्री के जोर देने पर मुड़मा मेला किया, तो इसका भुगतान अब तक बकाया ही रखा गया है। निदेशालय की ओर से वाया डीसी मांडर बीडीओ को पैसा भेजा गया, पर बीडीओ का कहना है कि जो राशि आयी है, उसमें वे किसे दें, किसे नहीं। सरकार को चाहिए कि वह कलाकारों को उचित पारिश्रमिक और इससे भुगतान की प्रक्रिया सरल करे।

## पदक विजेता निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, संगीता रांची लौटीं, भव्य स्वागत

रांची (आजाद सिपाही)। चीन के हांगझोऊ में आयोजित 19वें एशियन गेम्स की हॉकी स्पर्धा में कांस्य पदक विजेता भारतीय महिला हॉकी टीम में शामिल झारखंड की बेटियां निक्की प्रधान, सलीमा टेटे और संगीता कुमारी का रांची पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ। इस दौरान एशिया हॉकी महासंघ के उपाध्यक्ष सह हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह भी उनके साथ थे। खिलाड़ियों की ओर से फूलमाला पहना कर और बुके देकर तथा मिठाई खिला कर उनका भव्य स्वागत किया गया। स्वागत करनेवालों में हॉकी झारखंड के एकलव्य हॉकी सेंटर और रांची रेलवे के मुख्य रूप दर्जनों हॉकी खिलाड़ी और खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# इजरायल की जवाबी कार्रवाई से उठेगा दुनिया के लिए सबसे बड़ा सवाल

इजरायल पर शनिवार को हुए आतंकी हमले का पहला राउंड इस मायने में पूरा हुआ माना जा सकता है कि उसे अंजाम देने वाले संगठन हमास ने कहा है कि उसका जो मकसद था वह पूरा हो चुका है और अब वह युद्धविराम पर बातचीत के लिए तैयार है। इस कथित युद्धविराम प्रस्ताव का हालांकि कोई अर्थ नहीं था। स्वाभाविक ही इजरायल ने उसे खारिज कर दिया। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कड़े शब्दों में कहा कि युद्ध शुरू तो हमास ने किया है, लेकिन खत्म हम करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मंगलवार को फोन पर उनसे बात की और कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में उनके साथ है। बहरहाल, यहां दो सवाल उठते हैं। एक तो यह कि ऐसा क्या मकसद था इस आतंकी हमले का, जिसके बारे में हमास दावा कर रहा है कि वह पूरा हो गया। दूसरा यह कि लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाने के इजरायल के संकल्प का आने वाले दिनों में बाकी पूरी दुनिया के लिए क्या मतलब हो सकता है? जहां तक पहले सवाल की बात है तो अगर इस हमले को आम फलस्तीनियों की लड़ाई से जोड़कर देखा जाए तो भी एक आतंकी कार्रवाई फलस्तीनी मकसद को आगे बढ़ाने या उसके लिए दुनिया में सहानुभूति पैदा करने का काम नहीं कर सकती। ज्यादा से ज्यादा यह माना जा सकता है कि अपनी भीषणता और व्यापकता के कारण इस आतंकी हमले ने इजरायली सुरक्षा तंत्र की साख पर बेइंतहा चोट की है। जहां तक इजरायल की जवाबी कार्रवाई का सवाल है तो इतना तो तय है कि बात यहीं नहीं रुकेगी, जंग का दूसरा राउंड शायद पहले से ज्यादा भीषण होगा, लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि नेतन्याहू सरकार इसे किस तरह से अंजाम देगी। फिलहाल इतना ही कहा जा सकता है कि गाजापट्टी उसके हमलों का निशाना बनेगी। गाजापट्टी में हमास का प्रभाव जरूर है, लेकिन वहां 23 लाख लोग रह रहे हैं जिनका एक बड़ा हिस्सा हमास की गतिविधियों और योजनाओं से अनजान होगा। ऐसे बेकसूर लोग जितनी बड़ी संख्या में इजरायली कार्रवाई के शिकार होंगे, मानवाधिकार का सवाल उतने बड़े रूप में उभरेगा और फलस्तीनियों के लिए सहानुभूति भी बढ़ेगी। अभी लेबनान की तरफ से हिजबुल्ला के कुछ हमले हुए हैं लेकिन लेबनान सरकार उस इलाके में शांति और स्थिरता बने रहने की इच्छा जताने तक सीमित है। ईरान और सऊदी अरब ने भी फलस्तीनियों के हक में शांति कायम करने की कोशिश की बात कही है। अगर बात बढ़ी और प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से हमास के लिए समर्थन बढ़ा तो हालात बदतर ही होंगे। ऐसे भीषण हमले के बाद सुसंगत जवाबी कार्रवाई के लिए नेतन्याहू सरकार पर पड़ रहे दबाव को समझा जा सकता है। लेकिन सबकी बेहतरी इसी में है कि तनाव और संघर्ष को फैलने न दिया जाए।

**हमास के आतंकी हमले के बाद अब पहला राउंड पूरा हो चुका है। इसके माने जाने के पीछे हमास का वो बयान है जिसमें उसने कहा है कि उनका जो मकसद था वह पूरा हो चुका है। वहीं, इजरायल ने इस मामले में इजरायल ने इस लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाने का संकल्प लिया है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**चुनाव मतदाताओं के हाथ में एकमात्र लेकिन बहुत ही कारगर संवैधानिक अधिकार होता है, जिसके सहारे वे जनप्रतिनिधियों का ही नहीं राष्ट्र का भविष्य निर्धारित-निर्मित करते हैं। इसलिये वक्त की नजाकत को देखते हुए मतदाता किसी प्रलोभन में न आयें और देश-हित में सृजन करें। गरीब देश की टूटती सांसों को जीने की उम्मीद दें। भ्रष्टाचार में आकंठ लिप्त धमनियों में ईमानदारी एवं पारदर्शिता का संचार करें।**

# एक दिन के राजा यानि मतदाता को बहुत सोच समझकर मतदान करना होगा



**ललित गर्ग**



**चुनाव लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत पैर होता है, यह एक यज्ञ होता है। राष्ट्र के प्रत्येक वयस्क के संविधान प्रदत्त पवित्र मताधिकार प्रयोग का दुर्लभ अवसर है। सत्ता के सिंहासन पर अब कोई राजपुरोहित या राजगुरु नहीं बैठता अपितु जनता अपने हाथों से तिलक लगाकर नायक चुनती है।**

पांच राज्यों- मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। उनकी तारीखों का भी ऐलान हो गया है, अब चुनावी बिगुल बज चुका है, राजनीतिक दल एवं उम्मीदावार मतदाताओं को रिझाने, लुभाने एवं अपने पक्ष में मतदान कराने के लिये तरह-तरह के दांव पेंच चलायेंगे, इन लुभावनी छटाओं के बीच एक दिन के राजा यानी मतदाता को सतर्क एवं सावधान होकर अपने मत का उपयोग करना होगा। चुनाव मतदाताओं के हाथ में एकमात्र लेकिन बहुत ही कारगर संवैधानिक अधिकार होता है, जिसके सहारे वे जनप्रतिनिधियों का ही नहीं राष्ट्र का भविष्य निर्धारित-निर्मित करते हैं। इसलिये वक्त की नजाकत को देखते हुए मतदाता किसी प्रलोभन में न आयें और देश-हित में सृजन करें। गरीब देश की टूटती सांसों को जीने की उम्मीद दें। भ्रष्टाचार में आकंठ लिप्त धमनियों में ईमानदारी एवं पारदर्शिता का संचार करें। इस वक्त सब-कुछ बाद में, पहले देश-हित की रक्षा और उसकी अस्मिता है, राष्ट्रीय एकता का लक्ष्य है। मतदाता इसी लक्ष्य से पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव को निर्णायक मोड़ दे सकेगा।

**पांच राज्यों में राजनीतिक दलों और मतदाताओं की ही नहीं, चुनाव आयोग की भी परीक्षा होगी**

मतदाता को जागरूक होकर चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने में सहयोग करना होगा। भारतीय लोकतंत्र दुनिया का विशालतम लोकतंत्र है और समय के साथ परिपक्व भी हुआ है। बावजूद इसके लोकतंत्र अनेक विसंगतियों एवं विषमताओं का भी शिकार है। मुख्यतः चुनाव प्रक्रिया में अनेक छिद्र हैं, सबसे बड़े लोकतंत्र का सबसे बड़ा छिद्र चुनावों की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता को लेकर है। खरीद-फरोख्त, नशा एवं मतदाताओं को लुभाने एवं आकर्षित करने का आरोप भी लोकतंत्र पर बड़े दाग हैं। चुनाव सुधारों की तरफ हम चाह कर भी बहुत तेजी से नहीं चल पा रहे हैं। चुनाव आयोग जैसी बड़ी और मजबूत संस्था की उपस्थिति के बाद भी चुनाव में धनबल, बाहूबल एवं सत्ताबल का प्रभाव कम होने के बजाए बढ़ता ही जा रहा है। ये तीनों ही हमारे प्रजातंत्र के सामने सबसे बड़ा संकट हैं। इसलिये पांच राज्यों में राजनीतिक दलों और मतदाताओं की ही नहीं, चुनाव आयोग की भी परीक्षा होगी।

मतदाता की बड़ी जिम्मेदारी का यह एक दिन नये भारत-सशक्त भारत को निर्मित करने का आधार है। लेकिन विडम्बना ही है कि मतदाता अपने अमूल्य वोट को चंद चांदी के टुकड़ों में बेच देता हो, सम्प्रदाय-जाति के उन्माद में योग्य-अयोग्य की पहचान हो खो देता हो, वह मतदाता भला योग्य उम्मीदवार को कैसे विधायी सदनों में भेज पाएगा? नये-नये नेतृत्व उभर रहे हैं लेकिन सभी ने देश-सेवा के स्थान पर स्व-सेवा में ही एक सुख मान रखा है। आधुनिक युग में नैतिकता जितनी जरूरी मूल्य हो गई है उसके चरितार्थ होने की संभावनाओं को उतना ही कठिन कर दिया गया है। ऐसा लगता है मानों ऐसे तत्व पूरी तरह छा गए हैं। खाओ, पीओ, मौज करो। सब कुछ हमारा है। हम ही सभी चीजों के मापदण्ड हैं एवं निर्णायक हैं। हमें लूटपाट करने का पूरा अधिकार है। हम समाज में, राष्ट्र में, संतुलन व संयम नहीं रहने देंगे। यही आधुनिक सभ्यता का घोषणा पत्र है, जिस पर लगता है कि हम सभी ने हस्ताक्षर किये हैं। भला इन स्थितियों के बीच पांच राज्यों के चुनावों में हमें वास्तविक जीत कैसे हासिल हो सकेगी?

आखिर जीत तो हमेशा सत्य की ही होती है और सत्य इन तथाकथित राजनीतिक दलों एवं उनके दागी उम्मीदवारों के पास नहीं है। किसी लोकतंत्र और उनके नुमाइंदों को देखकर इसका भान किया जा सकता है कि वहां के नागरिक, मौजूदा स्थिति में मतदाता, कितने समझदार और जिम्मेदार हैं। इसी समझदारी का परिचय मतदाताओं को देना है। वे भलीभांति महसूस कर सकते हैं कि संवेदनशीलता एवं राष्ट्रहित की उम्मीद वे किन से कर सकते हैं, कौन उनका खुद का, उनके परिवार, समाज और राज्य का भला करने वाला है, किसके हाथ में शासन की बागडोर सौंपकर वे निश्चिंत हो सकते हैं। जैसा कि हम जानते हैं कि लोग शीघ्र ही अच्छा देखने के लिए बेताब हैं, उनके सब्र का प्याला भर चुका है। लोकतंत्र को दागदार बनानेवाले अपराध और अपराधियों की संख्या बढ़ रही है। जो कोई सुधार की चुनौती स्वीकार कर सामने आता है, उसे रास्ते से हटा दिया जाता है। लेकिन इस बार प्रधानमंत्री स्वयं एक नया रास्ता बनाने, लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने एवं चुनाव की खामियों को दूर करने की ठानी है, इसलिये एक नया सूरज तो उदित होगा। लेकिन यह नया सूरज उगाने में मतदाता ही योगभूत है।

इन पांच प्रदेशों से लोकसभा में 83 एवं राज्यसभा में 34 सांसद चुनकर आते हैं, ऐसे में कोई भी राजनीतिक दल इन चुनावों को हल्के में नहीं ले सकता। इन चुनावों के नतीजे आम-चुनाव के लिये हवा बनाने-बिगाड़ने का आधार होंगे, इसलिये राष्ट्रीय पार्टियां अपने तरकश सजाने लगी हैं। लेकिन मतदाता इस सजावटी माहौल में अपने विवेक एवं समझ को नये पंख एवं परिवेश दें, स्वयं की जिम्मेदारी को महसूस करें। खुद के होने का भान करायें।

चुनाव लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत पैर होता है, यह एक यज्ञ होता है। राष्ट्र के प्रत्येक वयस्क के संविधान प्रदत्त पवित्र मताधिकार प्रयोग का दुर्लभ अवसर है। सत्ता के सिंहासन पर अब कोई राजपुरोहित या राजगुरु नहीं बैठता अपितु जनता अपने हाथों से तिलक लगाकर नायक चुनती है। लेकिन पांच राज्यों में जनता तिलक किसको लगाये, इसके लिये सब तरह के साम-दाम-दंड अपनाये जायेंगे। हर राजनीतिक दल अपने लोकलुभावन वायदों एवं घोषणाओं को ही गीता का सार व नीम की पत्ती बतायेगा, जो सब समस्याएं मिटा देगी तथा सब रोगों की दवा है। लेकिन ऐसा होता तो आजादी के अमृतकाल तक पहुंच जाने के बाद भी देश एवं प्रदेश एवं उसके नागरिक गरीबी, महंगाई, भ्रष्टाचार, अफसरशाही, बेरोजगारी, अशिक्षा, स्वास्थ्य समस्याओं से नहीं जुझते दिखाई देते। इन पांच राज्यों के चुनावों में मतदाता चाहे तो खुद को और अपने जनप्रतिनिधि को खाई में गिरने से बचाकर राष्ट्र को स्वस्थ एवं आदर्श लोकतंत्र दे सकता है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)**

## ओड़िशा/जमशेदपुर की खबरें

### लोक नायक जय प्रकाश नारायण की 121वीं जयंती पर दी गयी श्रद्धांजलि



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खारसावां जिले के अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के द्वारा लोक नायक जय प्रकाश नारायण जी के याद में121वीं जयंती मनाई गई। मौके पर महासभा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के नेतृत में आयोजित सभा मे मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष ए के श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार श्रीवास्तव, सम्मानित अतिथि राकेश मोहन उपस्थित रहे। महसभा अध्यक्ष सत्य प्रकाश उपाध्यक्ष इंद्रदेव, महामंत्री गिरीश चंद्र प्रसाद व अन्य पदाधिकारियों के द्वारा अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष इंद्रदेव ने लोक नायक जय प्रकाश नारायण जी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वही मुख्य अतिथि ए के श्रीवास्तव,सुनील कुमार श्रीवास्तव व राकेश मोहन ने भी लोक नायक जय प्रकाश नारायण जी के बारे में बारी बारी से अपने अनुभवों पर विस्तार से चर्चा की। मौके पर जिला अध्यक्ष सत्य प्रकाश ने बताया लोक नायक जय प्रकाश नारायण जी को भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। साथ हीं वर्ष 1965 में मैगसेसे पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष राजेश व धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री गिरीश चंद्र प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में पंकज सिन्हा, कुंदन कुमार, संजीव कुमार श्रीवास्तव, देवब्रत, विशाल, शुवेंदु शेखर,दीपक, विनय,पंकज श्रीवास्तव, अमन, सुमन, इंद्रदेव, नीरज कुमार सिन्हा, राजेश, गिरीश चंद्र प्रसाद,सत्य प्रकाश व अन्य चित्रांश उपस्थित रहे।

### जमशेदपुर पुलिस की पहल: मारपीट के वीडियो वायरल होते ही युवक को किया गिरफ्तार



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर पुलिस एसएसपी कौशल किशोर के अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। पुलिस शहर के बिष्टुपुर खाओ गली में सड़क से गुजर रहे एक व्यक्ति को खुलेआम पिटाई करते वीडियो वायरल हुई थी। बिष्टुपुर पुलिस ने तड़ित करवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर शहर की जनता के लिए एक मिसाल पेश की। पकड़े गये आरोपी कदमा के शास्त्रीनगर का रहने वाला समीर राज उर्फ हैप्पी है। हालांकि बीते वर्ष गणेश पूजा विर्सजन के दौरान किट्ठु सिंह नामक युवक पर जानलेवा हमला कर जख्मी करने के मामले भी शामिल है। वह घटना के बाद से ही फरार था। बुधवार को बिष्टुपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे भेज दिया।

# विधायक ने सरजमदा क्षेत्र की सड़कों का अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में जनता की मांग पर विकास कार्य को लेकर विधायक मंगल कालिंदी लगातार प्रयास में लगे है। बुधवार को विधायक ने वक्त निर्माण विभाग के अधिकारियों के सरजमदा पुलिया से रहरगोड़ा जयश्री इंटरप्राइजेज होते हुए रहरगोड़ा शर्मा टोला तक व रहरगोड़ा नाला से डी बी सी होते हुए सरजमदा लडडू सिंह के घर तक लगभग 4 किमी सडक का निरीक्षण किया। मौके पर विधायक ने कहा स्थानीय लोग सड़क निर्माण के लिए मांग कर रही थी। विभागीय अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया। ताकि जल्द सड़को का निर्माण हो सके।



विधायक कालिंदी ने बताया सड़कों का निर्माण होने से लगभग 20 हजार परिवार को सड़क जाम से राहत मिलेगी। साथ ही आने वाले दिनों में क्षेत्र में स्टेडियम का निर्माण होने से खेलकूद के लिए आने जाने में सहेलियां मिलेगी। विधायक ने कहा पूर्व के जनप्रतिनिधि ने विकास के क्षेत्र में कोई ध्यान नहीं दिया। लेकिन हेमंत सरकार के 4 वर्ष की कार्यकाल होने जा रहा है उसमें बीते दो साल कोरोना महामारी में पूरा देश की जनता परेशान रहे। उस वक्त राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के जनता की सुरक्षा के लिए सोच समझकर काम लिया। आज जुगसलाई विधान सभा क्षेत्र में शुद्ध पियजल की सुविधा, ग्रामीणों के लिए चिकित्सा की सुविधा, शिक्षा के क्षेत्र में कॉलेज का निर्माण, बिजली की सुविधा, सड़कों का निर्माण सहित किसानों को लाभ पहुंचाया जा रही है। इसके बिना विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा राज्य के मुख्यमंत्री की सोच है ग्रामीण क्षेत्र को विकसित करना। उसी दिशा में लगातार तेजी से काम हो रही है। मौके पर पथ निर्माण विभाग के अधिकारी, झामुमो नेता मिथुन चक्रवर्ती, समाजसेवी जितेंद्र सिंह, रणविजय सिंह, संजय पलसानिया, संतोष ओझा, पहाड़ सिंह, मनोज यादव, राकेश चक्रवर्ती, मानिक महतो, विश्वजीत भगत, विवेक गुप्ता, संदीप कुमार, रणधीर सिंह, विकास स्वर्णकार सहित क्षेत्र के सैकड़ो ग्रामीण शामिल रहे।

# खोरधा रोड मंडल ने मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की

**आजाद सिपाही सवांददाता**



**भूवनेश्वर।** खोरधा रोड मंडल द्वारा अधिकारी रेस्ट हाउस में मंडल रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (डीआरयूसीसी) की बैठक आयोजित की गयी। एच एस बाजवा, मंडल रेल प्रबंधक/खोरधा रोड की अध्यक्षता में बैठकआयोजित की गयी। समिति के सचिव सह वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/खोरधा रोड, अमितेश आनंद ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया और वर्ष के दौरानरेल उपयोगकतार्के हित के लिए मंडल द्वारा शुरू किये गये कई विकासात्मक कार्यों और यात्री सुविधा कार्यों के बारे में एक संक्षिप्त विवरण प्रस्तुनत किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए, एच एस बाजवा ने कहा किरेल उपयोगकर्ताओं को प्रभावशाली सेवा देने के लिए डीआरयूसीसी सदस्यों के बहुमूल्य विचार और सुझाव बहुत आवश्यक हैं। समिति के सदस्यों ने यात्री सुविधाओं और सेवाओं से संबंधित कई मुद्दे रखे जैसे कुछ महत्वपूर्ण स्टेशनों पर ट्रेनों का अतिरिक्त ठहराव, कुछ ट्रेनों का विस्तार/डायवर्जन, कुछ रेलवे स्टेशनों के नाम में बदलाव, पार्किंग क्षेत्र का प्रावधान, लेनिन की उचित सफाई आदि। समिति ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों के लिए मंडल की सराहना की। बैठक में डीआरयूसीसी सदस्य, आर के सड़ंगी, गुरु, धर्मेश, सिसिर, बिस्व रंजन मोहंती, मोहम्मद और प्रताप चमूपति उपस्थित थे। बैठक में अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) कल्याण पटनायक और मंडल के शाखा अधिकारी भी उपस्थित थे।

# कोरापुट-जगदेपुर रेलवे खंड का पुनर्निर्माण पूरा



**भूवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** कोटवलसा-कोरापुट-किरंदुल (केके) रेलवे लाइन के कोरापुट-जगदलपुर रेलवे खंड के मानवर और जरती स्टेशनों के बीच ट्रेन लाइन पर भूस्खलन और चट्टान गिरने से ट्रैक अवरुद्ध हो गया और रेल यातायात बाधित हो गया। यह रेल खंड पूर्व घाट पर्वत श्रृंखला में कोरापुट और जयपुर के बीच है जो देश की जीवन रेखा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। पुर्णोद्धार कार्य में, 27 दिनों में रेलवे लाइन से मिट्टी और पत्थरों को साफ करने के लिए कई उत्खनन यंत्रों, पत्थर तोड़ने वाले यंत्रों के साथ रेलवे की बहुत सारी मानव शक्ति का उपयोग किया गया था। कल आधी रात को 10 किमी की रफ्तार वाली पहली मालगाड़ियों ट्रेन चलायी गयी, फिर 20 किमी की रफ्तार वाली अगली मालगाड़ियों ट्रेन के लिए ट्रैक फिट किया गया। ओवर हेड इक्विपमेंट (ओएचई) को रात के लगभग 02 बजे फिट किया गया और चार्ज किया गया। पहला डीजल लाइट इंजन लगभग 02.20 बजे प्रभावित क्षेत्र के लिए भेजा गया था, जब टावर कार को 10 किमी/घंटा की गति से जरती स्टेशन की ओर निकाला गया था। डीजल से चलने वाली पहली खाली यात्री ट्रेन सुबह 02.55 बजे मनाबार स्टेशन से रवाना हुई, 03.32 बजे प्रभावित क्षेत्र को पार कर 03.52 बजे जरती पहुंची। आज सुबह लगभग 09:00 बजे इस खंड पर लोडेड मालगाड़ी ट्रेनें नियंत्रित गति से शुरू हुईं। पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक मनोज शर्मा ने व्यक्तिगत रूप से प्रभावित स्थान का दौरा किया और बहाली कार्य की समीक्षा और निगरानी की। शर्मा ने बहाली कार्य में लगे अधिकारियों को शीघ्र बहाली कार्य पूर्ण कर ट्रेन परिचालन कराने तथा बहाली और ट्रेन परिचालन हेतु सभी प्रकार की सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

### पारंपरिक ग्राम प्रधान संघ की बैठक में शामिल हुए विधायक




**चाकुलिया (आजाद सिपाही)।** के जिला परिषद डाकबंगला में बुधवार को पारंपरिक ग्राम प्रधान संघ की बैठक संघ के अध्यक्ष ग्राम प्रधान अरूण बारिक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि विधायक समीर महंती शामिल हुए। ग्राम प्रधानों ने विधायक को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। विधायक के समक्ष ग्राम प्रधानों ने अपनी कई समस्याओं को रखा। विधायक ने कहा कि हेमंत सरकार माझी और प्रधानों के उत्थान के लिए तत्पर है। माझी और प्रधानों के सम्मान में उन्होंने अपने विधानसभा के हर प्रखंड कार्यालय में कुर्सी उपलब्ध करायी है, ताकि कार्यालय पहुंचने पर प्रधान और माझी को ससम्मान बैठने का स्थान मिले।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सूरत पांडेय कॉलेज एनएसएस इकाई ने निकाली कलश यात्रा, मिट्टी कलश एनवाइके को सौंपा




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (एनएसएस) के तत्वावधान में बुधवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा के पश्चात एनएसएस के वॉलंटियर द्वारा लाई गई मिट्टी से भरे कलश नेहरू युवा केंद्र गढ़वा के पदाधिकारी को समर्पित की गई। मौके पर प्राचार्य प्रोफेसर निकलेश चौबे ने कहा कि महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव पर प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत कलश यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर कमलेश सिन्हा ने कहा कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एनएसएस यूनिट के बच्चों के द्वारा अपने-अपने घरों से मिट्टी लाई गई तथा उस मिट्टी को कलश में रखा गया। मौके पर पंच प्रण शपथ भी दिलाई गई। साथ ही कलश यात्रा भी निकाली गई। कार्यक्रम में प्रोफेसर विवेकानंद उपाध्याय, डॉक्टर विनोद कुमार द्विवेदी, डॉक्टर उमेश सहाय, प्रोफेसर खोदा बक्स अंसारी, प्रोफेसर आशीष कुमार पांडेय, नेहरू युवा केंद्र के एमटीएस रमेश कुमार समेत दीपिका कुमारी, मुस्कान कुमारी, आर्या कुमारी, सिमरन सोनी, सिमरन, विनीत चौबे, सकेंद्र चौधरी, अंकित कुमार पांडेय, ऋषि कुमार पासवान आदि उपस्थित थे।

### रमना एमओ ने पीडीएस डीलरों के साथ आपूर्ति विभाग की समीक्षा कर दिये कई निर्देश



**रमना (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में मंगलवार को सीओ सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी बासुदेव राय ने पीडीएस दुकानदारों के साथ आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने प्रखंड के सभी पीडीएस दुकानदारों से परिचय प्राप्त करते हुए लाभूकों की संख्या, अवशेष राशन, प्राप्त राशन और वितरण की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सभी दुकानदारों को प्राप्त आवंटन का वितरण लाभुकों को ससमय वितरण करना सुनिश्चित करें। प्रत्येक महीना के 15-16 और 25-26 तारीख को दुकान खोलकर चावल दिवस मनाएं। इन तिथियों को दुकान बंद रहने की स्थिति में संबंधित दुकानदार से स्पष्टीकरण पूछा जाएगा। उन्होंने सभी दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि राशन वितरण में किसी भी प्रकार के शिकायत लाभुकों से प्राप्त होने की स्थिति में जांचोपरांत नियमाकुल कार्रवाई की जाएगी। मौके पर जनवितरण प्रणाली संघ के अध्यक्ष कमलेश कुमार पांडेय, रविंद्र कुमार पाल, गुंजेश कुमार सिंह, संजय कुमार गुप्ता, योगेन्द्र कुमार सिंह, प्रेमनाथ उरांव, रामस्वरुप राम, बिजय राम, संजय कुमार ठाकुर सहित सभी दुकानदार उपस्थित थे।

### हनुमान मंदिर के प्रांगण में 15 अक्टूबर से साप्ताहिक बाजार लगाने का निर्णय



**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के मझिगावां पंचायत के आजाद नगर टोले पर आम जनों व व्यपारियों को खरीद-बिक्र हेतु सप्ताहिक बाजार का शुभारंभ होने वाला है। विदित हो कि श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के प्रांगण में 15 अक्टूबर दिन रविवार से सप्ताहिक बाजार लगाने का निर्णय स्थानीय लोगों के द्वारा सर्वसहमति से लिया गया है। श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के मुख्य महंत रामधारी चौबे ने बताया कि आजाद नगर, कवलदाग, अकड़हवा, असनाखाड़, महुआधाम,केवाल, रपुरा सहित आसपास के कई गांवों के ग्रामीणों को सप्ताहिक बाजार करने के लिए आठ से दस किलोमीटर की दूरी तय करना पड़ता है। जहां पहुंच कर ग्रामीण अपनी दिनचर्या से संबंधित वस्तुओं की खरीददारी करते हैं। इसी को देखते हुए स्थानीय लोगों के द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि सप्ताह में एक दिन हर रविवार को श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के प्रांगण में आसपास के सभी दुकानदारों की मदद से बाजार लगाया जाएगा। जिससे क्षेत्र के विकास के साथ साथ छोटे स्तर के दुकानदारों का कारोबार भी बढ़ेगा व युवाओं को छोटे स्तर से ही रोजगार के साधन खुलेंगे । इस मंदिर परिसर में चहल पहल भी रहेगा उसके साथ साथ आम जनों को भी साग सब्जी व अन्य सामग्री को खरीदने दूसरे जगहों पर भटकना भी नही पड़ेगा। वंही बाजार लगने की तैयारी को लेकर मंगलवार को परिसर की साफ सफाई स्थानीय लोगों ने श्रम दान कर किया। श्रम दान करने वालों में सत्यप्रकाश चौबे, मुनि यादव, शंभु राम, बालाजी, प्रदीप चंद्रवंशी, सुदर्शन यादव सहित कई लोगों के नाम शामिल हैं।

**बैठक :** दुर्गा पूजा के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में उपायुक्त ने की अपील

# विधि व्यवस्था बनाये रखने में जिला प्रशासन को मिल कर करें सहयोग

> त्योहारों के दौरान पूरे शहर एवं जिले के हर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है : एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** दुर्गा पूजा एवं दशहरा त्योहार के अवसर पर जिले में विधि-व्यवस्था संधारण के मद्देनजर आज समाहरणालय गढ़वा के सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी, थाना प्रभारी एवं शांति समिति के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। बैठक में सर्वप्रथम विभिन्न प्रखंडों से आए शांति समिति के गणमान्य नागरिकों से उनके क्षेत्र में हो रहे दुर्गा पूजा के संबंध में जानकारी ली गई। अधिकांश नागरिकों द्वारा बताया गया कि उनके प्रखंडों में शांतिपूर्ण तरीके से दोनों समुदाय आपस में मिलकर हर्सोल्लास के साथ एक दूसरे का त्यौहार मनाते हैं।। उपायुक्त ने खुशी व्यक्त करते हुए इसी प्रकार आगे भी विधि व्यवस्था बनाए रखने में जिला प्रशासन को सहयोग करने का अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान कोई भी ऐसा कार्य न करें जिससे जिला प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़े, यदि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना मिलती है तो इसे जिला प्रशासन को साझा करें या स्थानीय प्रशासन अथवा थाना प्रभारी को सूचित करें जिससे समय रहते उन्हें रोका जा सके। किसी भी परिस्थिति में कानून को हाथ में न लें।

दुर्गा पूजा व दशहरे को लेकर उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा विभिन्न स्तर की तैयारी को लेकर उपस्थित प्रशासनिक पदाधिकारी एवं हिंदू मुस्लिम समन्वय समिति एवं शांति समिति के सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिले के विभिन्न कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद एवं नगर पंचायत को शहरों में एवं जिले के विभिन्न पूजा स्थलों पर साफ सफाई कराने, कूड़ेदान की व्यवस्था कराने, लाइटनिंग की व्यवस्था एवं खराब पड़े सभी लाइट्स की मरमती तथा ध्वनि प्रदूषण को निर्धारित करने संबंधी कई दिशा निर्देश दिए गयें।

मौके पर उपस्थित कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल को त्योहारों के दौरान बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने की बात कही गई। बैठक में उपस्थित सिविल सर्जन गढ़वा को त्योहार के दौरान अप्रिय घटनाओं से निबटने हेतु समुचित चिकित्सकीय व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक गढ़वा श्री पांडे द्वारा बताया गया कि त्योहारों के दौरान पूरे शहर एवं जिले के हर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उपस्थित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को पूजा पंडाल के सदस्यों को अपने-अपने पूजा स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित करने हेतु निर्देशित करने को कहा। सभी पूजा पंडालों के सदस्यों एवं वॉलिंटियर्स को अपने-अपने पहचान हेतु आईकार्ड बनवा लेने की भी बात कही गई। मौके पर उपस्थित सभी लोगों को उपायुक्त श्री जमुआर एवं पुलिस अधीक्षक श्री पांडे द्वारा दशहरे की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं एवं इसे हर्षो-उल्लास, आपसी सहयोग एवं सुरक्षित तरीके से मनाने की अपील की गई।

बैठक में मुख्य रूप से सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि, प्रखंड एवं पंचायत के जनप्रतिनिधि, शांति समिति के गणमान्य सदस्य समेत जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी रंका राम नारायण सिंह, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी कार्यपालक पदाधिकारी, सभी कार्यपालक अभियंता, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## भाजपा श्रीवंशीधर नगर ग्रामीण मंडल ने चलाया बूथ सशक्तिकरण अभियान

> अपना बूथ सबसे मजबूत बूथ का संकल्प लेकर मेहनत करने की जरूरत है : शारदा महेश प्रताप देव

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** भारतीय जनता पार्टी श्री वंशीधर नगर ग्रामीण मंडल के द्वारा पिपरडीह शक्ति केंद्र के बूथ नं. 215 पर बूथ सशक्तिकरण एवं विजय अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता शारदा महेश प्रताप देव ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अपना बूथ सबसे मजबूत बूथ, का संकल्प लेकर हम लोगों को हर एक बूथ पर मेहनत करने की जरूरत है। बूथ जीते चुनाव जीते का नारा लगाते हुए शारदा महेश प्रताप देव ने कहा कि पार्टी का सबसे सशक्त और मजबूत कार्यकर्ता बूथ कमेटी होता है। जिसके बल पर पार्टी राज्यों एवं केंद्र सहित अन्य सरकार बनाने में सफलता प्राप्त करती है। श्री देव ने कहा कि सभी बूथ कमेटी के सदस्यों को अपनी जवाबदेही का पूर्ण रूप से निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में प्रचंड सफलता हेतु पाटी के एक एक कार्यकर्ता को आम लोगों के बीच में प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा किए गए जन उपयोगी कार्यक्रमों को लेकर जाने की आवश्यकता है, घर-घर उसे बताने की आवश्यकता है। मौके पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विकास पांडे ने कहा कि बूथ कमेटी जितना सशक्त होगी पार्टी की जीत उतनी ही बड़ी होगी। मौके पर वरिष्ठ नेता रामशक्ल दूबे, प्रभू दयाल प्रसाद, विनोद पासवान सहित भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शांति निवास उवि में कार्डिनल के निधन पर शोकसभा आयोजित

> वद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राओं ने श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके दिखाएं मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शहर के चिनिया रोड स्थित शांति निवास उच्च विद्यालय में कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के निधन पर विद्यालय परिवार द्वारा श्रद्धा सुमन श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद एक शोक सभा का आयोजन किया गया।

मौके पर विद्यालय की प्राचार्य सिस्टर रौशना ने कार्डिनल टोप्पो के जीवन का विस्तार सार सुनाया। उन्होंने बताया कि कार्डिनल टोप्पो का जन्म 15 अक्टूबर 1939 को गुमला जिले में हुआ था।

कार्डिनल टोप्पो ने शिक्षा के साथ-साथ अपने पुरोहिताही जीवन में आगे बढ़े और मानव सेवा में सुशोभित रहे। वे 1978 से 1984 तक धर्म अध्यक्ष पद को संभाले, 1985 से 2018 तक मुख्य धर्म अध्यक्ष के पद को संभाले और 2019 से अब तक कार्डिनल के पद पर रहे। लेकिन इसी कार्यकाल के दौरान 4 अक्टूबर 2023 को उनका निधन हो गया। प्राचार्य सिस्टर रोशमा ने बताया कि कार्डिनल टोप्पो वृद्धावस्था में थे और विगत तीन महीने से बीमार चल रहे थे, जो लेवेन्स हॉस्पिटल मंडार रांची में भर्ती थे। 4 अक्टूबर को उन्होंने इसी अस्पताल में अंतिम सांस ली।

सिस्टर रोशना ने बताया कि कार्डिनल टोप्पो ने शिक्षा के क्षेत्र में, समाज सेवा के क्षेत्र में, रोगियों की सेवा में, अनाथालय के बच्चों की सेवा, और जेल में कैदियों की सेवा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्डिनल टोप्पो का सरल जीवन, उच्च विचार, और महानता के कारण हमेशा एकता का संदेश दिया। इस दुख की घड़ी में शांति निवास उच्च विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राओं ने श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

श्रद्धांजलि समारोह में प्राचार्य सिस्टर रोशना, सचिव सिस्टर लिंडा, अमिता केरकेट्टा, स्वाति तिगा, रविन्द्र खालको, सुष्मिता मिंज, अमिता मिंज, रानी एम, सिकंदर खान, रामविनय, अलख पांडेय, प्रेम कुमार, प्रिंस पांडेय, और अन्य लोग शामिल थे।

## रौनियार वैश्य महासभा के महासचिव पद पर बैजनाथ प्रसाद गुप्ता निर्विरोध निर्वाचित

> मेरा उद्देश्य समाज को संगठित व एकजुट कर अंतिम पायदान पर खड़े समाज के लोगो को आगे लाना है : बैजनाथ प्रसाद गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखण्ड प्रदेश रौनियार वैश्य महासभा के महासचिव पद के लिए भवनाथपुर मुख्यालय निवासी बैजनाथ प्रसाद गुप्ता को निर्विरोध चयनित किया गया। प्रदेश कमिटी में बैजनाथ प्रसाद गुप्ता के निर्विरोध चुने जाने पर जिला रौनियार वैश्य कमिटी ने बधाई देते हुए खुशी जाहिर की है। विदित हो कि बैजनाथ प्रसाद गुप्ता रौनियार वैश्य कमिटी गढ़वा जिला के लगभग दो वर्षों तक अध्यक्ष रह चुके हैं। प्रदेश कमिटी के महासचिव पद के लिये चयनित श्री गुप्ता ने कहा मैं पूरी तन्मयता व समर्पित भाव से समाज की उन्नति के लिये कार्य करूंगा। मेरा उद्देश्य समाज को संगठित कर एकजुट कर अंतिम पायदान पर खड़े समाज के लोगों को आगे लाना है। इधर बैजनाथ प्रसाद गुप्ता को महासचिव बनाए जाने पर बधाई देने वाले में जिला नगर अध्यक्ष हीरालाल प्रसाद गुप्ता, सचिव संगठन मंत्री दामोदर प्रसाद गुप्ता, प्रमंडलीय उपाध्यक्ष अशोक प्रसाद गुप्ता, जिला संरक्षक नंद कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, दिनेश गुप्ता, मुन्ना प्रसाद, ओमप्रकाश गुप्ता, नवलकिशोर गुप्ता, विजय गुप्ता, विश्वनाथ गुप्ता, रामविचार साहू, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, संजय प्रसाद, उपेंद्र प्रसाद, कृष्ण प्रसाद सहित अन्य लोगों के नाम शामिल हैं।

### रमना थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



**रमना (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक मंगलवार को की गयी। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद केसरी ने कहा दशहरा एक महान पर्व है जिसे हम सभी को मिलजुल कर मनाने की जरूरत है। कहा कि पूजा के दरम्यान समिति के सभी सक्रिय सदस्यों को सतर्क रहने की जरूरत है। वहीं सीओ वासुदेव राय ने सरकार के गाइड लाइन को पूरा करते हुए पूजा संपन्न करने की अपील की। प्रमुख करुणा सोनी ने कमिटी के सदस्यों से अश्लील गानों को नहीं बजाने की अपील की। वहीं 20 सूत्री उपाध्यक्ष मंसूर अंसारी ने कहा कि यहां प्रत्येक त्योहार शांति और सौहार्द के साथ मनाया जाता है। हमें इसी परंपरा को कायम रखना है। थाना प्रभारी कृष्णा कुमार कुशवाहा ने कहा कि असमाजिक लोगों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। वक्ताओं में सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, पूर्व प्रमुख मृत्युंजय कुमार सिंह, नसीरुद्दीन अंसारी, भाजपा नेता अजय कुमार सिंह सहित अन्य लोगों ने कार्यक्रम को संबोधित किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रूपनारायण यादव, रमना मुखिया दुलारी देवी, सिलीदाग मुखिया अनीता देवी, बहियार खुर्द मुखिया सोनी देवी, बुल्का मुखिया अनीता देवी, कर्णपुरा मुखिया अजीत कुमार पांडेय, टंडवा मुखिया संतोष सिंह, हरादाग कला प्रभारी मुखिया सहदेव चौधरी, चुन्नू सिंह आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर रमेश चंद्रवंशी, राजेंद्र उरांव, झामुमो नेता नागेंद्र कुमार सिंह, गणौरी प्रसाद गुप्ता, गुलाम अली अंसारी, बिरंची पासवान, बीरेंद्र बैठा, संतोष साह, अनमोल सोनी, नंदू साह, सुनील गुप्ता सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे। संचालन विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार सिंह ने किया।

### मां भगवती पूजा समिति, देवी मंडप लगमा के 5वीं बार अध्यक्ष बने पंकज चौधरी



**मेराल (आजाद सिपाही)।** देवी मंडप लगमा में दुर्गा पूजा महोत्सव के भव्य आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों की एक बैठक हुई, जिसमें समिति का पुनर्गठन किया गया। सर्वसम्मति से माँ भगवती पूजा समिति, देवी मंडप लगमा का गठन किया गया जिसमें द्वारिका नाथ पांडेय एवं मनोज सोनी को संरक्षक बनाया गया। साथ ही पंकज चौधरी को 5वीं बार पूजा समिति के अध्यक्ष के रूप में दायित्व प्रदान किया गया। साथ ही अनंत प्रसाद एवं शैलेन्द्र पांडेय को सचिव, सुमंत पांडेय एवं मुक्तेश्वर पांडेय को संयोजक, शशि कान्त पांडेय एवं कौशल पांडेय को कोषाध्यक्ष, आशीष गुप्ता तथा शिव पटेल को उपाध्यक्ष बनाया गया। साथ ही व्यवस्थापक के रूप में मृत्युंजय पांडेय एवं जीतेन्द्र पांडेय रहेंगे। संगठन मंत्री के रूप में मंदीष गुप्ता, आश्विनी गुप्ता, एवं क्षितिज पांडेय मनोनीत किए गये। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शाश्वत ठाकुर, राजू पटेल, जयशंकर पांडेय, निखिल पटेल, जयप्रकाश पटेल, बादल, राहुल आदि का मनोनयन किया गया। पूजन-अनुष्ठान के दायित्व को अमरेश पांडेय एवं ग्राम प्रतिनिधि संजय सोनी, विकी पटेल, हिमांशु गुप्ता समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से भव्य आयोजन को सफल बनाएंगे।

**कार्यक्रम :** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर आरकेवीएस बीएड कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन

# बेटियां सचमुच भगवान के सुंदर और सुखद उपहार हैं : उपायुक्त

> आज लड़कियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं : अलखनाथ पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** स्वास्थ्य विभाग, गढ़वा के द्वारा अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर आरकेभीएस बीएड कॉलेज के सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त शेखर जम्मुवार व सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत गान से की गयी। आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने दोनों ही अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर और शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन व सम्मानित किया। इसके पश्चात सभी अतिथियों के साथ निदेशक ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने स्वागत संबोधन में उन्होंने कहा कि आज बड़ा सौभाग्य का दिन है कि गढ़वा उपायुक्त हमलोगों के बीच कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर पर उपस्थित हैं। यह सच है कि किसी समय लड़कियों को बोझ समझा जाता था लेकिन आज लड़कियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। भारत की गौरवपूर्ण संस्कृति व सनातन धर्म में भी महिलाओं को देवी का दर्जा प्राप्त है। आज भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार हम महिला सशक्तिकरण व उनके उत्थान के लिए 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ', 'उज्ज्वला योजना', 33%आरक्षण जैसे अनेक कार्य किए जा रहे हैं।

सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह ने अपने संबोधन में बेटियों की शिक्षा पर जोर दिया। उनका कहना है कि शिक्षा से ही समाज और देश जगेगा और वे अपना अधिकार प्राप्त कर सकती हैं।

उपायुक्त ने महाविद्यालय की शिक्षा, संस्कार और अनुशासन की प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्थान बहुत अच्छे से कार्य कर रहा है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के द्वारा बनाए गए पोस्टर और रंगोली की भूरी भूरी प्रशंसा की। कहा 'बेटी है तो कल है, बेटी है तो प्यार और परिवार है।' बेटियां सचमुच भगवान के सुंदर और सुखद उपहार हैं। बेटियां प्यारी होती हैं। उन्होंने सीएस को इस तरह के सुंदर और प्रेरक पोस्टरों को स्वास्थ्य विभाग में लगवाने का सुझाव दिया। आज मैं भी इस शुभ अवसर पर अपनी बेटी को साथ लेकर आया हूं। सभी सफल प्रतिभागियों को उपायुक्त, सीएस और निदेशक के द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जेवियर एक्का (डीपीएम) और कुमार शुभम (डीसी यूनिसेफ) की भूमिका अहम रही। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ चन्द्रदीप पाण्डेय, अनुप कुमार पाण्डेय, सतीश तिवारी, आनंद मिश्रा, प्रवीण दुबे, राजन चौबे, रीतेश जयसवाल, रंजना दुबे और सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ चन्द्रदीप पाण्डेय के द्वारा किया गया।

#### विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

इस अवसर पर महाविद्यालय में निबंध, क्विज, रंगोली, लघु नाटक और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। निबंध प्रतियोगिता में खुशनुमा इकबाल, श्रेया कुमारी, पंकज कुमार गुप्ता को क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान, क्विज में अफरोजी खातून, सौरभ सिंह, पूजा गुप्ता क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान, पोस्टर प्रतियोगिता में श्वेता शर्मा, आरुषि प्रिया और रागिनी कुमारी को क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान एवं रंगोली प्रतियोगिता में प्रियंका केशरी, अदीति केशरी, गरिमा को क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान मिला। अनुष्का पाण्डेय और ग्रुप के द्वारा प्रस्तुत लघु नाटक की सभी ने प्रशंसा की।

### पुलिस निरीक्षक ने यातायात व्यवस्था को लेकर ऑटो चालकों को दिये दिशा-निर्देश



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश डीजल आटो चालक महासंघ के पदाधिकारियों के साथ पुलिस निरीक्षक, गढ़वा राजीव कुमार ने एक बैठक की । बैठक में मुख्य रूप से दुर्गा पूजा त्योहार को देखते हुए शहर मे यातायात व्यवस्था को लेकर कई निर्देश दिए गए। पुलिस निरीक्षक ने आटो रिक्शा चालकों को निर्देश दिया कि आप अपने आटो रिक्शा को सवारी चढ़ाने-उतारने के क्रम में सड़क से किनारे खड़ा करें, ओवरलोड सवारी लेकर नहीं चलें, सभी कागजात बनवाकर ही ऑटो चलायें। दाहिने तरफ से सवारी नहीं उतारें या चढ़ावें तथा ऑटो में दाहिने तरफ रड अवश्य लगवा लें। इस पर डीजल आटो चालक महासंघ के पदाधिकारियों ने अपनी पुरानी मांग रखी कि ऑटो रिक्शा का रूट बंटवारा एवं सभी रूटों में शहर के किनारे व्यवस्थित टेम्पो स्टैंड चालू कराया जाए। इससे शहर को जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी। बगैर टैम्पो स्टैंड के गढ़वा नगर परिषद द्वारा टैम्पो स्टैंड टोल टैक्स लेने पर सख्ती से रोक लगाई जाए। इसपर पुलिस निरीक्षक द्वारा आश्वासन दिया गया कि हम आपकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास करेंगे। बैठक में डीजल ऑटो के जिला अध्यक्ष रमेश कुमार दीपक (गढ़वा शहरी क्षेत्र), रंका रोड के अध्यक्ष दिलीप कुमार तथा महेंद्र तिवारी, चिनिया रोड के रूपेश कुमार, मझिआंव रोड से बब्लू विश्वकर्मा तथा मेराल रोड के धर्मेंद्र गुप्ता उपस्थित थे।

## जुबानी हमला : स्वास्थ्य मंत्री ने किया पिपरवार का दौरा, कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

# मुख्यमंत्री-सरकार को केंद्रीय जांच एजेंसियों से डराना चाह रही है भाजपा: मंत्री बन्ना गुप्ता

### कहा- झारखंड की जनता सरकार के साथ, 2024 चुनाव में सिखायेगी भाजपा को सबक

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने बुधवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया। बचरा पहुंचने पर झारखंड महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह के नेतृत्व में कार्याकर्ताओं ने बचरा पेट्रोल पंप के पास मंत्रीजी का स्वागत किया। इसके बाद मंत्री बन्ना गुप्ता महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह के बचरा स्थित आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया। साथ ही मंत्री ने कार्यकर्ताओं की समस्या के समाधान का भरोसा दिया। पत्रकारों से बात करते हुए मंत्री बन्ना गुप्ता ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार केंद्रीय जांच एजेंसियो का दुरुपयोग कर रही है। ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग का गलत तरीके से उपयोग कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और सरकार को परेशान और बदनाम करने की कोशिश कर रही है। राज्य में महागठबंधन सरकार की ओर से किये जा रहे विकाश एवं जन कल्याणकारी कार्यो से भाजपा के पेट में दर्द हो रहा है। सरकार के विकाश कार्यो में भाजपा बाधा पैदा करना चाह रही है। जनता झारखंड सरकार के साथ है और 2024 के चुनाव में भाजपा को माकूल जवाब देगी। कोयलांचल की लचर चिकित्सा सुविधा पर उन्होंने रांची और चतरा डीसी से बात कर बेहतर चिकित्सा सुविधा बहाल करने और डीएमएफटी फंड से कोयलांचल में विकाश कार्य बढ़ाने की बात कही। उन्होंने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार में कई घोटाले हुए हैं, लेकिन उस पर किसी तरह की जांच नहीं हुई। भूमि अधिग्रहण से लेकर कोयला उत्खनन में भाजपा के भ्रष्टाचार की बू आती है, लेकिन इस पर किसी जांच एजेंसी की नजर नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार किसी भी जांच से डरने वाली नहीं है। राज्य की जनता का अपार समर्थन महागठबंधन सरकार के साथ है। इस मौके पर कांग्रेस की प्रदेश सचिव पिंकी सिंह, अभय कुमार सिंह, रवि भारद्वाज, धीरेंद्र शर्मा, अमोलकांत मिश्रा, नंददेव राम, संतोष दास, नुरुल अंसारी, सचिन पासवान, जाहिद अली आदि मौजूद थे। वहीं, पिपरवार दौरा के दौरान स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का कल्याणपुर चौक में कांग्रेस के चतरा जिला उपाध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना के नेतृत्व में माला पहना कर स्वागत किया गया।



पिपरवार पहुंचे मंत्री बन्ना गुप्ता का स्वागत करती महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह व अन्य।



मंत्री बन्ना गुप्ता का स्वागत करते कांग्रेसी।

## पुरानीराय जितिया जतरा मेला का रहा है गौरवशाली इतिहास: सुदेश



समारोह का उद्घाटन करते सिल्ली विधायक सुदेश महतो।

**जितिया जतरा मेले का समापन, तीन दिन में शामिल हुए 50 हजार से अधिक लोग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** कोयलांचल क्षेत्र के पुरानीराय स्थित झारखंडी शिव मंदिर के पास चल रहे दो दिवसीय जितिया जतरा मेला का मंगलवार की रात समापन हो गया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजस सुप्रीमो सुदेश महतो के अलावा केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी, कांके विधानसभा प्रभारी रामजीत गंझु आदि शामिल हुए। अतिथियों ने सामूहिक रूप से नागपुरी आरकेस्ट्रा का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में सुदेश महतो ने जितिया जतरा मेला पर प्रकाश डाला। कहा कि कोयलांचल क्षेत्र के झारखंडी शिव मंदिर पुरानीराय में 70 वर्ष से जितिया जतरा मेला का आयोजन हो रहा है। इसका गौरवशाली इतिहास रहा है। अपने पुत्र की लंबी आयु के लिए माताओ द्वारा जितिया पूजा की जाती है, जबकि आपसी भाईचारगी के लिए जतरा मेला का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि पूर्वजों के समय से चलते आ रहे इस तरह के आयोजन को आज भी हमारे युवा पीढ़ि आगे बढ़ा रहे हैं। इस मौके पर पूर्व जिप सदस्य पार्वती देवी, मेला समिति के संरक्षक नागेश्वर महतो, अध्यक्ष अर्जुन महतो, खलारी उप प्रमुख सुमन देवी, राय मुखिया शीला देवी, पूर्व उप प्रमुख एतवारा महतो, संजय महतो, भीम सिंह यादव, विनोद सिंह, गणेश महतो, धर्मनाथ महतो, राजेश महतो, दीपक महतो, नरेश महतो, अशोक रवि, मोहन महतो, प्रमोद प्रजापति, उगन महतो, इम्तियाज अंसारी, उमेश मेहता, अवधेश महतो, प्रभाकर वर्मा, रविशंकर जायसवाल, सदन महतो आदि उपस्थित थे।

## सविमं करकट्टा में विज्ञान प्रदर्शनी सह मेले का आयोजन, 60 प्रदर्श प्रस्तुत किये गये

**खलारी (आजाद सिपाही)।** करकट्टा सरस्वती विद्या मंदिर में बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी सह मेला का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत मुख्य अतिथि रोहिणी पीओ जितेन्द्र कुमार सिंह और विशिष्ट अतिथि खान प्रबंधक दीपक कुमार, विद्यालय सचिव संजीव रंजन सिंह, सह सचिव राघवेंद्र कुमार एवं प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए विज्ञान मेला के उद्देश्यों को बताया। यह कार्यक्रम तीन वर्गों शिशु, बाल एवं किशोर वर्ग में विभाजित कर कुल 60 प्रदर्श प्रस्तुत किए गए। जिसमें प्राकृतिक आपदा, भूकंप एवं ज्वालामुखी वर्षा जल संरक्षण, कचरा प्रबंधन पर आधारित प्रदर्श, नवाचार प्रदर्श जैसे लेजर सिक्योरिटी सिस्टम चंद्रयान-3, नवीकरण ऊर्जा स्त्रोतों पर आधारित थे। अंत में निर्णायकों द्वारा प्रथम पुरस्कार चंद्रयान-3, द्वितीय पुरस्कार लेजर सिक्योरिटी एवं तृतीय पुरस्कार गति पर आधारित प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त आचार्य, आचार्या एवं छात्र-छात्राओं का सहारणीय योगदान रहा।

## जामुनदोहर में 11वें दिन भी रैयतों का धरना जारी

**खलारी (आजाद सिपाही)।** बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (सीटू) के बैनर तले जामुनदोहर में लगातार 11वें दिन रैयतों का धरना जारी रहा। बतातें चलें कि जामुनदोहर में तमाम खतियानी रैयत और यूनियन के पदाधिकारी विस्थापन, नौकरी और मुआवजा देने की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं। खतियानी रैयतों ने कहा कि जब तक हम लोंगों का हक अधिकार मिल नहीं जाता तब तक धरना जारी रहेगा। कहा कि जब से यहां सीसीएल का खदान खुला है तब से हम लोगों को हमेशा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खदान से गर्दा और निकल रही जहरली गैस से हम लोग कई तरह की विमारियों से ग्रसित हो रहे है।

## नाराजगी : लोकेश मिश्र ने किया स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण

# चिकित्सकों की अनुपस्थिति बर्दाश्त नहीं: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** डीसी लोकेश मिश्रा ने बुधवार को स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर वहां चिकित्सीय सुविधाओं को सुदृढ़ एवं बेहतर करने का निर्देश दिया, ताकि मरीजों को सुविधा मिल सके। डीसी ने कर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। औचक निरीक्षण के क्रम में डीसी ने अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों, दवाइयों की उपलब्धता आादि की जानकारी ली। उन्होंने कुपोषण उपचार केंद्र (एमटीसी) का भी निरीक्षण किया और कुपोषित बच्चों की उचित देखभाल का निर्देश दिया। उन्होंने अस्पताल के चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों और सफाई कर्मियों के बारे में जानकारी ली। कड़े शब्दों में कहा कि चिकित्सकों की अनुपस्थिति बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अस्पताल में पेयजलापूर्ति, शौचालय, बिजली की आपूर्ति व अन्य बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया।




स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर जरूरी निर्देश देते डीसी लोकेश मिश्रा।

### एकाग्र-अनुशासित होकर अपनी पढ़ाई करें छात्राएं

इस दौरान डीसी ने कर्रा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में छात्राओं से मिलकर उन्हें पाठ्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। विद्यार्थियों को उच्चतर शिक्षा के लिए भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों से अवगत कराया। उपायुक्त ने छात्राओं से कहा कि एकाग्र और अनुशासित होकर अपनी पढ़ाई करें। उन्होंने निमार्णाधीन भवन की कार्य प्रगति में तेजी लाने एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कर्रा पलस टू स्कूल का भी निरीक्षण किया और सुविधाओं का जायजा लिया।

# शाल्वी परवीन ने मुख्यमंत्री से की जिला परिषद अभियंता की शिकायत, लगाया योजनाओं में कमीशन लेने का आरोप

**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी पूर्व की जिला परिषद सदस्या शाल्या परवीन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोनेर को पत्र लिखकर जिला परिषद अभियंता की ओर से सरकारी योजनाओं में कमीशन लेने का गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत की है। पत्र में शाल्या परवीन ने कहा कि रांची जिला परिषद् अभियंता की ओर से डीएमएफटी फंड़ की विभिन्न योजनाओं में जो भी निविदा निकलती हैं, उसमें निविदा के बाद ठेकेदारो से 11 प्रतिशत कमीशन लेकर ही एग्रीमेंट किया जा रहा हैं। जिप सदस्य ने आरोप लगाया कि इससे न सिर्फ भ्रष्टाचार, बल्कि योजनाओं कि गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह करते हुए कहा कि विषय की गंभीरता को ध्यान में रख कर रांची जिला परिषद अभियंता के ऊपर त्वरित कार्रवाई कि जाए। साथ ही कहा कि जब तक जिला परिषद अभियंता रांची पर कार्रवाई नहीं होती है मैं जिला परिषद की किसी मीटिंग में शामिल नहीं होऊंगी।

## सभी कस्तूरबा आवासीय विद्यालयों में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन

# 2030 तक बाल विवाह को पूरी तरह से करना है समाप्त : अल्ताफ अंसारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** मुरहू कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय में झारखंड महिला उत्थान, खूंटी और कैलाश सत्यार्थी चाइल्ड फाउंडेशन के सहयोग से बुधवार को जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया। इसके अलावा खूंटी, अड़की, तोरपा और कर्रा के कस्तूरबा आवासीय विद्यालयों में भी कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुरहू में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ उप प्रमुख अरुण साबू और जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अल्ताफ अंसारी ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर किताब व्हेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रेन टिपिंग प्वाइंट टू एंड चाइल्ड मैरेज का लोकार्पण किया गया। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी ने कहा कि बाल विवाह से सबसे ज्यादा प्रभावित 300 से अधिक जिलों में नागरिक, समाज और महिलाओं की अगुआई में चल रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अहम दस्तावेज के रूप में यह किताब एक समग्र वैचारिक आधार, रूपरेखा और कार्ययोजना पेश करती है। अभियान का लक्ष्य 2030 तक बाल विवाह को पूरी तरह समाप्त करना और इस तरह हर साल 15 लाख बच्चियों को बाल विवाह से सुरक्षित करना है। उप प्रमुख ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर पूरे देश में चल रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के दौरान गैर सरकारी संगठन झारखण्ड महिला उत्थान ने राज्य के खूंटी जिले में भुवन ऋभु की किताब ह्वेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रेनः टिपिंग प्वाइंट टू एंड चाइल्ड मैरेज का लोकार्पण प्रशंसनीय है। वहीं, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी स्नेहलता कुजूर ने कहा कि बाल विवाह की चुनौती का सामना करने के रास्ते में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। भारत में बाल विवाह की मौजूदा दर 23.3 प्रतिशत है। यूनीसेफ का अनुमान है कि अगर पिछले 10 साल के दौरान बाल विवाह रोकथाम की दिशा में किये जा रहे कार्य की प्रगति इसी तरह जारी रही, तो 2050 तक भारत में बाल विवाह की दर घट कर छह प्रतिशत पर आ पाएगी। झारखण्ड महिला उत्थान की नीलम बेसरा ने बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई में उक्त पुस्तक को एक सामयिक और अहम हस्तक्षेप बताते हुए कहा कि नागरिक, समाज और सरकार दोनों ही बाल विवाह मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरे समर्पण से काम कर रहे हैं। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष सनिका पाहन, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी स्नेहलता कुजूर आदि उपस्थित थे।



## महत्वपूर्ण न्यूज

### खलारी में प्रखंड स्तरीय मेरी माटी मेरा देश व विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



खलारी (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय परिसर में बुधवार को प्रखंड स्तरीय मेरा माटी मेरा देश के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार डालसा सिविल कोर्ट रांची की ओर से 100 दिवसीय आउटरीच जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बीडीओ लेखराज की अध्यक्षता में की गयी। डालसा प्रतिनिधि खलारी मुन्नू शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद युवा केंद्र के कार्यक्रम प्रभारी उमेश वैध की ओर से मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी एवं विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह ने कार्यक्रम के महत्व को बताया। बीडीओ लेखराज नाग ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ॉमेरी माटी मेरा देश अभियान की घोषणा की थी। अभियान का उद्देश्य उन बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों का सम्मान करना है, जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न पंचायत के मुखिया द्वारा अपने-अपने विचारों को रखा गया। इस दौरान डालसा सिविल कोर्ट से पहुंची लीगल डिफेंस काउंसिल की कविता खाटी ने डालसा द्वारा चलाई जा रही निःशुल्क कानूनी मदद की जानकारी दी। वहीं शिवानी सिंह ने पोक्सो एक्ट, बाल मजदूरी से बचाव, मानव तस्करी के खिलाफ जागरूकता एवं इसके पीड़ितों को लीगल मदद मिलने सहित निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने के संदर्भ में जानकारी दी। डालसा प्रतिनिधि मुन्नु शर्मा ने कहा कि जरूरतमंद बच्चों को डालसा द्वारा चलाई जा रही योजना स्पॉन्सरशिप का लाभ खलारी क्षेत्र में रहने वाले जरूरतमंद बच्चों को मिले इसके लिए एक सूची प्रखंड कार्यालय में जमा करायी गई है। कार्यक्रम के बाद पंचायत से कलश में लाए हुए मिट्टी को प्रखंड स्तरीय बड़े कलश में रखकर प्रखंड मुख्यालय से शहीदों के नाम का नारा लगाते हुए रैली निकाल कर चौक चौराहा में भ्रमण किया गया। अंत में नेहरू युवा केंद्र कार्यक्रम के प्रभारी उमेश वैध द्वारा धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। मौके पर विभिन्न पंचायत के मुखिया, पंसस, एनएसएस डकरा के छात्र एवं शिक्षक, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विनय कुमार गुप्ता, प्रखंड समन्वयक असित कुमार, प्रभारी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी पदाधिकारी अजीत कुमार, युवा केंद्र के सदस्य प्रकाश कुमार, प्रखंड एवं अंचल के कर्मी उपस्थित।

### सिल्ली विधायक की पहल पर लगा ट्रांसफॉर्मर

सिल्ली (आजाद सिपाही)। विधायक सुदेश महतो की पहल पर बुधवार को प्रखंड के कोचों पंचायत के माड़दु गांव में 25 केवीए एवं पिस्का पंचायत के जाराडीह गांव में 10 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, कोचों मुखिया सोमवारी देवी, पिस्का मुखिया सोमरा मांझी, क्षेत्रीय प्रभारी लक्ष्मण महतो व शुशील ने संयुक्त रूप से ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। बतातें चलें कि विगत 15 दिनों से ग्रामीण अंधेरे में रहने को विवश थे। लोगों ने इसको लेकर विधायक से शिकायत की थी। ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों ने विधायक, जन प्रतिनिधियों एवं आजसू के क्षेत्रीय प्रभारीयों का आभार जताया। इस मौके रामस्वरूप मंडल, धीरेन महतो, चुल्हा प्रमुख एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### 13 अक्टूबर को तोरपा और मुरहू में एकलव्य विद्यालय का शिलान्यास करेंगे अर्जुन मुंडा

खूंटी (आजाद सिपाही)। केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री और खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा 13-14 अक्टूबर को अपने संसदीय क्षेत्र में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इस दौरान 13 को अपराह्न 2.30 बजे तोरपा प्रखंड के सारिदकेल गांव और अपराह्न चार बजे मुरहू प्रखंड मुख्यालय में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय और खूंटी जिले की विकास योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। दूसरे दिन यानी 14 को खूंटी जिला मुख्यालय में सुबह 10 बजे से आयोजित जिला निगरानी एवं समन्वय समिति (दिशा) की बैठक में शामिल होंगे। इसके बाद केंद्रीय मंत्री अड़की प्रखंड में अपराह्व तीन बजे डिजिटल एक्स-रे मशीन अधिष्ठापन का उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने दी।

### बुंडू सीओ को श्रीश्री मौसी बाड़ी समिति ने सौंपा ज्ञापन

बुंडू (आजाद सिपाही)। श्री श्री मौसी बड़ी समिति की ओर से बुधवार को बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी एवं कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत को ज्ञापन सौंपा गया। जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व दुर्गा पूजा को देखते हुए मौसी बड़ी परिसर में वाहनों का पड़व, बुंडू नगर पंचायत द्वारा अखबार में निकल गया था। इस बात से मौसी बड़ी एवं आम जनता में काफी आक्रोश है। ज्ञापन में मौसी बड़ी समिति की ओर से कहा गया कि मौसी बड़ी मंदिर परिसर में निःशुल्क अस्थाई वाहन पार्किंग की मांग की गई है। मौसी बाड़ी मंदिर के अध्यक्ष अध्यक्ष लक्ष्मण महतो ने कहा कि मौसी बड़ी मंदिर परिसर में आज तक कभी भी वाहनों का सैरात नहीं किया गया है। इस तरह के कार्य से आम जनता आहत है। ज्ञापन सौंपने वालों में लक्ष्मण महतो, रंजीत लहरी, राजीव लोचन महतो और मदन महतो आदि शामिल थे।

### अमानत अली इंटर कॉलेज में हुई बैठक में शासी निकाय कमेटी का हुआ पुनर्गठन

बुंडू (आजाद सिपाही)। अमानत अली इंटर कॉलेज में शासी निकाय की बैठक हुई। जिसमें सर्व समिति से शासी निकाय कमेटी का पुनर्गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष विधायक विकास कुमार मुंडा, सचिव मोहम्मद असद अली चुने गए। इस मौके पर बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार साव, जैक प्रतिनिधि डॉ जयराम महतो, शिक्षक प्रतिनिधि श्वेता सिंह, प्रिंसिपल अली अल अराफात मौजूद थे।

### स्टोनेक्स सेवन ने एचएलएम को 1-0 से हराया

सिल्ली (आजाद सिपाही)। सिल्ली स्टेडियम में चल रहे झारखंड प्रीमियर लीग मैच के आठवें दिन बुधवार को पहला मैच एचएलएम स्पोर्टिंग बनाम स्टोनेक्स सेवन व दुसरा मैच सीएजे टाटा बनाम सिल्ली यूनाइटेड के बीच खेला गया। पहले मैच में स्टोनेक्स सेवन के जर्सी नंबर 11 के खिलाड़ी बिट्टू कुमार ने गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। खेल के समाप्ति तक स्टोनेक्स सेवन 1-0 से विजयी रहा। इससे पूर्व गूंज के अध्यक्ष सुनील सिंह, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, सोनाहातु पूर्वी के जिप सदस्य मंजू सिंह व आजसू प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र करमाली ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। समाचार लिखे जाने तक दूसरा मैच सीएजी टाटा व सिल्ली यूनाइटेड के बीच जारी था।

### दो महीने से पानी के लिए तरस रहे खूंटी जोजोटोली के लोग

खूंटी (आजाद सिपाही)। जिला मुख्यालय के जोजोटोली बस्ती (बाजार टांड़) के लोग पिछले दो महीने से पानी के लिए तरस रहे हैं। डीप बोरिंग के माध्यम से की जाने वाली पेयजलापूर्ति पिछले दो महीनों से बंद है। ऐसी स्थिति डीप बोरिंग में लगाई गई समरसेबल (पानी मशीन) खराब हो जाने के कारण उत्पन्न हुई है।

## भीषण सड़क हादसा : अनगड़ा में मजदूरों से भरी सवारी गाड़ी पलटी

# दो की मौत, दो दर्जन से अधिक लोग घायल

**आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने रिम्स में घायलों से मिलकर उनकी स्थिति की ली जानकारी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**






**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची-मुरी मार्ग पर हाहे मड़ई के पास बुधवार की सुबह हुई भीषण सड़क हादसे में दो व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो दर्जन से भी अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल लोगों को इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया है। मृतकों में थाना क्षेत्र के चिलदाग गांव निवासी रमेश करमाली (33) एवं सिकिदीरी थाना क्षेत्र के चुकड़ूवाहा टाटी निवासी राजेश बेदिया (45) शामिल हैं। मृतक रमेश करमाली उपायुक्त कार्यालय रांची में कार्यरत था। घटना के संबंध में बताया गया कि रमेश करमाली अपनी पत्नी संगीता देवी के साथ स्कूटी पर सवार होकर अनगड़ा की तरफ जा रहे थे। वहीं दूसरी बाईक में टाटी मवि का शिक्षक शंकर उरांव भी अनगड़ा की ओर जा रहा था। इसी दौरान विपरित दिशा से तीव्र गति से आ रही एक सवारी गाड़ी जो मजदूरों से खचाखच भरी थी सामने से स्कूटी और बाईक को अपनी चपेट में लेने के बाद असंतुलित होकर पलट गई। दुर्घटना में मौके पर ही स्कूटी सवार रमेश करमाली की मौत हो गई। वहीं सवारी गाड़ी में सवार दो दर्जन से भी अधिक मजदूर घायल हो गए। सवारी गाड़ी में सवार राजेश बेदिया की मौत रिम्स ले जाने के क्रम में हो गई। घायलों में कई की हालत नाजुक बनी हुई है। घायलों में मृतक रमेश की पत्नी संगीता देवी व शिक्षक शंकर उरांव भी शामिल हैं।

घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची तथा स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को पहले सीएचसी ले जाया गया और फिर वहां से रिम्स रेफर किया गया। पुलिस को मदद करने वालों में अजय राज, रब्बानी राज, झब्बुलाल महतो, महाबीर महतो, रामानंद बेदिया, सरयु राम आदि शामिल थे।

**क्षमता से अधिक थे सवार :** बताया गया कि सवारी गाड़ी मुर्गीडीह टाटी से रांची की ओर जा रही थी। यह गाड़ी हर रोज इस रूट पर चलती है। भेड़-बकरियों की तरह ठुंस-ठुंस कर इसमें यात्री बैठाए जाते हैं। इस वाहन की क्षमता 18 यात्रियों की है, पर बुधवार को वाहन के अंदर और छत पर करीब 60 मजदूर बैठाए गये थे।

**घायलों के नाम :** जितवाहन मुण्डा, होरो मुण्डा, नेपाल महतो, इंद्र मुण्डा, राममोहन मुण्डा, प्यारी टोप्पो, महेश मुण्डा, जगदीश मुण्डा, लखीमनी देवी, जयराम बेदिया, चेतन बेदिया, शीला कुमारी, खेतू बेदिया, शीलावती देवी, फुलमनी देवी, सुमि देवी, संदीप कुमार शर्मा, दामिनी देवी, अजय गोप, सोमवारी देवी आदि।

**घायलों से मिलने पहुंचे सुदेश महतो :** घटना की जानकारी मिलते ही आजसू सुप्रीमो सह सिल्ली विधायक सुदेश महतो रिम्स के ट्रॉमा सेंटर पहुंचे। उन्होंने घायलों की स्थिति की जानकारी ली तथा निदेशक व अन्य चिकित्सकों को बेहतर व त्वरित इलाज करने का आग्रह किया।

## भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने मृतकों के परिजनों को खाद्य सामग्री व नगद राशि देकर किया सहयोग



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** ओरमांझी प्रखंड के वनलोटवा निवासी भाजपा कार्यकर्ता कंदरू महतो (60) एवं रोहिनडीह निवासी महेश प्रजापति (32) दोनों का निधन पिछले दिनों गंभीर बीमारी से हो गया था। जानकारी होने पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेंद्र कुमार ने दोनों मृतकों के घर जाकर श्राद्ध में सहयोग के लिए परिजनों को खाद्य सामग्री व नगद राशि दी। मौके पर उनकी पत्नी सालखो देवी, पूनम देवी, पूर्व मुखिया निलमोहन पाहन, संजय नायक, शंकर बैठा, राजेश लोहरा, बिगेसर महतो, गणेश लोहरा, ग्रामप्रधान देवचरण महतो, अरविंद महतो, मिथुन प्रजापति, फुलेंद्र प्रजापति, सोनू प्रजापति, कृष्णा महतो, फुलेंद्र महतो आदि उपस्थित रहे। मौके पर असमय मृत्यु पर गहरा दुख प्रकट किया।

## रातू उत्तरी पंचायत के डायट परिसर में मेरी माटी मेरा देश के तहत कार्यक्रम आयोजित

**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उत्तरी पंचायत स्थित डायट परिसर में बुधवार को मेरी माटी मेरा देश के तहत कार्यक्रम आयोजित की गई।कार्यकम में बतौर मुख्य अतिथि जिप अध्यक्ष निर्मला भगत के अलावा सीआरपीएफ 133 बटालियन के सहायक कमांडेड शशिभूषण सिंह, प्रखंड प्रमुख संगीता देवी व सांसद प्रतिनिधि पंचम महतो ने हिस्सा लिया। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की शुरूआत वीर शहीदों को समर्पित बिरसा कला केंद्र के कलाकारों द्वारा नुकड़ नाटक के साथ शुरू किया। इसके उपरांत माटी कलश में सभी पंचायतो ग्रामों की माटी को अमृत कलश में संग्रहित करते हुए पंच प्रण की शपथ रातू बी.डी.ओ. हरिशंकर बारीक द्वारा करवाई गयी। कार्यक्रम में सभी गांव की शेष माटी से पौधरोपण किया गया एवं परम्परिक वेशभूषा में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ डायट परिसर से काठीटांड़ चौक तक रैली का आयोजन किया गया। कार्यकम में संजय उरांव, दुर्गा उरांव, राजेश सिंह, इमरान खान, संजीव तिवारी, परमेश्वर गोप, जोसफ तिर्की का प्रमुख रूप से शिरकत किये क कार्यक्रम की सफलता में सहयोगी संस्था बंधन वेलफेयर फाउंडेशन गुटूवाटोली के सचिव रविंदर कुमार एवं अध्यक्ष जीतपहन मुंडा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन नेहरु युवा केंद्र, रांची के उपनिदेशक सर्वेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया।

## अमृत कलश को भाजपाइयों ने सीओ को सौंपा



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)** मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत अनगड़ा मंडल के सौ से भी अधिक गांवों से भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा संग्रहित मिट्टी के अमृत कलश को बुधवार को मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो एवं कार्यक्रम प्रभारी पूर्व विधायक रामकुमार पाहन के नेतृत्व में सीओ की अनुपस्थिति में सीआई रमेश रविदास को सौंपा गया। मालूम हो कि भाजपा अनगड़ा मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा हर गांव-टोला एवं शहीद स्थल से मिट्टी एकत्रित की गई थी। मिट्टी एकत्रित किए जाने का मूल उद्देश्य एकत्रित मिट्टी को नई दिल्ली में भव्य अमृत वाटिका का निर्माण होगा जिसमें उन मिट्टी को स्मारक के रूप में सुरक्षित रखा जाएगा। जहां कि मिट्टी का पूजन व वंदन किया जाएगा। मौके पर भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, जैलेन्द्र कुमार, मानकी राजेन्द्र शाही, डॉ रिझु नायक, अजय महतो, नरेश साहू, राजेन्द्र मुण्डा, राजेन्द्र महतो, सिकंदर अंसारी, गौरीशंकर मुण्डा, रामेश्वर महतो, घनेनाथ महतो, दुर्गा महतो, गबेश्वर महतो, लक्ष्मण बाबा, सुप्रेश महतो, संजय नायक, सोहन मुण्डा आदि मौजूद थे।

## लापुंग पुलिस ने पेयजल मिशन के साइट में मारपीट के पांच आरोपियों को जेल व तीन को बाल सुधार गृह भेजा

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड के तीन नाबालिग समेत आठ लोगों को लापुंग पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला दोलैचा गांव में चल रहे जलजीवन मिशन योजना के तहत पेयजल के लिए बन रहे पानी टंकी साइट पर 7 अक्टूबर को रात में एसएनजी ब्यूल्ट कंपनी के साइट पर अपराधी अंकित सिंह व अज्ञात 20-25 लोगों ने मजदूरों के साथ मारपीट कर उनके साथ लूटपाट किया। इसके विरुद्ध लापुंग थाना में काम में बाधा डालने व आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कंपनी के साइट मैनेजर अक्षय कुमार रांची ने लापुंग थाना में दर्ज किरायी थी। वरीय पुलिस अधीक्षक रांची एवं पुलिस अधीक्षक रांची ग्रामीण के निर्देश पर उपाधीक्षक बेड़ो रजत मनी बाखला, इंस्पेक्टर अरुण कुमार ने छापामारी दल का गठन मुख्य अभियुक्त अंकित कुमार सिंह, मनीष साहू, छोटू साहू, सतीश कुमार साहू, नमरदीप साहू दोलैचा गांव निवासी को जेल भेज दिया व तीन नाबालिग को निरुद्ध किया गया। निरुध उमेश कुमार सिंह पिता रामकुमार सिंह, बलराम साहू स्व. गुजा साहू, चरकु महली पिता फगुवा महली तीनों दोलैचा को बाल सुधार गृह रांची भेजा गया। लापुंग पुलिस ने दावा किया कि बाकी अपराधी भी जल्द गिरफ्तार होंगे। छापामारी में थाना प्रभारी सकुमार हेमरोम, पुलिस अवर निरीक्षक अनुभव सिन्हा, एएस आई कामेश्वर चौधरी, कृपा सिंह व जवान शामिल थे।

## पंचायत के बूथों को मजबूत करें कार्यकर्ता : सुबोधकांत सहाय

**लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कांके में कांग्रेस की सभा आयोजित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



कांके। लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कांग्रेस पार्टी की सभा झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सुरेश कुमार बैठा के कांके रोड स्थित आवास में हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संजर खान ने की। सभा को संबोधित करते पूर्व केंद्रीय मंत्री सह प्रभारी सुबोधकांत सहाय ने कहा कि राज्य में लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी की जीत की सुनिश्चित करने को लेकर कार्यकर्ता पंचायत के सभी बुथों को मजबूत करें। इसके लिए कार्यकर्ता प्रत्येक पंचायत के गांवों मोहल्ले टोले में जाकर ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करें। इंडिया गठबंधन की राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहित योजनाओं से ग्रामीणों को जोड़े। ग्रामीणों को पार्टी के उद्देश्य, भाभी योजनाओं को बताकर कांग्रेस पार्टी से जोड़ने का कार्य करें। वही संयोजक केशव महतो कमलेश कांके विस प्रभारी महेंद्र मिश्रा, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सुरेश कुमार बैठा, प्रदेश सचिव इंदिरा तूरी, गौरी सहाय ने कार्यकत्ताओं को बताया कि लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया कैंपन के तहत कांग्रेस पार्टी के दिशा निर्देशानुसार कार्य किए जाने की आवश्यकता है और पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करना है।

सुरेश कुमार बैठा ने बताया कि इसके तहत 27 अक्टूबर को तैयारी बैठक की जाएगी। वही 30 और 31 अक्टूबर को समीक्षा बैठक किया जाएगा। एक से 20 नवंबर तक कांके, बुढ़मु और खेलारी प्रखंडों के सभी पंचायत में पंचायत सम्मेलन आयोजित की जाएगी। पूरे विधानसभा क्षेत्र में 60 पंचायत है। इन्हें तीन भागों में बांटकर सम्मेलन किया जाएगा। इसके लिए कांके, बुढ़मु, खेलारी प्रखंडों में संयोजक मंडली का गठन किया गया। इसमें एक संयोजक और 15 सदस्य टीम गठित की गई। सभा में आए सभी पंचायत अध्यक्ष, पदाधिकारी और कार्यकताओं को दिशा निर्देश दिए गए। सभा में इंदिरा तूरी, अनादि ब्रह्मा, रीता चौधरी, कांके प्रखंड प्रमुख सह कांग्रेस नेता सोमनाथ मुन्डा, अरविंद राम, शाहिद अंसारी, संजू देवी, पूजा सिंह, रेशमा बेगम, मंजू कच्छप, सुनीता मिंज, क्रांति देवी, लालचंद सोनी, गुलजार अहमद मुस्ताक आलम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बालिकाओं को अपना जीवन सुखमय बनाने के लिए कठिन निर्णय के लिए तत्पर रहना चाहिए : अनुपमा

**अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ओरमांझी में कार्यशाला का आयोजन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**ओरमांझी।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ओरमांझी में कार्यशाला का आयोजन सिन्दुआर टोला ग्रामोदय विकास विद्यालय रांची एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन नई दिल्ली के सहयोग से किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी ने अपना विचार रखते हुए कहा कि किशोरियों के ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। अपने साथ-साथ पूरे परिवार का देखभाल एवं विकास करने का दायित्व भी है। इसलिए बालिकाओं को अपने इस दिवस के महत्व को समझते हुए अपने जीवन को सुखमय बनाने के लिए कठिन एवं कठोर निर्णय भी लेना पड़े तो अवश्य लेना चाहिए। इसलिए बाल विवाह को बिल्कुल ना कहना चाहिए। संस्था के सचिव राजन कुमार ने कहा कि आज का दिन बालिकाओं को अपनी जिम्मेदारी का याद का दिलाने के साथ-साथ जिम्मेदारी को लेने का भी अवसर देता है। बाल विवाह एक बहुत बड़ी सामाजिक बुराई है। हम लोगों ने लक्ष्य रखा है कि 2030 तक बाल विवाह को 5.5.%तक लाने का प्रयास करना है। यदि सरकारी तंत्र इसमें सहयोग करेंगे तो यह संभव हो सकता है। बाल विवाह पर विशेष रूप से हर व्यक्ति को जागरूक सक्षम और संवेदनशील होना है। संस्था के जिला समन्यवक अरविंद कुमार ने कहा कि आज से शिक्षा को हां और बाल विवाह को ना करना सीख लें। यदि ऐसा संभव हुआ तो महिलाओं और किशोरियों के ऊपर होने वाले अत्याचार से काफी राहत मिल सकती है। बालिकाएं अपने आप को बिल्कुल सक्षम और सशक्त बनाएं। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता एवं सुप्रीम कोर्ट के वकील भुवन ऋभु के द्वारा लिखित पुस्तक व्हेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रन का विमोचन प्रखंड प्रमुख एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त तौर पर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बाल विवाह की पीड़िता बबीता देवी ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि बाल विवाह किसी भी किशोरी के लिए उसके जीवन का सबसे बड़ा कलंक एवं कठिनाई होता है। उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा कि मात्र 16 साल की उम्र में विवाह होने के कारण आज तक मेरे शरीर का विकास नहीं हो सका। मेरा पहला बच्चा जन्म के समय मात्र डेढ़ किलो का था और बहुत कठिनाइयों से उसे बचा पाई। हमारा स्वास्थ्य खराब रहता है और पढ़ाई भी अधूरी रह गई। जिसके कारण जिंदगी में आगे नहीं बढ़ पाए। धन्यवाद ज्ञापन संस्था के विवेक कुमार गुप्ता ने किया और अंत में कार्यक्रम संपन्न हो गया। इस कार्यक्रम में 600 बच्चियों ने भाग लिया।

## कार्यक्रम : मांडर में राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष और सदस्य का किया गया स्वागत

# अल्पसंख्यकों को शिक्षा और सुरक्षा मुहैया कराना पहली प्राथमिकता : शमशेर आलम

**अल्पसंख्यकों से जुड़ी हर समस्याओं की निगरानी और उसका हल निकालने में लगा हूं : वारिश कुरैशी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मांडर।** प्रखंड स्थित मदरसा महमूदिया सुरसा मुड़मा मेशाल मैदान में राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम और सदस्य वारिश कुरैशी के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। स्वागत समारोह में बुके देकर सदस्यों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए शमशेर आलम ने कहा कि अल्पसंख्यक आयोग अल्पसंख्यकों का सुरक्षा कवच है और राज्य सरकार अल्पसंख्यक हितों के लिए संवेदनशील है। आगे उन्होंने कहा कि स्कॉलरशिप योजना के तहत सभी मदरसा के छात्रों को छात्रवृत्ति दिलाना चाहूंगा। उर्दू भाषी छात्रों के लिए पुस्तक मुहैया कराना प्राथमिकता होगी। मदरसा भवन का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर करेंगे। बच्चों को दीनी मालूमात के साथ-साथ दुनियावी तालीम मुहैया हो इसके लिए इंफ्रास्ट्रक्चर जरूरी है। इस पर भी काम करना है। आयोग के सदस्य वारिस कुरैसी ने आयोजकों का शुक्रिया अदा किया और कहा कि के अल्पसंख्यकों से जुड़ी हर समस्याओं की निगरानी और उसका हल निकालने पर भी नजर रख रहा हूं। अभी मेरे पास आलिम और फाजिल से जुड़े मामले आए हैं इसे कार्रवाई के लिए भेजा गया है। कल्याणकारी योजनाओं में इटकी में और कांटाटोली में हॉस्टल का निर्माण कराया जा रहा है। एमएसडीपी के तहत मिलनेवाली योजना की पूरी राशि अल्पसंख्यक हितों पर खर्च हो ऐसा प्रयास करूंगा। मॉबलिंचिंग पर भी कानून लाया जाएगा। महा गठबंधन सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास में कम से कम दस प्रतिशत अल्पसंख्यकों दिलायेंगे। आबिद अंसारी ने अपने संबोधन में कहा कि मॉब लिंचिंग पर कानून बनना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन साकिर इस्लाही ने किया। धन्यवाद ज्ञापन शमीम अंसारी ने किया। कार्यक्रम को ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के रांची जिला अध्यक्ष शमीम अख़्तर आजाद, नुरुल्लाह हबीब नदवी, मौलाना मजहर, अली हसन आदि ने भी संबोधन किया।

मौके पर नसीम अंसारी, जमील अंसारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी आप सईद अख्तर, रोजीद अंसारी, मुस्लिम अंसारी, अजबुल अंसारी, नेशार आलम, इरशाद इमाम, हसन अली, मो गफार समेत सैंकड़ों लोग मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मुआवजा की मांग को लेकर ग्रामीण रैयतों ने फोरलेन कार्य को बंद कराया



**इटकी (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 23 रांची गुमला के चचगुरा और गड़गांव के रैयतों ने बुधवार को लंबित मुआवजा की मांग को लेकर मुख्य मार्ग पर चल रहे फोरलेन कार्य को बंद करा दिया। रैयतों का आरोप है कि भू-अर्जन विभाग द्वारा पलमा से गुमला तक मुख्य मार्ग को फोर लेन के लिए भूमि अधिग्रहण किया गया था। किन्तु दो वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद अधिग्रहित भूमि का मुआवजा राशि रैयतों को नहीं दी गई है। वहीं गड़गांव मुक्तिधाम का शेड और हनुमान मंदिर को तोड़ने के पूर्व विभाग द्वारा शीघ्र निर्माण करने का अश्वासन दिया गया था। परन्तु विभाग द्वारा अबतक इस ओर किसी प्रकार का पहल नहीं की गई जिससे ग्रामीण और रैयतों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्राम प्रधान सुखदेव उरांव की अध्यक्षता में आयोजित ग्राम सभा के निर्णय के बाद फोरलेन कार्य को बंद करा दिया है। ग्रामीणों ने चेताया है कि समय रहते मुआवजा का भुगतान नहीं किया गया तो आदोलन के लिए सड़क पर उतर जायेंगे। पिछले माह निरीक्षण करने पहुंचे उपायुक्त रांची ने भी रैयतों को एक सप्ताह के अंदर मुआवजा देकर मार्ग निर्माण जल्द पूरा करने का निर्देश जारी किया था। मौके पर गडगांव ग्राम प्रधान चारो उरांव, उप मुखिया सधनु उरांव, दीपक सिंह, नरेश साहू, भवानी शरण सिंह, घोमा सिंह, बबलू गुप्ता, बिगू गोप, रंजीत उरांव, आलोक कुमार साहू सहित दर्जनों ग्रामीण रैयत मौजूद थे।

### नामकुम पुलिस ने सदाबहार चौक स्थित मंदिर परिसर से सटे मांस दुकान को बंद कराया

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम पुलिस अतिक्रमण को लेकर बुधवार को नामकुम सदाबहार चौक सहित अन्य जगहों पर विशेष अभियान चलाया। नामकुम थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील तिवारी ने मंदिर परिसर से सटे हुये मांस, शराब दुकानदारों व अवैध रूप से अतिक्रमित दुकानदारों अतिक्रमण हटाने का सख्त निर्देश दिया। तत्काल नहीं हटाने पर कोर्ट व सरकार के नियमनुसार सभी पर कार्रवाई करने की बात कही। सब इंस्पेक्टर धीरज कुमार अपनी टीम सहित सदाबहार चौक स्थित दुर्गा मंदिर से सटे हुये मांस दुकानदार को लिखित आदेश देते हुये तत्काल बंद कराया। वहीं, अतिक्रमित दुकानदारों को हिदायत देते हुये सड़क से दस फीट की दूरी पीछे जाने का निर्देश दिया। पुलिस के द्वारा अतिक्रमण की कार्रवाई पर सदाबहार चौक दुर्गा मंदिर श्री श्री दुर्गा पूजा समिति के सचिव मनोज ठाकुर, कोषाध्यक्ष अखिलेश यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि सदाबहार चौक के समीप मंदिर परिसर से सटे सैकड़ों की संख्या में अवैध रूप से निर्माण कर दुकान संचालित किया गया है। इसे अविलंब हटाया जाना चाहिए।

### नये बीडीओ-सीओ से शिष्टाचार मुलाकात की



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो के नेतृत्व में महिलौंग पंचायत के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को नामकुम नये प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रवीण कुमार और नये अंचल अधिकारी अमित भगत से प्रखंड कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। राजेंद्र महतो ने बताया कि सर्वप्रथम पुष्प-गुच्छ देकर नये बीडीओ और सीओ का स्वागत किया गया और क्षेत्र की आवश्यकताएं और समस्याओं की जानकारी दी। उन्होंने आम जनमानस को हर सुविधा मिले, दुरदराज क्षेत्र से आने वाले हर व्यक्ति का प्रखंड कार्यालय में सम्मान के साथ उनकी समस्या या आने का उद्देश्य की जानकारी लिये जाने का अनुरोध किया। कहा कि क्षेत्र आर्थीक रुप से कमजोर है। अमृत महतो ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से संचालित पेंशन योजना का लाभ जरुरतमंदों को दिलाने की बात रखी। मौके पर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, रतनु कुजूर, मनोज महतो, अमृत महतो के साथ अन्य उपस्थित थे।

### लालखटंगा पंचायत में विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लालखटंगा पंचायत के लालखटंगा गांव में बुधवार को एक विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस विषेश ग्राम सभा में वन अधिकार समिति का गठन किया गया। जिसमें ग्रामीणों की सर्वसम्मति से समिति का अध्यक्ष रंजन मुंडा और सचिव प्रकाश मुंडा का चयन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से लालखटंगा के ग्राम प्रधान राजेश टोप्पो, पूर्व मुखिया रितेश उरांव, वार्ड सदस्य सविता देवी के साथ दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### लोस चुनाव को लेकर ओरमांझी कांग्रेस ने की बैठक



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव को लेकर ओरमांझी प्रखंड कांग्रेस कमिटि की बैठक अध्यक्ष तुलसी खरवार की अध्यक्षता में की गई। बैठक में पंचायत अध्यक्षों को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने पंचायत में कमेटी का गठन करें। इसके बाद तीन-तीन पंचायत करके जोन बनाया जाएगा। एक दिन में तीन जोन के पदाधिकारी की बैठक होगी। बैठक में बूथ स्तर के पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक के सलाहकार रमेश उरांव, प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खरवार, सुरेश प्रसाद साहू, प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी प्रकोष्ठ के महासचिव शिवप्रसाद साहू, विधायक प्रतिनिधि प्रो प्रेमनाथ मुंडा, परमेश्वर भोक्ता, हरिमोहन महतो, सफीउल्लाह अंसारी, रशीद अंसारी, गफ्फार अंसारी, शोभा देवी, मीना कुमारी, जेठू मुंडा, सुखराम पहान, सुरेंद्र उरांव, राजीव रंजन मुंडा, आसाराम मुंडा, काशीनाथ पहान, शमीम अंसारी, तस्लीम अंसारी, सज्जाद अंसारी, जुगनू उरांव, तैयब अंसारी, संजीत बेदिया, सोहराय महतो, चांद मुंडा, नेवाराम मुंडा, सुरेश मुंडा आदि उपस्थित थे।

### मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत संग्रहित मिट्टी राज्यसभा सांसद को सौंपी



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत प्रखंड के विभिन्न गांव से संग्रहित मिट्टी को मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री सह राज्य सभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू को सौंपा गया । इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, अलखनाथ महतो, शशि भूषण साहू,अरुण मंडल, राजकिशोर साहू,अमित राज, धनंजय महतो, राजधाम साहू,बालक महतो, सिकंदर महतो, शंकर महतो, शिवचरण महतो, विश्वनाथ महतो, नेवा लाल महतो सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### डीसी ने बैठक कर की कृषि, सहकारिता, भूमि संरक्षण, पशुपालन व मत्स्य विभाग की समीक्षा

# आपस में समन्वय बनाकर काम करें अधिकारी : डीसी

**हरिहरगंज में मत्स्य पालन को आजीविका के रूप में बढ़ावा दिये जाने पर दिया बल**

आजाद सिपाही संवाददाता


विभिन्न विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते डीसी शशि रंजन।

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिला पशुपालन, सहकारिता और मत्स्य पदाधिकारी के अलावा जिला हॉर्टिकल्चर ऑफीसर व जेएसएलपीएस के डीपीएम के साथ विभिन्न मुद्दों पर समीक्षा बैठक की। सबसे पहले मत्स्य विभाग द्वारा किये जा रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मत्स्य पदाधिकारी को जेएसएलपीएस के डीपीएम के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए हरिहरगंज में मत्स्य पालन को आजीविका के रूप में बढ़ावा दिये जाने को लेकर काम करने की बात कही। डीसी ने जेएसएलपीएस के पूरी मशीनरी को हरिहरगंज में सक्रिय रखने पर बल दिया। मत्स्य पदाधिकारी से तालाबों की संख्या, मछली उत्पादन का लक्ष्य और आपूर्ति सहित अन्य विषयों पर जानकारी ली। उन्होंने बीज वितरण, केज कल्चर, पोर्टेबल हैचरी एवं प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की समीक्षा कर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति करने की दिशा में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सदस्य पदाधिकारी को जिले में बायोफ्लॉक तकनीक को बढ़ावा देने व इसके मदद से अधिकाधिक मछली का उत्पादन करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने डिस्ट्रिक्ट हॉर्टिकल्चर ऑफिसर से उनके द्वारा जिले में किये जा रहे कार्यों की जानकरी ली। उन्होंने हॉर्टिकल्चर ऑफिसर को जेएसएलपीएस के डीपीएम के साथ बेहतर समन्वय बनाते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। डीसी ने जिले में हार्टिकल्चर को लेकर किसानों को जागरूक करने की भी बात कही। इसी तरह मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की प्रगति के क्रम में आवश्यक दिया निर्देश दिये। मौके पर उपरोक्त विभागों के पदाधिकारी समेत प्रशिक्षु आईएएस मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य कर्मियों को जागरूक करने के लिए हर महीने होगी समीक्षा बैठक: सिविल सर्जन

**कहा- प्रखंड स्तरीय कर्मचारियों की जागरूतका का अभाव, उन्हें जागरूक करने की जरूरत है**

आजाद सिपाही संवाददाता




**नीलांबर पितांबरपुर/पलामू।** जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षात्मक बैठक नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुई। जिसकी अध्यक्षता पलामू सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह ने किया। बैठक में मातृत्व स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन कार्यक्रम, युवा स्वास्थ्य कार्यक्रम, एनसीडी कार्यक्रम, ई संजीवनी, कायाकल्प, टीवी, मलेरिया, कुष्ठ प्रभाग और अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा की गई। इस दौरान विभिन्न प्रभाग ने प्रखंड में चल रहे स्वास्थ्य कार्यक्रम का आंकड़ा पेश किया। इस पर सीएस ने कहा कि जितने भी स्वास्थ्य विभाग की योजनाएं चलती है वह प्रखंडों में मुख्य रूप से संचालित होती है। लोगों के स्वास्थ्य को लेकर क्षेत्रीय समस्या ज्यादा आती है। जो भी समस्याएं होती हैं उनका समाधान तीन स्तर (प्रखंड, जिला और तीसरा) से होता है। उन्होंने कहा कि जब क्षेत्रीय समस्याएं प्रखंड स्तर पर ही दूर हो जाए तो आगे जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसी के तहत जिले के सभी 10 ब्लॉक के प्रभारी एवं जिला स्वास्थ्य समिति को यहां बुलाया गया है। बताया कि इसी तरह से बाकी प्रखंडों में अब समीक्षा बैठक होगी, ताकि उस प्रखंड के समस्याओं का समाधान वहीं ढूंढ कर किया जा सके। बताया कि प्रखंड के स्वास्थ्य कर्मियों में जागरूकता की कमी है। इसके लिए उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को हर 15 दिनों के अंदर चिकित्सा कर्मियों के साथ बैठक कर उन्हें जागरूक करने का निर्देश दिया। बताया कि इस सेवा में काम के प्रति लगन होना जरूरी है। बैठक में डीआरसीएचओ डॉ विनोद कुमार, डीपीएम दीपक गुप्ता, डीएमओ डॉक्टर जितेंद्र कुमार, डैम एनल कुजूर, एसएमओ डॉ मृत्युंजय कुमार सिंह, यूनिसेफ कोऑर्डिनेटर डॉक्टर धनंजय सिंह, डीपीसी आयुष्मान प्रेम कुमार, डीपीसी सहिया अभिषेक कुमार, डॉ एसके रवि, डॉ राजीव रंजन, डॉ अरुण कुमार मोहंता, बीपीएम राजकुमार सिंह, बैम मोहम्मद शाकिर, निलेश कुमार सुमित आदि उपस्थित थे।

## दागी असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई करें: डीसी




आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन और पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन की संयुक्त अध्यक्षता में बुधवार को टाउन हॉल में दुर्गा पूजा के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। डीसी ने विभिन्न पूजा समितियों के प्रतिनिधियों से पूजा को सफल बनाने में सहयोग की मांग की। डीसी ने सभी थाना प्रभारियों को उनके क्षेत्र में संचालित व्हाट्सएप के विभिन्न ग्रुप पर पैनी नजर रखने की बात कही। कहा कि इन दिनों आपत्तिजनक सामग्रियां इसी माध्यम से प्रसारित की जाती हैं। उन्होंने दागी असामाजिक तत्वों के विरुद्ध 107 के तहत कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी अनुमंडल पदाधिकारी अंचलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में पूजा पंडालों के समीप कहीं भी बिजली के तार जीर्णशीर्ण अवस्था में ना रहे। वहीं पंडालों में महिला व पुरुषों के लिये अलग-अलग लाइन की व्यवस्था रखने पर बल दिया। पंडालों में तैनात रहने वाले वालंटियर के बीच पहचान पत्र वितरण करने की बात कही। इसके अलावे उन्होंने पंडालों में महिलाओं के लिए अस्थाई शौचालय के निर्माण पर भी बल दिया साथ ही फायर फाइटिंग सिस्टम के रखने की भी बात कही। उन्होंने सभी दंडाधिकारियों से अपने प्रतिनियुक्त स्थल पर अनिवार्य रूप से रहने की बात कही। वहीं, बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए पूजा समितियां के प्रतिनिधियों से एसपी रीष्मा रमेशन ने पंडालों में शत-प्रतिशत सीसीटीवी लगाने की बात कही। अग्निशमन यंत्र, बिजली विभाग की ओर से पंडाल का फिटनेस प्रमाण पत्र रखने पर भी बल दिया। उन्होंने रावण दहन कार्यक्रम के मद्देनजर कार्यक्रम स्थल पर पाइपलाइन युक्त वाटर टैंकर रखने की भी बात कही।

## शांति व्यवस्था भंग करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा: प्रियंका

**नवरात्र को लेकर विश्रामपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर थाना परिसर में शारदीय नवरात्रि को लेकर बुधवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ विक्रम आनंद व संचालन विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय ने किया। बैठक में नवरात्रि और दुर्गा पूजा महोत्सव को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। पुलिस निरीक्षक प्रियंका आनंद ने कहा कि नवरात्र और दुर्गापूजा महोत्सव के दौरान अगर किसी ने शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश की तो उसे बख्शा नहीं जायेगा। उस पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। थाना प्रभारी शशि रंजन ने सरकारी गाइड लाइन की जानकारी दी। कहा कि सरकार की ओर से निर्धारित मापदंडों का पूजा कमेटियां पालन करते हुए पूजा संपन्न कराएं। इस दौरान अफवाह से बचें। किसी तरह की संदिग्ध सूचना मिलती है तो पुलिस से साझा करें। उन्होंने कहा कि पुलिस गश्ती बढ़ाई जायेगी। अवैध देशी शराब के निर्माण और विक्री के विरुद्ध अभियान और तेज किया जायेगा। बैठक में पूजा कमेटी के पदाधिकारियों ने कई समस्याओं को रखा और उसके निदान की मांग की। संबंधित अधिकारियों ने पूजा से पहले समाधान का भरोसा भी दिलाया। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन, नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रविंद्र नाथ उपाध्याय, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विधायक के प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, समाजिक सेवा समिति अध्यक्ष संजय पांडेय, पूर्व नप अध्यक्ष देवनारायण सिंह, उपाध्यक्ष बढ़कू सिंह, मो सत्तार खलीफा, समाजसेवी विजय कुमार रवि, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील चौधरी, सलीमुद्दीन अंसारी, संजय ठाकुर, राजेश मार्शल, राजू केशरी, प्रमुख रम्भा कुमारी, मणि राम, रामप्रवेश मेहता, गयासुदीन अंसारी, चंद्रदेव चौधरी, राजकुमार मेहता, फहीम आलम, मुकेश चौधरी, डॉ चांदसी और विकास कुमार आदि मौजूद थे।

## मोदी सरकार हर मोर्चे पर विफल : बिट्टू पाठक

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस अध्यक्ष जैश रंजन उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में जुड़ेगा भारत जीतेगा इंडिया लक्ष्य 2024 को लेकर केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ पोल खोल हल्ला बोल अभियान पांकी प्रखंड में आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता आफताब आलम व संचालक एजाज खान ने किया। इस अवसर पर बिट्टू पाठक ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार सभी मोर्चे पर विफल रही है। चाहे वह सुरक्षा की बात हो, रोजगार की बात हो। मोदी सरकार ने जो वादा किया था वह पूरा करने में नाकाम रही है। प्रति वर्ष नौजवानों को रोजगार देने, महंगाई कम करने, महिलाओं को सुरक्षा व किसानों की आय दोगनणा करने आदि को लेकर बड़ी-बड़ी बातें कही गई थी, लेकिन वर्तमान में उन वादों के उलट ही काम हुआ है। महंगाई चरम पर है।

वहीं, विधानसभा प्रभारी अरविंद कुमार तूफानी ने कहा कि मनरेगा योजना के बजट को कम कर लोगों से छलावा किया है। वहीं, प्रखंड प्रभारी तारकेश्वर पासवान ने कहा कि देश में बढ़ती महंगाई ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। रसोई घर से दाल-सब्जियां गायब होती जा रही है। इस मौके पर जिला कोषाध्यक्ष अजय साहू, शैलेश मेहता, पूर्व प्रमुख उर्मिला देवी, मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह, विपिन सिंह, अब्दुल हसन, अजबुल हुसैन, साजिद फिरोज, गुड्डू आलम, अभय पांडे, अंशु पांडे, राजेंद्र गुप्ता आदि मौजूद थे।

## सर्प दंश से बच्चे की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र के डिहरिया गांव में सर्पदंश से 12 वर्षीय एक बच्चे की मौत हो गई। उसकी पहचान छोटू अंसारी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार डिहरिया गांव निवासी इमामुदीन अंसारी का छोटा छोटू अंसारी अपने घर के पास खेल रहा था, तभी एक विषैले सांप ने डस लिया। परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## पंडाल निर्माण के लिए भूमि पूजन के साथ युवा बाल संघ की तैयारी शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** युवा बाल संघ जपला स्टेशन रोड कमेटी की ओर से दुर्गा पूजा व पंडाल निर्माण को लेकर बुधवार को भूमि पूजन शंभू पाठक ने कराया। मुख्य यजमान सुनील गुप्ता ने भूमि पूजन किया। संगठन के सचिव रवि यादव ने बताया कि इस वर्ष भी भव्य पूजा पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। आकर्षक लाइटिंग की जा रही है। मौके पर आइओडब्ल्यू संजीव कुमार, राजद नेता रवि कुमार यादव, पीडब्ल्यूआई शशिकांत कुमार, समाजसेवी पवन चौधरी आदि उपस्थित थे।

## नवरात्र-दुर्गापूजा के दौरान साफ-सफाई का रखा जाये विशेष खयाल: विपुल सन्नी

**दुर्गा पूजा को लेकर कार्यपालक पदाधिकारी ने किया पूजा पंडालों का निरीक्षण**
**- सफाई व प्रकाश व्यवस्था को लेकर दिए कई निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** दुर्गापूजा के दौरान पूजा समितियों और श्रद्धालुओं की सहूलियत को देखते हुए शहर में विशेष सफाई को लेकर हुसैनाबाद नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने विभिन्न वार्डों एवं दुर्गा पंडालों का निरीक्षण किया। जिसमें ब्लॉक रोड स्थित पंचसरोवर मंदिर, महावीर मंदिर, दुर्गा मंदिर पटेल चौक, हरिहर चौक, स्टेशन रोड, गमहरिया स्कूल के निकट, देवी मंदिर दिनेश चौक, राम बिग्हा एवं अनुमंडल परिसर में अधिष्ठापित होने वाले पूजा पंडाल शामिल हैं। यहां निरीक्षण कर पर्यवेक्षकों को तीन दिनों के अंदर विशेष सफाई पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही दुर्गापूजा को देखते हुए निकाय के विभिन्न बिजली के खंभो पर अधिष्ठापित एलईडी लाइट जो वर्तमान में खराब हैं, बनाने का निर्देश दिया। लगे हाथ कार्यपालक पदाधिकारी ने अंबेडकर चौक से लेकर गमहरिया नहर मोड तक एवं जेपी चौक से लेकर गांधी चौक व स्टेशन रोड को विशेष तौर पर सफाई एवं नाली में ब्लीचिंग पाउडर के साथ उपरोक्त जगहों पर फॉगिंग कराने का भी निर्देश दिया। कहा कि विगत कुछ दिनों से खराब चल रहे देवरी स्थित जलापूर्ति पंप को ठीक कराते हुए आज से ही जलापूर्ति की जायेगी। उक्त निरीक्षण के क्रम में नगर प्रबंधक राकेश कुमार सिंह, हिमानी बाड़ा, नाजिर रविकांत पटेल के साथ सभी पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



भारत ने वनडे वर्ल्ड कप2023 में बुधवार को लगातार दूसरी जीत दर्ज की। टीम ने अफगानिस्तान को आठ विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही चार प्वाइंट के साथ पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर पहुंच गई है।

### रिकार्ड : रोहित शर्मा ने खेली 131 रनों की धुआंधार पारी, बने इंटरनेशनल क्रिकेट के सिक्सर किंग

# भारत ने अफगानिस्तान को 8 विकेट से हराया

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारत ने वनडे वर्ल्ड कप-2023 में लगातार दूसरी जीत दर्ज कर ली है। भारतीय टीम ने बुधवार को अफगानिस्तान को 8 विकेट से रौंद दिया। भारत ने पहला मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 6 विकेट से जीता था। इस जीत के साथ टीम इंडिया के 4 पॉइंट्स हो गए और पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर पहुंच गई। इस दिन अरुण जेटली स्टेडियम में अफगानिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए 8 विकेट पर 273 रन बनाए। टीम इंडिया ने 35 ओवर में ही लक्ष्य को हासिल कर लिया। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने 63 गेंद पर शतक लगाया। उन्होंने 131 रन की पारी खेली। पहली पारी में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 4 विकेट लिए। बतातें चलें कि भारत से ओपनिंग करने आए कप्तान रोहित शर्मा ने शुरूआती ओवरों में ही अटैक करना शुरू कर दिया। उन्होंने 30 गेंद पर फिफ्टी और 63 गेंद पर सेंचुरी लगाई। वह 84 गेंद पर 131 रन बनाकर आउट हुए, इस पारी में उन्होंने 16 चौके और 5 छक्के लगाए।

**7 वर्ल्ड कप शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी बने रोहित शर्मा**

रोहित शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ 63 बॉल पर शतक लगाया। वह वनडे वर्ल्ड कप में 7 सेंचुरी बनाने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बने। उन्होंने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिनके नाम 44 पारियों में 6 शतक हैं। रोहित ने 2015 में एक और 2019 में 5 शतक लगाए थे। ये रोहित के वनडे करियर का 31वां शतक है। वनडे में सबसे ज्यादा शतक के मामले में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के रिकी पॉन्टिंग को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 30 शतक हैं। सबसे ज्यादा शतक के मामले में रोहित तीसरे नंबर पर पहुंचे। सचिन तेंदुलकर पहले (49 शतक) और विराट कोहली दूसरे (47 शतक) नंबर पर हैं। रोहित ने अपनी फिफ्टी भी 30 गेंद पर ही पूरी कर ली थी। उन्होंने 63 गेंद पर शतक लगाया। वह भारत के लिए सबसे कम गेंदों पर वर्ल्ड कप शतक लगाने वाले खिलाड़ी बने। उन्होंने कपिल देव का 40 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 1983 में जिम्बाब्वे के खिलाफ 72 गेंद पर शतक लगाया था। वहीं, रोहित के साथ ओपनिंग करने उतरे ईशान किशन ने 47 रन बनाए। उन्हें राशिद खान ने आउट किया। ईशान ने रोहित के साथ 156 रन की पार्टनरशिप की।

**इंटरनेशनल क्रिकेट के सिक्सर किंग बने रोहित**

अफगानिस्तान के खिलाफ पारी में तीसरा छक्का लगाने के साथ ही रोहित शर्मा इंटरनेशनल क्रिकेट के सिक्सर किंग बन गए। तीनों फॉर्मेट मिलाकर रोहित के 556 छक्के हो गए। उन्होंने वेस्टइंडीज के क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 453 मैच में 553 छक्के लगाए थे। रोहित के टी-20 में 77, टेस्ट में 182 और वनडे में 297 छक्के हो गए हैं। रोहित के इस पारी में 1000 वनडे रन भी पूरे हो गए, उन्होंने ये रिकॉर्ड 19 पारियों में हासिल किया। वह ऐसा करने वाले सबसे तेज भारतीय बने।

## दुर्गापूजा महोत्सव को लेकर रेहला थाना में शांति समिति की बैठक

**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** दुर्गापूजा महोत्सव को लेकर रेहला थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी नेमधारी रजक व संचालन डॉ विनय प्रसाद शुक्ला ने किया। बैठक में दोनों समुदाय के लोगों ने सर्वसम्मति से दुर्गापूजा महोत्सव को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया। बीडीओ विक्रम आनंद, पुलिस निरीक्षक प्रियंका आनंद व कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने दुर्गापूजा के दौरान लोगों से भाईचारगी बनाए रखने की अपील की। थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने कहा कि पूजा के दौरान किसी भी तरह की अफवाह पर भरोसा ना करें। हर सूचना को पुलिस के साथ साझा करें, तत्काल कार्रवाई होगी।

## लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज में शुरू हुआ एमबीबीएस का नया शैक्षणिक सत्र



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस का नया शैक्षणिक सत्र 2023 - 24 बुधवार से शुरू हुआ। इस अवसर पर नवागंतुक छात्र-छात्राओं के लिये अभिनंदन सह वाइट कोट सेरेमनी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, कुलपति डॉ कल्याण कुमार व मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ विवेक कश्यप ने संयुक्त रूप से किया। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि कॉलेज के अनुशासन में रहते हुए संस्कारपूर्ण शिक्षा ग्रहण कर चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर करने का प्रयास करें। डॉ कल्याण कुमार ने नए सत्र के छात्र-छात्राओं को कई सुझाव दिया। मौके पर डॉ पाण्डेय, रविभूषण प्रसाद, डॉ सुहास तेतरवे, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव आदि मौजूद थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## शौचालय की जगह सड़क और प्रदूषण के विरोध में महिलाओं ने काम रोका



लोयाबाद (आजाद सिपाही)। कनकनी पासी पट्टी के समीप ग्रामीण महिलाओं ने बुधवार को शौचालय की जगह सड़क बनाने और प्रदुषण के विरोध में राम अवतार आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा बनाया जा रही सड़क के काम को रोक दिया। आउटसोर्सिंग कंपनी ओबी डंप करने के लिए रास्ता बना रही थी। सुबह 11 बजे पासी पट्टी की एक दर्जन से अधिक ग्रामीण महिलाएं मौके पर पहुंची और काम को रुकवा दिया। महिलाओं ने बीसीसीएल और आउटसोर्सिंग कंपनी के खिलाफ नारेबाजी की। उनका कहना था कि उन लोगों के घरों में शौचालय की व्यवस्था नहीं है। कंपनी जिस तरफ सड़क बना रीह है वे लोग उसी तरफ शौच के लिए जाती हैं। यदि कंपनी द्वारा सड़क बना दिया गया तो उनलोगों के घरों की बहु-बेटियां शौच करने के लिए कहां जाएंगी। महिलाओं ने कहा कि सड़क बनाते समय जब इस तरह से प्रदूषण फैल रहा है तो बडे-बडे वाहनों के इधर से आने जाने पर प्रदूषण का आलम क्या होगा। आउटसोर्सिंग प्रबंधन दूसरी तरफ शौच के लिए स्थान की व्यवस्था करा दे और प्रदूषण की रोकथाम के लिए पानी का छिड़काव करे। उनके बच्चे बेरोजगार हैं उन्हें नियोजन दे। उधर, खबर पाकर आउटसोर्सिंग कंपनी प्रबंधक सुनील कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और ग्रामीण महिलाओं को समझा बुझा कर शांत कराया। इस दौरान करीब तीन घंटे तक काम ठप रहा। वहीं, विरोध करने वालों में रधिया रविदास, सुमीता कुमारी, सोमारी देवी, प्रभावती पासी, गीता देवी, सुनीता कुमारी, आशा देवी, कौशल्या देवी, शुखवारी देवी और कांति देवी आदि शामिल थीं।

## बोकारो स्टील प्लांट की सीएसआर के तहत दिव्यांगजनों के बीच सहायक उपकरणों का हुआ निःशुल्क वितरण



बोकारो (आजाद सिपाही)। बोकारो स्टील प्लांट ने अपने सीएसआर के तहत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के साथ हाथ मिलाया है, जो सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, भारत सरकार के तहत एक मिनीरत्न कंपनी है। दिव्यांगजनों के समोवेशी विकास के लिए बुधवार को आशालता विकलांग विकास केंद्र में एक शिविर आयोजित कर एलिम्को और बोकारो जिला प्रशासन के सहयोग से इस अभियान को शुरू किया गया। मौके पर बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी, डीडीसी कीर्ति श्री, बीएसएल के अधिशासी निदेशक (संकार्य) वीरेंद्र कुमार तिवारी, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) राजन प्रसाद, महाप्रबंधक (सीएसआर)/बीएसएल सीआरके सुधांशु, प्रबंधक एलिम्को स्मृति मलिक, आशा लता केंद्र के निदेशक बीएस जायसवाल आदि उपस्थित थे। शिविर के दौरान विभिन्न प्रकार की विकलांगताओं के लिए दिव्यांगजनों को लगभग 250 सहायक उपकरण निःशुल्क वितरित किए गए, जिनमें श्रवण यंत्र (बीटीई), दॉष्टिबाधित व्यक्ति के लिए स्मार्टकेन, छड़ी, सहायक बैसाखियाँ, एमएसआईडी किट, 30 व्हील चेयर, और 84 तिपहिया साइकिलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित समूह को संबोधित करते हुए बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी ने दिव्यांगजनों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए बीएसएल के इस पहल की सराहना की। साथ ही इस पूरे अभियान से जुड़े एलिम्को और जिला प्रशासन की टीम के योगदान को भी रेखांकित किया।

## पंचायत समिति की मासिक बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा



नावाडीह/बेरमो (आजाद सिपाही)। नावाडीह प्रखंड कार्यालय के सभागार मे प्रखंड प्रमुख पुनम देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक हुई। जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान बिजली विभाग एवं वन विभाग अनुपस्थित पर सदन में शोर शराबा हुआ। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नावाडीह में तीन अतिरिक्त 108 एंबुलेंस की मांग की गई। चयनित सुरही मुखिया सह मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ महतो ने कहा कि प्रखंड अंचल के एक भी पदाधिकारी-अधिकारी प्रखंड कार्यालय के समीप नहीं रहते हैं। वहीं खरपिटो मुखिया नंदलाल नायक ने कहा कि नावाडीह मानपुर एवं सुरही में गाड़ियों की चोरी अधिकतम हो रहा है। इसके लिए बाजार समिति का एक गठन किया जाएगा। नावाडीह बीडीओ प्रशांत कुमार हेमराम ने सुरही पोत्सों मोड पर विधायक मद से नवनिर्मित तोरन द्वार पर नाम को लेकर उत्पन्न विवाद पर कहा कि जिस नाम पर स्वीकृति जिला प्रशासन से मिली है, एजेंसी वही नाम अंकित करेंगें। मौके पर सीओ अभिषेक कुमार, उप प्रमुख हरी लाल महतो, पंचायती राज पदाधिकारी सुबोध कुमार, मारेगा बीपीओ शत्रुघन कुमार, चिकित्सा प्रभारी मनीष कुमार, नावाडीह थाना प्रभारी महावीर पंडित, बीपटीएम मोतीलाल रजक, पीएचडी के जेई अकील अहमद, नवीन कुल्लू, एजीएम नरेश कुमार, सांसद प्रतिनिधि मिश्रीलाल महतो, विधायक प्रतिनिधि गणेश महतो आदि मौजूद थे।

## उप प्रमुख ने बांटे बैग और नोटबुक



नावाडीह/बेरमो (आजाद सिपाही)। पलामू उत्क्रमित उच्च विद्यालय में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार की ओर से प्रदत स्कूल बैग और नोटबुक का निःशुल्क वितरण किया गया। यह कार्य नावाडीह उप प्रमुख हरीलाल महतो व मुखिया जलेश्वरी देवी की अगुवाई में संपन्न हुआ। जहां 200 बच्चे-बच्चियों के बीच नोटबुक बांया गया। उप प्रमुख ने कहा कि स्कूल बैग वितरण से विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे-बच्चियों का भी मनोबल बढ़ेगा। बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने व मन लगाकर पढ़ने को कहा। मौके पर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चोलेश्वर महतो, उपाध्यक्ष ललिता देवी, प्रधानाध्यापक वीरेंद्र महतो आदि थे।

**नाराजगी : अधिक सुविधा शुल्क मांगे जाने के विरोध में डीओ धारक व मुंशियों का प्रदर्शन, कहा-**

# मांगें पूरी नहीं हुई तो बीसीसीएल के क्षेत्रों का बंद करा देंगें कोयला उठाव

आजाद सिपाही संवाददाता



प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन करते डीओ धारक और मुंशी।

धनसार। लोदना क्षेत्र के एंटीएसटी और जीनागोरा परियोजना क्षेत्र के लोडिंग पॉइंटों में डीईओ के तहत होनेवाली ट्रकों में कोयला लोडिंग के बदले पांच हजार रुपये अतिरिक्त सुविधा शुल्क बढ़ाने के आदेश से भड़के डीओ धारक एवं मुंशियों ने बुधवार को परियोजना प्रबंधन के खिलाफ लोदना क्षेत्रीय कार्यालय में प्रदर्शन किया। इसके बाद डीओ धारकों ने जीएम के नाम एक मांगपत्र विक्रय प्रबंधक को सौंपा। गौरतलब हो कि लोदना क्षेत्र के लोडिंग पॉइंटों में ट्रकों लोडिंग के लिए आपूर्ति की जानेवाली कोयला के एवज में प्रबंधन की ओर से से एक माह पूर्व प्रति ट्रक पांच हजार रुपया अतिरिक्त सुविधा शुल्क देने का फरमान डीओ धारकों को जारी किया गया है। जिसे कोयला मंडी में मंदी का बाजार होने का हवाला देते हुए अतिरिक्त शुल्क देने से डीओ धारकों ने इन्कार कर दिया था। इसके बाद प्रबंधन ने डिपो में कोयला आपूर्ति करना बंद कर दिया है। डीओ धारकों ने प्रबंधन पर आरोप लगाया है कि कोयला आपूर्ति के एवज में पहले से प्रति ट्रक 35 हजार रुपया अधिकारी को दिया जाता है। अब पांच हजार रुपया और बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। बढ़ी हुई रकम नहीं दिए जाने के चलते प्रबंधन ने एक माह से कोयला आपूर्ति करना बंद कर दिया है। जिससे हार्ड कोक भट्ठा का कार्य प्रभावित हो रहा है। डीओ धारकों ने कहा कि समस्या का अविलंब समाधान नहीं हुआ तो एसोसिएशन के माध्यम से बीसीसीएल के सभी क्षेत्रों से कोयला उठाव बंद करने को बाध्य होंगे। विक्रय प्रबंधक राकेश रंजन ने डीओ धारकों को जीएम से वार्ता कर समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया है। मौके पर उमा सिंह, राजकुमार सिंह, धनंजय विश्वकर्मा, जितेंद्र सिंह, मंटू यादव, पप्पू सिंह, बच्चन सिंह, टिंकू शाह, अजय श्रीवास्तव, सुमित अग्रवाल, प्रवीण तुलस्यान, अमर अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, अनूप सिंह, सुरेंद्र गुप्ता, संजय पाण्डेय, वासुकी तिवारी, बबलू रवानी, राजाबाबू आदि थे ।

## अधिकारों के प्रति बच्चों को जागरूक करना ही हमारा मकसद : अमृत




बोकारो (आजाद सिपाही)। सामाजिक व पर्यावरण संस्था वर्ल्ड ग्रीन लाइन के तत्वावधान में पुराना चास के सामुदायिक भवन में बुधन्वार को अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। जिसमें बालिकाओं को उनके अधिकार के बारे में जागरूक किया गया। युवा सामाजिक कार्यकर्ता अमित कुमार बाउरी ने कहा कि बालिकाओं एवं बच्चों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजन किया जाना आवश्यक हैं। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष प्रीति रंजन ने बच्चों के अधिकारों के साथ पर्यावरण के संरक्षक को लेकर अपनी बातें रखी। मौके पर काजोल कुमारी, बंदना कुमारी, रूपाली कुमारी, शेन्हा कुमारी कुशुम कुमारी और सुजल कुमार आदि उपस्थित थे।

# कलश यात्रा तैयारी का जायजा लेने राजा तालाब पहुंचे हर्ष सिंह

**25 अक्टूबर से जेलगोड़ा स्टेडियम में आयोजित होनी है तीन दिवसीय श्री राम कथा**

आजाद सिपाही संवाददाता



झरिया। रघुकुल परिवार की ओर से जेलगोड़ा स्टेडियम में 25 अक्टूबर से तीन दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन होना है। पहले दिन झरिया के राजा तालाब से कथा स्थल तक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसी को लेकर बुधवार को पूर्णिमा सिंह के मौसेरे देवर सह कांग्रेस नेता हर्ष सिंह राजा तालाब पहुंचे और तालाब का निरीक्षण किया। बताते चलें कि 25 अक्टूबर से झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह व समस्त रघुकुल परिवार की ओर से झरिया विधानसभा अंतर्गत बीसीसीएल के जेलगोड़ा क्रिकेट स्टेडियम में तीन दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन किया गया है। जहां पूज्य राजन जी महाराज द्वारा कथा सुनाई जाएगी। मौके पर झरिया नगर कांग्रेस के अध्यक्ष रत्नेश यादव, पूर्व पार्षद अनूप साव, विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह, गुड्डू सिंह, मलु सिंह, देवेंद्र सिंह, रवि रवानी और मून केशरी आदि उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री मोदी के विचारों को जन-जन तक पहुंचायें : संजय

आजाद सिपाही संवाददाता



घर-घर जाकर लोगों को केंद्र की नीतियों से अवगत कराते भाजपाई।

बोकारो। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर बूथ सशक्तिकरण के दौरान अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति गांव में चलाये जा रहे संपर्क अभियान के तहत भाजपा चास मुफस्सिल मंडल के भतुआ पंचायत के लेवाटांड़ में मंडल अध्यक्ष हरीश चंद्र सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बुधवार को घर-घर संपर्क अभियान चलाया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा व लोगों को जागरूक कर रहे थे। भाजपा जिला महामंत्री सह अभियान के मंडल प्रवासी संजय त्यागी ने कहा कि भापा कार्यकर्ता संपर्क अभियान के माध्यम से बस्तियों में जाकर मोदी मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, आयुष्मान भारत योजना, हर घर नल से जल, उज्ज्वला योजना, उजाला योजना व विश्वकर्मा योजनाओं आदि की जानकारी दी और उन क्षेत्रों में समस्याओं को सूचीबद्ध करने की बात कही। इस कार्यक्रम में भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य सुजीत चक्रवर्ती, लालू मोदी, मणिलाल महतो, असीन रॉय, गोपाल मेहरा, पायल टुडू, हरि मुर्मू, करण मोदी और अभय कुमार आदि मौजूद थे।

**एकत्रित माटी और चावल को सांसद, विधायक व अध्यक्ष को सौंपा**

# धनबाद की जतना व कार्यकर्ताओं के सहयोग से ही कार्यक्रम हो सका सफल : सांसद पशुपतिनाथ सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



धनबाद। भाजपा की ओर से मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत घर-घर से अमृत कलश में एकत्रित किये गए माटी कलश धनबाद विधानसभा के सातों मंडल अध्यक्षों द्वारा सांसद पीएन सिंह, विधायक राज सिन्हा और जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह को शौंपा गया। सांसद पीएन सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम को पार्टी कार्यकर्ताओं ने बहुत ही अच्छे तरीके से संपन्न किया। इस मिट्टी और चावल का उपयोग देश के लिए शहीद हुए जवानों के सम्मान में दिल्ली में बनने वाले अमृत वाटिका मे किया जाएगा। विधायक राज सिन्हा ने कहा की इस कार्यक्रम के दौरान धनबाद के जनता का काफी सहयोग, समर्थन और प्यार मिला है। कार्यक्रम को सफल बनाने मे भाजपा धनबाद के सभी सदस्यों की अहम भूमिका रही। उनके बिना कार्यक्रम को सफल बनाना संभव नहीं होता। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष संजय झा और धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री नितिन भट्ट ने किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष मानस प्रसून, वीरेंद्र हांसदा, महामंत्री श्रवण राय, मंत्री कन्हैया पांडे, मीडिया प्रभारी मिल्टन पार्थ सारथी, युवा मोर्चा अध्यक्ष अमलेश सिंह, राजकुमार मंडल, निर्मल प्रधान, मौसम सिंह, विकास मिश्रा, आनंद खंडेलवाल और नित्यानंद मंडल आदि उपस्थित थे।


**उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला**
**(जिला पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)**
**(जिला खेल कार्यालय)**
*Email id*- sportsgumla@gmail.com

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यकारी निदेशक, झारखण्ड खेल प्राधिकरण, राँची के पत्रांक–213 दिनांक–28.06.2023 के आलोक में खेलों इण्डिया सेन्टर (KICs) हेतु एथलेटिक्स प्रशिक्षण केन्द्र (Existing केन्द्र) में कुल 30 सुयोग्य खिलाड़ियों (15 बालक एवं 15 बालिका) का चयन ट्रायल किया जाना है। जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र० सं० | आयोजन/कार्यक्रम का नाम | निर्धारित आयु सीमा | आयोजन स्थल | रिपोर्टिंग का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | खेलों इण्डिया चयन ट्रायल कार्यक्रम, 2023–24 | 10 से 14 वर्ष तक (बालक/बालिका) | परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम, गुमला। | दिनांक–13 से 14 अक्टूबर, 2023 तक समय–पूर्वाह्न 08 :00 बजे से। |

**नियम व शर्तें :–**
1. आवेदक/खिलाड़ी झारखण्ड राज्य का स्थायी निवासी होना चाहिए।
2. उक्त चयन ट्रायल में भाग लेने प्रतिभागी अपने साथ 1 पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ, आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण–पत्र मूल एवं छायाप्रति साथ लाना अनिवार्य है।
3. यह चयन ट्रायल निःशुल्क है एवं किसी प्रकार का कोई भत्ता देय नहीं होगा।
4. निबंधन हेतु आवेदक आयोजन स्थल के निबंधन काउण्टर से आवेदन प्रारूप प्राप्त करेंगे तथा उसी समय भरकर जमा करेंगे।
5. दिनांक–13 से 14 अक्टूबर 2023 के पूर्वाह्न 08:00 बजे से परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम, गुमला में श्री अलोक कुमार सिंह प्रशिक्षक (मोबाइल नम्बर 8084445454) को रिपोर्टिंग करेंगे।
6. जिला आयोजन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

विश्वासभाजन
जिला खेल पदाधिकारी, गुमला।

PR.NO.308895 District(23-24):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी ।**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–09, वर्ष 2023–24**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी, ।
2. निविदा विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक–17.10.2023 को 11.00 बजे पूर्वाहन् से 3.00 बजे अपराहन् तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक–18.10.2023 के 11.00 बजे पूर्वाहन् से 3.00 बजे अपराहन् तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–18.10.2023 के 3.30 बजे अपराहन्।
5. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी, पोस्ट ऑफिस के बगल में।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :– मद – जिला अनाबद्ध निधि

| ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि | अग्रधन की राषि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | मुरहू प्रखण्ड स्थित बिचना पंचायत अन्तर्गत ग्राम बिचना में बनई नदी के किनारे शेड एवं घाट का निर्माण कार्य। | 24,70,100/– | 50,000/– | 5,000/– | 02 माह। |
| 2 | मुरहू प्रखण्ड स्थित बिचना पंचायत अन्तर्गत आम्रेश्वर धाम के नजदीक पेयजल व्यवस्था हेतु डीप बोरिंग का निर्माण कार्य। | 8,66,800/– | 17,500/– | 1250/– | 01 माह। |

विस्तृत जानकारी के लिए निविदा की शर्त कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
खूँटी ।

PR 308871 Rural Development(23-24)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया**

प्रपत्र संख्या–1

**अल्पकालीन ई– निविदा**

निविदा संख्या :- 09/JMT/2023-24 दिनांक 11-10-2023

| क्र0 स0 | विवरणी: कार्य का नाम | विवरणी: ग्रुप/संख्या | विस्तृत विवरणी: प्राक्कलित राशि | विस्तृत विवरणी: अग्रिम जमानत की राशि | विस्तृत विवरणी: परिमाण विपत्र का मूल्य | विस्तृत विवरणी: कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Running, Repairing, Operation and Maintenance (Civil & Mechanical) excluding Raw Water & Energy Charges for **Reorganization Urban Water Supply Scheme Jhumritelaiya** under D. W. & S. Division Jhumri Telaiya for the year 2023-24 | JMT/ URBAN | 59,45,040/- | 1,19,000.00 | 10,000.00 | 12 Month |
| 2 | बेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि एवं समय | | 14.10.2023 at 5.00 अपराह्न | | | |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | | 25.10.2023 को 5.00 अपराह्न तक | | | |
| 4 | परिमाण विपत्र एवं अग्रिम जमानत की राशि जमा करने की अंतिम तिथि (मूल रूप में) | | 26.10.2023 को 1.00 बजे अपराह्न तक कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया एवं अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, हजारीबाग | | | |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | | 27-10-2023 को 3.00 बजे अपराह्न | | | |
| 6 | निविदा करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 7 | निविदा खोले जाने वाले पदाधिकारी एवं कार्यालय का नाम | | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 8 | निविदा करनेवाले कार्यालय का संपर्क | | 06534-222505 08987463859, ईमेलआईडी – eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com | | | |
| 9 | ई प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं0 | | 0651-2480345 | | | |

- परिमाण विपत्र की राशि घट/बढ़ सकती है।
- स्वीकृत्यादेश की प्रत्याशा में निविदा की जा रही है। स्वीकृत्यादेश के उपरांत ही कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।
- विस्तृत विवरण बेबसाईट http://jharkhand tenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जल ही जीवन है!स्वच्छता प्राण है!

(ई0 अभय टोप्पो)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,झुमरीतिलैया

PR 308891 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

# ‘कृष, ट्रिश और बाल्टिबॉय-भारत हैं हम’ का ट्रेलर लांच

- 19 भाषाओं में रिलीज होने वाली यह सीरीज पूरी दुनिया के दर्शकों तक पहुंचेगी
- केंद्रीय संचार ब्यूरो इस सीरीज से पहली बार राजस्व अर्जित करेगा

## अनुराग ठाकुर ने एनिमेटेड सीरीज की लांच



आजाद सिपाही संवाददाता


**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को ‘कृष, ट्रिश और बाल्टिबॉय (केटीबी)-भारत हैं हम’ का ट्रेलर लांच किया। यह केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और ग्राफिटी स्टूडियो द्वारा निर्मित दो सीजन वाली एक एनिमेटेड सीरीज है। इस सीरीज में 11-11 मिनट के 52 एपिसोड हैं, जिनमें वर्ष 1500 से 1947 तक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की कहानियां शामिल हैं। इस सीरीज की मेजबानी प्रतिष्ठित एनिमेटेड पात्रों कृष, ट्रिश और बाल्टिबॉय द्वारा की गयी है। इस सीरीज का निर्माण ग्राफिटी स्टूडियोज के मुंजाल श्रॉफ और तिलकराज शेट्टी की सह-निमार्ता जोड़ी ने किया है। इस अवसर अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह सीरीज युवाओं को स्वतंत्रता संग्राम के उन गुमनाम, लेकिन महत्वपूर्ण योगदान करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में शिक्षित करने का एक प्रयास है जिन्हें अतीत की शिक्षा प्रणाली ने भुला दिया था और उनका पर्याप्त उल्लेख नहीं किया गया था। इसके साथ ही यह सीरीज उन लोगों की कहानी सामने लाकर युवा पीढ़ी को प्रेरित करने का प्रयास कर रही है जिनके योगदान ने आधुनिक भारत को आकार प्रदान दिया है। यह सीरीज विदेशी भाषाओं सहित कई भाषाओं में रिलीज होगी, जो भाषा की बाधाओं को पार कर इन सेनानियों की कहानियों को पूरी दुनिया के दर्शकों तक पहुंचायेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दूरदर्शन, नेटफ्लिक्स और अमेजॅन प्राइम एक ही समय में इस एनिमेटेड सीरीज का प्रसारण करेंगे। यह ऐसा प्रयास है, जो इससे पहले कभी नहीं किया गया है। इस सीरीज में एक प्रमुख केंद्र बिंदु विदेशी उपनिवेशवादियों के खिलाफ किए गये संघर्ष में महिलाओं और जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को दशार्ना है। उन्होंने यह घोषणा की कि यह सीरीज अगले सत्र के दौरान सभी सांसदों को दिखायी जायेगी। नरेंद्र मोदी के पंच प्रण को दोहराते हुए अनुराग ने लोगों से राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि जहां स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना बलिदान दिया, वहीं आज के युवाओं को भी अमृतकाल से स्वर्णिमकाल तक इस देश को ले जाने में अपना पूरा योगदान देना होगा। इस मौके पर सूचना एवं प्रसारण सचिव अपूर्व चंद्रा ने कहा कि मंत्रालय के लिए यह एक महत्वपूर्ण अवसर है कि वह पहली बार एक ऐसी एनिमेटेड सीरीज शुरू कर रहा है, जिसका उद्देश्य सामान्य रूप से भारत के लोगों और विशेष रूप से देश के बच्चों पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार हो रहा है कि एक व्यय निकाय, केंद्रीय संचार ब्यूरो, राजस्व अर्जित करने के क्षेत्र में शामिल हो रहा है। मुंजाल श्रोल ने दर्शकों को बताया कि इस सीरीज का निर्माण करने में एक हजार से अधिक लोगों ने योगदान दिया है। इस सीरीज का निर्माण 12 भाषाओं हिन्दी (मास्टर) तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, मराठी, गुजराती, पंजाबी, बंगाली, असमिया, उड़िया और अंग्रेजी किया जा रहा है।

## एसएचजी महिलाओं के लिए योजना, 15 हजार माताओं को मिली स्कूटर

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने आज मिशन शक्ति स्कूटर योजना का शुभारंभ किया। भुवनेश्वर के लोकसेवा भवन कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होते हुए मुख्यमंत्री ने उपस्थित स्वयं सहायता समूहों की माताओं से कहा कि आज महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण दिन होगा। आज हमने मातृ सशक्तिकरण के क्षेत्र में एक और कदम आगे बढ़ाया है। मिशन शक्ति माताओं को स्कूटर खरीदने के लिए 1 लाख रुपये तक का ऋण प्रदान करता है। इस कर्ज पर 528 करोड़ रुपये का ब्याज राज्य सरकार भरेगी। इस योजना के तहत 2 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूह की माताओं को स्कूटर मिलेंगे। आज इस योजना के शुभारंभ पर 15 हजार माताओं को स्कूटर दिए गये हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि गति ही शक्ति है। हमारी स्कूटर योजना माताओं के लिए यात्रा को आसान बनायेगी। यह पेशेवर क्षेत्र में नये अवसर भी लायेगा। माताएं बहुत अच्छा काम कर रही हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि माताएं अब और भी बेहतर करेंगी। 70 लाख माताओं की मिशन शक्ति को और मजबूत किया जायेगा। माताओं की गतिशीलता ओड़िशा की प्रगति को नयी गति देगी। मिशन शक्ति ओड़िशा माताओं को सरकारी नौकरी देने वाला देश का एकमात्र राज्य है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सरकारी कार्यों के लिए परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने हेतु ब्लॉक और जिला स्तरीय मिशन शक्ति फेडरेशन की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवहन बल की मदद से उनकी क्षमता बढ़ाई जायेगी। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि हमारा लक्ष्य स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को उद्यमी बनाना है। इसके लिए 150 करोड़ रुपये की ब्याज सब्सिडी सीधे उनके बैंक खातों में दी जा रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने खुर्दा जिले के मां मंगला एसएचजी। और कटक जिले के जय श्रीराम एसएचजी ब्याज सहित चेक सौंप दिया गया। मुख्यमंत्री ने उपस्थित माताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे माताओं पर पूरा भरोसा है। ये माताएं ही हैं जो ओड़िशा में नयी गति, ताकत और प्रगति लेकर आई हैं। मिशन ऊर्जा मंत्री बासंती हेम्ब्रम कार्यक्रम में अतिथियों में से एक थीं और उन्होंने कहा कि गतिशीलता ही सशक्तिकरण है। इसी को ध्यान में रखते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने इस ऐतिहासिक मिशन शक्ति स्कूटर की योजना का शुभारंभ किया है। इस योजना के तहत 2 लाख सामुदायिक कर्मचारियों, व्यापार संवाददाता एजेंटों और कार्यकारी समिति के सदस्यों को अपनी पसंद का स्कूटर खरीदने के लिए 1 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त बैंक ऋण मिलेगा। यह पहल




## एमसीएल जागृति महिला मंडल ने जरूरतमंद महिलाओं को बर्तन सामग्री प्रदान की



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** एमसीएल जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह के नेतृत्व में तथा उपाध्यक्ष अल्पना शुक्ला राव और अंजली बापट के मार्गदर्शन से जागृति महिला मंडल ने कटापाली गांव की दस वृद्धा जरूरतमंद महिलाओं को स्टेनलेस स्टील के बर्तन और खाद्य सामग्री प्रदान किया गया। उन महिलाओं के चेहरों पर मुस्कान लाने के कड़ी के रूप में जागृति महिला मंडल सेवा कार्य में सदा प्रयासरत है तथा भविष्य में ऐसी और भी सेवा कार्य का आयोजन करके और अधिक खुशियां लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## लक्ष्मण सिंह ने अनाथ बच्चों को खाद्य सामग्री व नगद राशि दी



**राजधनवार (आजाद सिपाही)।** पिछले सप्ताह मां की आकश्मिक मृत्यु से अनाथ हुए धनवार प्रखंड के पहाड़पुर गांव के तीन कमउम्र बच्चों को भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने बुधवार को खाद्य सामग्री व नगद राशि देकर आर्थिक सहयोग किया। मिली जानकारी के अनुसार पहाड़पुर निवासी गरीब मजदूर कैलाश सिंह का निधन लगभग एक साल पूर्व हो गया था। लगभग दस दिन पूर्व उसकी पत्नी की भी आकस्मिक आकस्मिक मृत्यु हो गयी। उसके छोटे-छोटे दो पुत्र व एक पुत्री अनाथ हो गये। ग्रामीणों ने आपस मे चंदा कर मृतका का अंतिम संस्कार किया था। भाजपा के पंचायत संयोजक अशोक विश्वकर्मा ने इसकी सूचना भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह को दी तो बुधवार को सिंह पहाड़पुर पहुंचकर आर्थिक बच्चों का सहयोग किया। इस दौरान सिंह ने बच्चों की पढाई में अपनी ओर से मदद करने तथा सरकारी लाभ दिलाने में भी मदद की भी बात कही। ग्रामीणों तथा बच्चों के चाचा को बच्चों का बढियां से देखभाल करने को कहा। उन्होंने गांव वालों से आयुष्मान कार्ड, फ्री राशन आदि चीजों का लाभ मिल रहा है या नहीं, इसकी जानकारी भी ली।










## केयर ने जिंदल स्टेनलेस की क्रेडिट रेटिंग बढ़ायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** देश की नामचीन क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों में शामिल केयर रेटिंग्स ने दीर्घकालिक बैंक सुविधाओं और गैर-परिवर्तनीय ऋण पत्र को लेकर भारत की अग्रणी स्टेनलेस स्टील निमार्ता जिंदल स्टेनलेस की क्रेडिट रेटिंग सुधारकर अअ-/स्थिर से अअ/स्थिर कर दी है, जबकि अल्पकालिक बैंक सुविधाओं से संबंधित रेटिंग केयर ए1+ पर बनी हुई है। जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने इस पर टिप्पणी करते हुए कहा, "केयर रेटिंग्स की ओर से रेटिंग में सुधार किया जाना जिंदल स्टेनलेस के लचीले परिचालन और लाभप्रद प्रदर्शन के लिए जिम्मेदार एंड-टू-एंड सस्टेनेबल सॉल्यूशन पेश करने के हमारे प्रयासों की पुष्टि है। मूल्यवर्धित उत्पादों की हिस्सेदारी बढ़ाने और घरेलू तथा निर्यात बाजार के बीच सुगम परिवर्तनशीलता पर हमारे फोकस ने कंपनी को प्रतिकूल उद्योग चक्र का सामना करने में सक्षम बनाया है। हम परिचालन उत्कृष्टता के माध्यम से इस गति को बनाये रखने के लिए तत्पर हैं। इसके अलावा हम देश में जागरूकता बढ़ाने हेतु स्टेनलेस स्टील को समर्पित एक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। रेटिंग एजेंसी ने कंपनी के प्रदर्शन को देखते हुए अपने दृष्टिकोण में बदलाव किया है। यह बदलाव कंपनी की बिक्री की मात्रा में लगातार सुधार, पिछले दो वर्षों में अनुमान से अधिक ब्याज पूर्व लाभ, पट्टा किराया, मूल्यह्रास और कराधान (पीबीआईएलडीटी) प्रति टन के कारण आया है। एजेंसी ने कंपनी के ऋण मानदंडों में लगातार सुधार पर भी विचार किया। एजेंसी का मानना है कि जिंदल स्टेनलेस ने पिछले तीन वर्षों में अपनी बिक्री मात्रा में स्थिर-स्थिति सुधार दर्ज किया है और उम्मीद जताई है कि जाजपुर, ओडिशा में अतिरिक्त दस लाख टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) क्षमता के चालू होने से अगले दो वर्षों में बिक्री की मात्रा में वृद्धि जारी रहने की संभावना है। जिंदल स्टेनलेस के ग्रुप सीएफओ और कार्यकारी निदेशक ने कहा, जिंदल स्टेनलेस की रेटिंग में सुधार हमारी विवेकपूर्ण पूंजी आवंटन नीति और मजबूत बैलेंस शीट प्रबंधन का प्रमाण है। ऑर्गेनिक और गैर-ऑर्गेनिक पूंजीगत व्यय चक्र में होने के बावजूद, हमारा कर्ज अनुपात उद्योग जगत में सर्वश्रेष्ठ अनुपात में से एक है। हम अपने सभी हितधारकों के लिए मूल्य को अधिकतम स्तर पर पहुंचाने के लिए कुशल कार्यशील पूंजी प्रबंधन और वित्तीय अनुशासन पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखे हुए हैं। केयर रेटिंग्स कॉर्पोरेट क्षेत्र में विनिर्माण संस्थाओं, सेवा संस्थाओं, व्यापारिक संस्थाओं और सार्वजनिक उपक्रम आदि के ऋण मामलों और बैंक सुविधाओं को लेकर रेटिंग जारी करती है। केयर रेटिंग्स ने जिंदल स्टेनलेस का मूल्यांकन करते समय राठी सुपर स्टील लिमिटेड के अधिग्रहण के माध्यम से लंबे स्टेनलेस स्टील उत्पाद तैयार करके अपने उत्पाद पोर्टफोलियो में विविधता लाने को लेकर कंपनी के बढ़ते फोकस पर भी विचार किया। इसके अलावा इंडोनेशिया में निकल पिग आयरन स्मेल्टर में 49% हिस्सेदारी प्राप्त करने के लिए ह्यन्यू याकिंग पीटीई लिमिटेड के साथ एक सहयोग समझौता, जिंदल स्टेनलेस (हिसार) लिमिटेड का जिंदल स्टेनलेस में सफल विलय, प्रतिवर्ष तीन मिलियन टन की मेल्ट क्षमता हासिल करने के प्रयासों और जिंदल यूनाइटेड स्टील लिमिटेड (जेयूएसएल) में 74% शेष हिस्सेदारी के अधिग्रहण पर भी गौर किया गया।

## बालासोर ट्रेन हादसा, 28 लावारिस शवों का अंतिम संस्कार हुआ

### पहले तीन शव को महिलाओं ने मुखाग्नि दी

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के बालासोर ट्रेन हादसे के 4 महीने बाद 28 लावारिस शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। भरतपुर शवागार में मंगलवार शाम से शुरू हुई प्रक्रिया बुधवार सुबह पूरी हो गयी। इस दौरान सीबीआइ के अधिकारी भी मौजूद रहे। एम्स भुवनेश्वर ने नगर निगम को सभी शव को निपटाने की जिम्मेदारी दी थी। पहले तीन शवों को तीन महिलाओं ने मुखाग्नि दी। मधुमिता प्रुस्टी (37) स्मिता मोहंती (53) और स्वागतिका राव (34) ने बताया कि ये शव पुरुषों के थे या महिलाओं के, इनका धर्म या जाति क्या थी हम नहीं जानते। वे इंसान थे और इसी नाते हमने उन्हें सम्मान के साथ विदा किया। हो सकता है ये लोग पूर्वजन्म में हमारे संबंधी रहे हों। बीएमसी की मेयर सुलोचना दास ने बताया कि ये शव पिछले चार महीने से डीप फ्रीजर में रखे-रखे बर्फ में तब्दील हो गये थे। पहचान करना मुश्किल था कि शव महिला का है या पुरुष का। शवों को मुखाग्नि देने और बाद में फूल चुनने के लिए एक एनजीओ की मदद ली गयी।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**